राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 175, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश...03

डेटिंग ऐप के जरिए अपहरण और लूट का खुलासा: 5 आरोपी गिरफ्तार...12

## अरुणाचल हाईवे मुआवजा घोटाला: ईडी की बड़ी कार्रवाई, 2.37 करोड़ की संपत्ति अटैच

**● प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ट्रांस-अरुणाचल हाईवे जमीन मुआवजा घोटाले में 2.37 करोड़ की संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं. यह कार्रवाई पीएमएलए कानून के तहत हुई है. ईडी के अनुसार ये संपत्तियां सरकारी मुआवजे के पैसों की हेराफेरी से बनाई गई थीं जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ईटानगर यूनिट ने ट्रांस-अरुणाचल हाईवे (टीएएच) जमीन मुआवजा घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है. ईडी नेकरीब 2.37 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच (जब्त) कर ली हैं. यह कार्रवाई 23 मार्च 2026 को पीएमएलए कानून के तहत की गई. ईडी का कहना है कि ये संपत्तियां सरकारी मुआवजे के पैसों की हेराफेरी से बनाई गई हैं।

ईडी के मुताबिक, अटैच की गई संपत्तियों में कुरुंग कुमेय जिले के डोलो गांव में करीब 47,350 वर्ग मीटर जमीन (तादर बाबिन के नाम) और कीई पन्योर जिले के याचुली इलाके में स्थित एक पारंपरिक मकान (लिखा माज के नाम) शामिल है. जांच एजेंसी का कहना है कि ये संपत्तियां सरकारी मुआवजे के पैसों की हेराफेरी से बनाई गईं।

**सरकारी खजाने को भारी नुकसान**

यह घोटाला ट्रांस-अरुणाचल हाईवे के पोटिन-बोपी स्ट्रेच के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान हुआ. ईडी की जांच में सामने आया कि असली मुआवजे से कहीं ज्यादा रकम बांट दी गई. फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, करीब 44.98 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुऔ।

**कई बड़े अधिकारियों और निजी लोगों की भूमिका**

इसके साथ ही जांच में कई बड़े अधिकारियों और निजी लोगों की भूमिका सामने आई है. इसमें उस समय के डिप्टी कमिश्नर केमो लोल्लेन, जिला भूमि राजस्व अधिकारी भारत लिंगु, जूनियर इंजीनियर टोको ताजे और कबाक भट्ट जैसे नाम शामिल हैं. आरोप है कि इन्होंने मिलकर फर्जी कागजात बनाए, मुआवजे की रकम बढ़ाकर दिखाई और गलत लोगों के नाम पर पैसे जारी किए. वहीं, लिखा माज और तादर बाबिन को भी फर्जी तरीके से मुआवजा पाने वाला बताया गया है. ईडी का कहना है कि इन लोगों ने पैसे निकालकर उसे अलग-अलग जगहों पर घुमाया, ताकि काले धन को साफ दिखाया जा सकै।

**6 फरवरी को कई जगहों पर छापेमारी**

ईडी इससे पहले 6 फरवरी 2026 को कई जगहों पर छापेमारी कर चुकी है. इस दौरान लिखा माज के पास से 2.40 करोड़ रुपए नकद और तादर बाबिन के पास से 22 लाख रुपए बरामद हुए थे. इसके अलावा करीब 1.19 करोड़ रुपये बैंक खातों में फ्रीज किए गए थे.अब तक इस मामले में ईडी कुल मिलाकर करीब 10.13 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति को अटैच, जब्त या फ्रीज कर चुकी है।

ईडी ने पहले 2024 में इस मामले में एक आरोपपत्र भी दाखिल किया था, जिस पर कोर्ट संज्ञान ले चुका है. अब नई जांच में और लोगों की भूमिका सामने आ रही है. एजेंसी का कहना है कि आगे भी इस मामले में और खुलासे हो सकते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में धूल प्रदूषण पर सख्ती! सीएक्यूएम ने दिए सख्त निर्देश, 1 अप्रैल से नए नियम लागू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने कमर कस ली है। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान आयोग के तकनीकी सदस्य डा एस डी अत्री ने अपने ''निर्देश संख्या 97'' के सख्त कार्यान्वयन की घोषणा की इसमें एक अप्रैल से लागू होने वाले इस नियम के तहत निर्माण और तोड़फोड़ (सीएंडडी वेस्ट) से निकलने वाले मलबे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान अनिवार्य कर दिया गया है।

**प्रमुख बदलाव और अनिवार्य शर्तें**

अत्री ने स्पष्ट किया कि निर्माण क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए कई कदम उठाए जाएंगे- एनसीआर के सभी नगर निकायों और विकास प्राधिकरणों को अपने अधिकार क्षेत्र में हर 5×5 किमी के दायरे में कम से कम एक ई कचरा संग्रहण केंद्र स्थापित करना होगा। 200 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्र वाली सभी निर्माण परियोजनाओं को बिल्डिंग प्लान की मंजूरी मिलने से पहले यह बताना होगा कि वहां से अनुमानित कितना कचरा निकलेगा।निर्माण या तोड़फोड़ के बाद कचरे को निर्धारित संग्रहण केंद्र पर जमा करना होगा, जहां से एक रसीद जारी की जाएगी। यदि प्रोजेक्ट संचालक यह रसीद दिखाने में विफल रहता है, तो उसे कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा और भारी पर्यावरणीय मुआवजा (ईसी) भी वसूला जाएगा।

## गुजरात: हॉस्टल में मासूमों के साथ हो रहा था गंदा काम, शिकायत दर्ज



**ब्यूरो प्रयागराज।** गुजरात के भावनगर जिले के पालिताना गांव में स्थित एक हॉस्टल में नाबालिग बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है. मामले में एक बच्चे के पिता ने हॉस्टल के अधीक्षक के खिलाफ पालिताना टाउन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, यह पूरी घटना तब सामने आई जब बच्चे ने यह बात बोलकर नहीं बल्कि लिखकर बताई है. घटना के बारे में पता चलने पर पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस बारे में पीड़ित बच्चे के पिता ने बताया कि उनका बच्चा पहले पालिताना के एक हॉस्टल में 4, 5 और 6 क्लास तक पढ़ता था. फिर सातवीं क्लास में उसे वापस राजकोट ले जाया गया. लेकिन फिर उसे 8, 9 और 10 क्लास के लिए फिर से पालिताना हॉस्टल में पढ़ने के लिए भेज दिया गया। बच्चे के पिता ने कहा कि उन्होंने बच्चे को धर्म, संस्कार और पढ़ाई के मकसद से पालिताना भेजा था. 10वीं के एग्जाम खत्म होने के बाद, उनका बच्चा और उनके दोस्त मौज मस्ती करने प्लानिंग कर रहे थे. उसी दौरान बच्चे ने पिता के मित्र जो भावनगर में ही रहते है, हाथों से लिखे एक नोट की फोटो वाट्सएप पर भेज दी, और दोस्त ने पीड़ित बच्चे के पिता को फॉरवर्ड कर दी यह कह कर की उसकी पत्नी को इस बारे में कुछ न बताए और तुरंत भावनगर आ जाए।

शिकायतकर्ता ने बताया कि हॉस्टल के अधीक्षक ने मेरे बच्चे के साथ गलत काम किया. मेरे बच्चे ने बताया कि यह काम 8वीं, 9वीं और 10वीं क्लास के बच्चों के साथ होता है. हमने अब इस बारे में शिकायत डीएसपी के पास भी दर्ज करा दी है.यह शिकायत पॉक्सो (POCSO) के सेक्शन 115 (1), सेक्शन 4 और 6 और जुवेनाइल एक्ट के सेक्शन 75 के तहत ली गई है।


## संक्षिप्त ख़बरें

### रोशन नगर ग्राम पंचायत की गौशाला में गोवंशीय पशुओं की दुर्दशा, जिम्मेदार बेखबर



**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक गोला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली रोशन नगर ग्राम पंचायत की गौशाला में गोवंशीय पशुओं की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, गौशाला में न तो पशुओं के लिए पर्याप्त हरा चारा उपलब्ध है और न ही स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई है, जिसके चलते गोवंशीय पशु भूख-प्यास से तड़पने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मामले में जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम प्रधान एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आ रहे हैं। ब्लॉक गोला के वीडियो (ग्राम पंचायत अधिकारी) और ग्राम प्रधान दोनों ही इस स्थिति से अनजान बनने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।सूत्रों के अनुसार, गौशाला के पास ही गोवंशीय पशुओं की सामूहिक कब्रें भी पाई गई हैं, जो इस बात का संकेत देती हैं कि पशुओं की लगातार मौत हो रही है। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि पशु संरक्षण के दावों पर भी सवाल खड़े करती है।

### आपसी विवाद में युवक पर जानलेवा हमला




**कानपुर।** दिनांक 27.03.2026 को थाना चकेरी क्षेत्र के अहिरवां में आपसी विवाद के चलते एक युवक पर कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस संबंध में घायल की तहरीर के आधार पर थाना चकेरी पर अभियोग पंजीकृत किया जा चुका है। तहरीर में तीन नामजद अभियुक्त दर्शाए गए हैं। घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है तथा प्रकरण की विवेचना प्रचलित है। घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। शीघ्र ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## मलिहाबाद में दबंग प्रधान पर गंभीर आरोप, हमले की आड़ में रचा झूठा मुकदमा?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मलिहाबाद -लखनऊ** लखनऊ के मलिहाबाद थाना क्षेत्र स्थित बिराहिमपुर ग्राम पंचायत के प्रधान रामशंकर एक बार फिर विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन पर हुए अज्ञात लोगों द्वारा हमले के मामले में अब खुद प्रधान की भूमिका पर ही सवाल खड़े होने लगे हैं। आरोप है कि दबंग छवि वाले प्रधान ने रंजिश के चलते निर्दोष लोगों को फंसाने के लिए झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि 23 मार्च 2026 की रात करीब 10:30 बजे प्रधान रामशंकर ने अपने ऊपर अज्ञात लोगों द्वारा हमले की तहरीर दर्ज कराई थी। इस घटना के बाद दर्ज कराई गई एफआईआर में कई लोगों को नामजद किया गया, लेकिन अब इनमें शामिल युवक आदित्य प्रताप सिंह व पूर्व प्रधान विमल रावत ने पूरे मामले को साजिश करार दिया है। आदित्य प्रताप सिंह, निवासी रामपुर बस्ती, थाना मलिहाबाद, का कहना है कि उनका इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है और उन्हें जानबूझकर फंसाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधान ने पुरानी रंजिश के चलते उनका नाम झूठे तरीके से एफआईआर में डलवाया है। आदित्य के अनुसार, घटना के समय वह अपने घर पर मौजूद थे और इसकी पुष्टि उनके मोबाइल फोन की लोकेशन तथा इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से की जा सकती है। उन्होंने पुलिस से इन साक्ष्यों की जांच कराने की मांग की है। व प्रधान के भी कॉल डिटेल्स, व हमले वाले स्थान के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेजेस की जांच की मांग की है।

वहीं पूर्व प्रधान विमल रावत का भी नाम FIR में दर्ज है, उन्होंने ने भी कहा है कि जिस समय दबंग प्रधान रामशंकर हमले की बात कह रहा है तब वह अपने घर पर मौजूद थे उनका कहना है कि पुलिस उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेजेस चेक करे, ताकि यह साफ हो सके कि असल में इस घटना से उनका कोई ताल्लुक नहीं है स्थानीय लोगों के बीच भी यह चर्चा है कि प्रधान की दबंगई के चलते कई बार विवाद की स्थिति बनती रही है। ऐसे में इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि प्रधान ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर विरोधियों को फंसाने की कोशिश की है।

आदित्य ने यह भी कहा कि इससे पहले भी उनका नाम इसी तरह अन्य मामलों में गलत तरीके से जोड़ा गया था। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और झूठा मुकदमा दर्ज कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वह उच्च अधिकारियों और न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सम्बंधित प्रकरण में हमारे संवाददाता द्वारा एडीसीपी उत्तरी ऋषभ रुनवाल से पूरे मामले में बात की गई उन्होंने जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## 'शादीशुदा पुरुष का बालिग के साथ लिव-इन में रहना जुर्म नहीं', इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक बड़ा और साफ फैसला सुनाया है. कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर कोई शादीशुदा आदमी किसी बालिग महिला के साथ उसकी मर्जी से लिव-इन में रहता है, तो इसे अपराध नहीं माना जा सकता। कोर्ट का कहना है कि नैतिकता क्या कहती है और कानून क्या कहता है, ये दोनों बातें अलग हैं. अगर कोई कानून नहीं टूटा है, तो सिर्फ सामाजिक सोच के आधार पर किसी पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता. कोर्ट ने अगले आदेश तक याचिकाकर्ता जोड़े की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए पुलिस को उन्हें सुरक्षा देने का आदेश दिया है।

यह आदेश जस्टिस जेजे मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की डिविजन बेंच ने याचिकाकर्ता अनामिका और नेत्रपाल की क्रिमिनल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है. कोर्ट ने पुलिस को आदेश दिया गया है कि उन्हें गिरफ्तार न किया जाए। इसके साथ ही, कोर्ट ने महिला (अनामिका) के घरवालों को भी कड़ी चेतावनी दी है. परिवार का कोई भी सदस्य इस जोड़े को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाएगा. वे न तो उनके घर में घुसेंगे और न ही फोन, मैसेज या किसी तीसरे बंदे के जरिए उनसे संपर्क करने की कोशिश करेंगे।

सुरक्षा के मामले में कोर्ट ने शाहजहांपुर के पुलिस कप्तान (SP) को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया है. कोर्ट ने कहा कि जोड़े की हिफाजत करना पुलिस का फर्ज है. इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में 'शक्ति वाहिनी' वाले केस में पहले ही साफ नियम बनाए हुए हैं। कोर्ट ने रजिस्ट्रार (अनुपालन) को निर्देश दिया है कि वो इस आदेश की सूचना पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर और थाना प्रभारी पुलिस थाना जैतीपुर को दोनों को ही मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शाहजहांपुर के माध्यम से अगले 24 घंटों के अंदर भेज दें. अब इस पूरे मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी।

## कमजोर बच्चों की पहचान के लिए दिल्ली सरकार चलाएगी विशेष अभियान, 1098 हेल्पलाइन नंबर के प्रति बढ़ेगी जागरूकता



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार अप्रैल में पूरे शहर में एक अभियान चलाएगी, ताकि कमजोर बच्चों की पहचान की जा सके, उन्हें वेलफेयर स्कीम से जोड़ा जा सके और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके। महिला और बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी), नान-प्राफिट संस्थाओं के साथ मिलकर, झुग्गी-झोपड़ी इलाकों में रहने वालों को मौजूद सपोर्ट सिस्टम के बारे में जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाएगा।

विभाग की जानकारी के अनुसार 2023 में चाइल्ड हेल्पलाइन के इमरजेंसी नंबर 112 के साथ मर्ज होने के बाद, 2023 और 2025 के बीच 2,18,699 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 14,684 मामले डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट्स (डीसीपीयूए) को भेजी गई। इनमें बच्चों के साथ गलत व्यवहार की 4,249, काउंसलिंग सपोर्ट की 1,951, लापता बच्चों से संबंधित 1,984 और बच्चों और परिवार से जुड़े मामले 1,114) शामिल थे।

## बेहजम ब्लॉक क्षेत्र में उखड़ी सड़क और गहरे गड्ढों में हिचकोले खा रहे वाहन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नीमगांव खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के अंतर्गत बेहजम ब्लॉक क्षेत्र में सड़कों के हालात खराब हैं लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है,रखरखाव में लापरवाही व भारी बारिश से ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें बदहाल हो गई हैं। कदम-कदम पर बने जानलेवा गड्ढे और उसमें भरा बारिश का पानी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। तरुण मित्र संवाददाता ने शनिवार को बेहजम विकास खंड के पैला-नगरा मार्ग व,नीमगांव से देवरी गांव व नीमगांव कस्बे से होते हुए सेहरुआ कस्बें तक व गुलौला से नीमगांव जानें वाला मार्ग की पड़ताल की। ये सभी सड़कें बदतर हालत में हैं।

ब्लाक मुख्यालय को जोड़ने वाली नीमगांव कस्बे-देवरी सड़क वर्षो से उपेक्षा का शिकार है। करीब 2 किमी लंबी सड़क का निर्माण कई वर्षो पहले मंडी समिति के द्वारा कराया गया था,यह मार्ग कई वर्षो से जर्जर है और सड़क पर जानलेवा गड्ढे है,कई वर्षो से ग्रामीण मार्ग के निर्माण कराने की मांग कर रहे हैं,लेकिन किसी न इस और ध्यान नहीं दिया।

क्षेत्र के हरिनाम सिंह, लाल मोहम्मद,अंकित दीक्षित,पंकज पांडे,आदि ने कहा कि नीमगांव कस्बे के चमन चौराहा से होते हुए प्रतापपुर होते हुए कैमहरा कस्बें से जोड़ने वाला मार्ग भी जर्जर हालत में और इस मार्ग पर जानलेवा गड्ढे है। साथ ही पैला, सुजौलापुर, देवरी, मूड़ा बुजुर्ग, प्रतापपुर, सुनौरा, जैतापुर आदि गांव को भी जोड़ती है। वर्तमान में पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है। संज्ञान में लाने के बाद भी विभागीय अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।


## बड़ोखर पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण मे घटिया सामग्री से बनाने का आरोप



**कोरांव प्रयागराज।** यमुनापार के बड़ोखर मे मेन रोड से बाजार तक पीडब्ल्यूडी पक्की सड़क निर्माण कार्य कराया गया है स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क निर्माण बहुत ही घटिया सामग्री से कराया जा रहा है जो महीने से पहले ही ध्वस्त हो जायेगी युवा समाजसेवी और भावी जिला पंचायत सदस्य प्रमोद तिवारी का कहना है कि जो पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पक्की सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है बहुत ही घटिया सामग्री से कराया गया है सड़क मे भारी भ्रष्टाचार हुआ है मानक के आधार पर सड़क नही बनाई गई है जिसके कारण स्थानीय लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है।

## सीतापुर शिक्षण संस्थान में परीक्षक से अभद्रता व मारपीट का आरोप, LUACTA सख्त; प्रायोगिक परीक्षाएं निरस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के एक शिक्षण संस्थान में बी.एड. प्रायोगिक परीक्षा के दौरान गंभीर अनियमितताओं और परीक्षक के साथ अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षक डॉ. नितिन पांडेय जब परीक्षा सम्पन्न कराने संस्थान पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि कुछ छात्र मोबाइल, व्हाट्सएप और टैबलेट के माध्यम से नकल कर रहे हैं। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से डॉ. पांडेय ने इस स्थिति का वीडियो बनाना शुरू किया। आरोप है कि इसी बात से आक्रोशित होकर संस्थान प्रबंधन और कुछ शिक्षकों ने उनके साथ अभद्रता की, मारपीट की तथा उन्हें धमकाया। घटना के दौरान उनका मोबाइल फोन भी छीन लिए जाने की बात सामने आई है। इस पूरे घटनाक्रम को परीक्षक के साथ गंभीर हादसे के रूप में देखा जा रहा है, जिसने शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को संज्ञान में लेते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (LUACTA) ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। संघ ने स्पष्ट कहा है कि शिक्षकों की गरिमा और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इसी क्रम में 27 मार्च 2026 को आयोजित परीक्षा समिति की बैठक में अहम निर्णय लिए गए। समिति ने 23 मार्च 2026 को संबंधित शिक्षण संस्थान में आयोजित सभी बी.एड. प्रायोगिक परीक्षाओं को निरस्त कर दिया है। अब ये परीक्षाएं आरएमपी महाविद्यालय, सीतापुर में पुनः आयोजित कराई जाएंगी, जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने तक संबंधित शिक्षण संस्थान को सभी प्रकार के परीक्षा कार्यो से वंचित रखने का निर्णय लिया गया है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि यदि मामले में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई, तो शिक्षक संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि शिक्षा व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए दोषियों को हर हाल में दंडित किया जाना आवश्यक है।

# संक्षिप्त खबरें

## सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने गैस सिलेंडर की भारी कमी को लेकर उपजिलाधिकारी बिसवां को सौंपा मांग पत्र



**बिसवां (सीतापुर)** उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने गैस सिलेंडरों की भारी कमी को लेकर उपजिलाधिकारी बिसवां को मांग पत्र सौंपा। सफाई कर्मियों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से गैस सिलेंडर प्राप्त करने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष बृजपाल वाल्मीकि, सफाई कर्मचारी पूरे दिन गैस एजेंसियों की लाइन में खड़े रहने के बावजूद सिलेंडर प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इससे उनके दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और शहर की सफाई व्यवस्था भी बाधित हो रही है। पदाधिकारियों ने मांग की कि सफाई कर्मचारियों के लिए अलग से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए, ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष बृजपाल वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि, दीपक वाल्मीकि, रूपेश वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, रंजीत वाल्मीकि, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपी के 1.50 लाख बच्चों की चमकेगी किस्मत, योगी सरकार 1 अप्रैल से शुरू करने जा रही स्पेशल अभियान

### 1.5 लाख से अधिक ड्रॉपआउट बच्चों को जोड़ना लक्ष्य।



**लखनऊ।** प्रदेश में 1.50 लाख से अधिक ड्रापआउट बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ने के लिए 'स्कूल चलो अभियान' का आगाज एक अप्रैल से किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर चलाने को कहा है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा की ओर से जारी आदेश के अनुसार, शैक्षिक सत्र 2026-27 में अभियान दो चरणों में संचालित होगा। पहला चरण एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण एक जुलाई से 15 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा से जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा। यू-डायस आंकड़ों के मुताबिक परिषदीय विद्यालयों में करीब 1,50,660 बच्चे ड्रापआउट श्रेणी में चिन्हित हैं। इन बच्चों की पहचान और नामांकन के लिए शारदा ऐप में 'ड्राप आउट स्टेट्स ' नाम से नया माड्यूल जोड़ा गया है। इसके जरिए शिक्षकों को ड्रापआउट बच्चों की सूची मिलेगी, जिनका नामांकन सुनिश्चित करना होगा। यदि कोई बच्चा पहले से ही विद्यालय में पढ़ रहा है, तो उसकी स्थिति एप पर अपडेट करनी होगी। वहीं, यदि छात्र किसी अन्य स्कूल में नामांकित है तो संबंधित विद्यालय का यू-डायस कोड दर्ज करना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभियान के साथ इस प्रक्रिया को अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए, ताकि सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके।

## उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में ओलावृष्टि से 244.23 हेक्टेयर फसल की हुई क्षति, किसानों को मिल रही सहायता

**लखनऊ।** प्रदेश में बीते कई दिनों तक खराब मौसम व ओलावृष्टि के 21 जिलों में कुल 244.23 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल इसका संज्ञान लेकर सभी जिलाधिकारियों को अन्नदाताओं के नुकसान की भरपाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में आपदा से प्रभावित 286 किसानों को अब तक 13,34,217 रुपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। वहीं, अतिवृष्टि (अधिक वर्षा) के चलते स्थिति अधिक गंभीर रही। प्रदेश के 17 जिलों में 4053.11 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस दौरान कुल 14,207 किसान प्रभावित हुए, जिनमें से 9,992 किसानों को अब तक 4,47,24,779 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके अलावा, बीते दिनों 15 से 25 मार्च तक हुई बेमौसम भारी वर्षा से सहारनपुर के पांच गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई, जिसमें 44 किसान प्रभावित हुए हैं। ललितपुर की तीन तहसीलों में 1650.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल क्षति दर्ज की गई है, जिसमें कुल 3142 किसान प्रभावित हुए हैं। सरकार सभी जिलों में फसल क्षति का आकलन करा रही है, जिससे पात्र किसानों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाई जा सके।

# स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश

● अमृत भारत योजना के तहत प्रगति की समीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार को लालगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित इंजीनियरों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीआरएम शाम करीब 5:05 बजे स्टेशन पहुंचे और प्लेटफॉर्म सहित पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टिन शेड निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों की सुरक्षा व्यवस्था ठीक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण स्थल को पूरी तरह घेरकर सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो और यात्रियों को असुविधा न उठानी पड़े। इसके अलावा उन्होंने पार्किंग और स्टेशन के बीच स्टेप ब्रेकवे बनाने के निर्देश भी दिए। वीआईपी लॉज का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सोफों के कवर बदलने, पर्दों को ठीक करने और साफ-सफाई में सुधार के निर्देश दिए।

स्टेशन की पुरानी कैंटीन के संबंध में भी डीआरएम ने मातहतों को फाइल निकलवाकर समीक्षा करने को कहा और आवश्यकता पड़ने पर नया टेंडर जारी कर किसी अन्य को संचालन देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिक अनिल कुमार यादव और पंकज कुमार ने पैसेंजर ट्रेनों के समय में बदलाव की मांग उठाई। साथ ही कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों को पुनः संचालित करने की बात भी कही। इस पर डीआरएम ने आश्वासन दिया कि रेलवे बोर्ड से पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मीडिया से बातचीत में डीआरएम ने बताया कि यह उनका नियमित निरीक्षण है और पिछली बार की तुलना में कार्य में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि प्लेटफॉर्म और बाहरी परिसर दोनों स्थानों पर तेजी से काम चल रहा है और जल्द ही निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। इस मौके पर डीओएम रजनीश श्रीवास्तव, सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी, जेई अभिषेक कुमार, स्टेशन अधीक्षक शंभूनाथ सोनकर समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सकरन ब्लॉक के 67 विद्यालय बने निपुण, जनपद में प्रथम स्थान



**बिसवां (सीतापुर)** ब्लॉक संसाधन केंद्र सकरन में निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। वितरण खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह द्वारा किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने बताया कि सकरन ब्लॉक के कुल 135 विद्यालयों में से 67 विद्यालय निपुण विद्यालय के मानकों पर खरे उतरे हैं, जो लगभग 49.67 प्रतिशत है। इस उपलब्धि के साथ सकरन ब्लॉक ने जनपद सीतापुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है तथा भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर ए आरपी राजेश कुमार मिश्रा, गिरीश विश्वकर्मा, राघव राम वर्मा, विनोद कुमार, भानु कुमार वर्मा, धीरेंद्र पटेल, चिन्मय मिश्र, विभव अवस्थी, फरीद गौरी, कृष्णकांत सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## गांव में घरेलू बिजली कनेक्शन से दुकान चलाने वालों को मिले राहत, उपभोक्ता परिषद की मांग

**लखनऊ।** ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू कनेक्शन वाली बिजली का ही घर में बनी दुकान में इस्तेमाल करने की सशर्त अनुमति मिल सकती है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस संबंध में विद्युत नियामक आयोग के साथ ही राज्य सरकार से मांग की है। परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि दो किलोवाट तक 200 यूनिट बिजली खर्च करने वाले संबंधित उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पूर्व में पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने आयोग को सुझाव दिया था, लेकिन उसे अब तक लागू नहीं किया गया है। गांव में लगभग 15 से 20 लाख ऐसे घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं जिनके द्वारा आजीविका के लिए घर के ही एक हिस्से में किराना आदि की दुकान संचालित की जा रही है।

# नेशनल पीजी कॉलेज के छात्रों ने सीखे आत्मनिर्भर के गुण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर,** नेशनल पीजी कॉलेज, लखनऊ के बीएससी अंतिम वर्ष (2026) के लगभग 60 छात्र-छात्राओं ने आज चंद्रभानु गुप्ता कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बख्शी का तालाब में आयोजित शैक्षिक भ्रमण के दौरान कृषि एवं स्वरोजगार से जुड़े अनेक व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह भ्रमण वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अविजीत चैटर्जी तथा जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मधुमक्खी पालन, ऑर्गेनिक खाद निर्माण, फूड प्रिजर्वेशन, बायोगैस, अदरक एवं पुष्पों के एक्सट्रैक्ट तैयार करना, फलों की जेली बनाना तथा औषधीय पौधों की खेती जैसे महत्वपूर्ण कौशलों को सीखा। चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के सह- आचार्य एवं आईक्यूएसी डायरेक्टर डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने मधुमक्खी पालन एवं जैविक कीट प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को जैविक प्रबंधन, कीटों के पहचान के तरीके, गोबर गैस तथा इंडस्ट्रियल एंटोमोलॉजी के विषय में भी जागरूक किया डॉक्टर सिंह ने बताया कि आज की वैश्विक समय के लिए गोबर गैस कि अहम आवश्यकता है। डॉ. हृदय नारायण तिवारी ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की विधि समझाई, जबकि डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह ने मुर्गी पालन एवं डेयरी प्रबंधन (पशुओं का भोजन, प्रजनन एवं रोग) पर विस्तार से जानकारी दी।

इसी क्रम में डॉ. दीपक पांडे, डॉ सुधाकर सिंह और डा एस सी चंदा ने मौसम विज्ञान से जुड़े उपकरणों—इवेपोरीमीटर, सॉइल टेम्परेचर डिवाइस, विंड वेन एवं मौसम वेधशाला—का परिचय कराया। भोजन उपरांत विद्यार्थियों को डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव ने फूड प्रिजर्वेशन के अंतर्गत अदरक व फूलों के एक्सट्रैक्ट तथा फलों की जेली बनाने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इंजीनियर विपुल अग्रवाल ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए फूड प्रोसेसिंग कर स्वरोजगार की ओर प्रेरित किया द्य

डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय ने वैल्यू एडेड कोर्स के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के अवसरों पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि महाविद्यालय में वर्मी कंपोस्ट, मशरूम कलचर, मधुमक्खी पालन और फूड प्रोसेसिंग से संबंधित डिप्लोमा कोर्सेज भी संचालित किए जाते हैं जिसका छात्र-छात्राएं लाभ उठा सकते हैं और स्वावलंबी बन सकते हैं। इस शैक्षिक भ्रमण में जंतु विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना सिंह एवं वनस्पति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर अनुज सिंह भी उपस्थित रहे। भ्रमण का समापन राष्ट्रगान से हुआ

सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण अनुभव भी साबित हुआ।

# संकुल धरैंचा के विद्यालय नेवादा देवमन में परीक्षाफल वितरण एवं वार्षिकोत्सव तथा विदाई समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

● अपने लक्ष्य को पाने के लिए परिश्रम आवश्यक है:- संतोष कुमार मिश्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद सीतापुर** विद्यालयों में सत्र समापन की ओर है इस अवसर पर सभी विद्यालयों में परीक्षा फल वितरण अध्यापक अभिभावक बैठक एवं वार्षिकोत्सव तथा कक्षा 5 और कक्षा 8 के बच्चों का विदाई समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है इसी क्रम में संकुल धरैंचा के समस्त 23 विद्यालयों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम मनाए जा रहे हैं तथा जिन विद्यालयों में आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं वहां उत्सव भी उत्सव के रूप मनाया गया ,परीक्षा फल वितरण तथा वार्षिकोत्सव में शिक्षा अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी हो रही है जिसके द्वारा 6 से 14 वर्ग के बच्चों को विद्यालयों में नामांकित तथा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित कराने की मुहिम चल रही है जिसका विधिवत उद्घाटन 1 अप्रैल को किया जाएगा इसी क्रम में धरैंचा संकुल के विद्यालय कंपोजिट नेवादा देवमन में परीक्षाफल वितरण एवं वार्षिकोत्सव तथा विदाई समारोह कार्यक्रम के साथ अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया इस अवसर पर मार्च माह में जन्म तिथि वाले बच्चों का जन्म दिन केक काटकर खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने मनाया इस अवसर पर पहले से मौजूद नोडल ए आर पी संजीव पटेरिया ने भी बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया जबकि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चाहे जितनी मेहनत करनी पड़े उससे कभी पीछे न हटें कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और सरकार द्वारा जो सुविधाएं दी जा रही हैं उनका लाभ उठाएं, खंड शिक्षा अधिकारी तथा नोडल ए आर पी संजीव पटेरिया एवं प्रधानाध्यापक काजिम हुसैन ने बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और मार्च माह में जन्म दिन वाले बच्चों का जन्म दिन भी मनाया, श्री मिश्र ने विद्यालय के सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को परीक्षाफल वितरित किया जबकि प्रधानाध्यापक ने सभी बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया जबकि नव प्रवेशी बच्चों को टीका लगाकर सहायक अध्यापिका शशि शुक्ला ने स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा आठ में प्रथम स्थान



प्राप्त करने वाली छात्रा कृतिका मिश्रा तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली काजल को खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने पुरस्कृत करके सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन काज़िम हुसैन ने किया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका शशी शुक्ला, आरफा खातून, हुदा अमरीन, अवधेश कुमार, गायत्री मिश्रा तथा रसोइया सतीश कुमार, वैजन्ती ,सुमन मिश्रा एवं अभिभावक भी मौजूद रहे। विद्यालय की ओर से बच्चों को विशेष भोजन, मिष्ठान,केक आदि भी वितरित किया गया। अंत में काज़िम हुसैन तथा समस्त स्टाफ ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया, जबकि उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों तथा अभिभावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी तथा नोडल ए आर पी का करतल ध्वनि से स्वागत किया।

## ढलान पर लुढ़की बोलेरो, बुजुर्ग महिला की मौत से गांव में मातम

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर कोटहा गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में वृद्ध महिला की जान चली गई। ढलान पर खड़ी एक बोलेरो अचानक लुढ़कने लगी और उसकी चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव निवासी श्रीकृष्ण के अनुसार, शनिवार सुबह उनकी मां शिवनाथा (62) पत्नी बिन्दादीन सड़क पार कर पड़ोस के घर जा रही थीं। तभी ढलान पर खड़ी दिलीप पुत्र शिवमोहन की बोलेरो अचानक चल पड़ी। महिला संभल पातीं, इससे पहले ही वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि बोलेरो में एक बालक सवार था और संभवतः हैंड ब्रेक हटने के कारण वाहन लुढ़क गया, जिससे यह हादसा हुआ। अचानक हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। परिजनों के अनुरोध पर शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

## गैस सिलेंडर की लाइनें घटीं, अब केवाईसी बनी नई परेशानी

● केवाईसी के लिए उपभोक्ता रहे भटक,पांच सौ से अधिक गैस सिलेंडर वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए लगने वाली लंबी कतारें अब धीरे-धीरे कम हो रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आंशिक राहत मिली है। हालांकि अब नई समस्या के रूप में KYC (केवाईसी) सामने आ गई है, जिसके चलते कई लोग परेशान होकर इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।

शनिवार को नगर के बाईपास स्थित गैस एजेंसी पर 500 से अधिक उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरित किए गए। इससे पहले यहां कई दिनों तक लंबी कतारें लगी रहती थीं। एजेंसी कर्मचारियों के अनुसार, 17 मार्च तक बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध करा दिए गए हैं, जबकि रविवार को 18 मार्च तक बुकिंग कराने वालों को वितरण किया जाएगा।

सिलेंडर मिलने से लोगों को राहत जरूर मिली है, लेकिन KYC प्रक्रिया ने नई दिक्कत खड़ी कर दी है। रविवार को भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता KYC कराने एजेंसी पहुंचे, लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सभी जरूरी दस्तावेज होने के बावजूद उनकी KYCप्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है।

एजेंसी परिसर में सिलेंडर वितरण की भीड़ कम रही, लेकिन KYCकाउंटर पर लोगों की लंबी लाइनें देखने को मिलीं। कई लोग सुबह से लाइन में लगे रहे, फिर भी उनका काम नहीं हो सका। इनमें बड़ी संख्या में महिला उपभोक्ता भी शामिल रहीं। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि KYC प्रक्रिया को सरल बनाया जाए और इसके लिए अलग से व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी और भटकाव का सामना न करना पड़े। नगर की इंडियन गैस एजेंसी में फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है और पहले से बुक किए गए सिलेंडरों का वितरण जारी है।

# सांसद राकेश राठौर ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां सीतापुर** सीतापुर जनपद के बिसवां विधान सभा क्षेत्र के बहेरवा गांव मे आज इतिहास खुद को दोहराने नहीं बल्कि बदलने की तैयारी मे है। गरीब मुसलमानो के श्रम, संघर्ष और स्वाभिमान से स्थापित डां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कांग्रेस सांसद राकेश राठौर द्वारा किया जाना केवल औपचारिक कार्यक्रम नही बल्कि सामाजिक न्याय की नयी इबारत लिखने का संकल्प है। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद राकेश राठौर ने कहा बहेरवा की यह धरती आज गवाह बन रही है कि जब सबसे हाशिए पर खड़े लोग खुद अपने नायको को स्थापित करते है तो वह सत्ता के गलियारो को चुनौती देने वाली क्रांति बन जाती है और डां अंबेडकर के नाम पर सिर्फ राजनीति करने वालो के लिए तबाही का पैगाम बन जाती है , सांसद राठौर ने कहा सीतापुर जहां दलित और मुसलमान बहुसंख्यक है वहीं भाजपा , सपा और बसपा ने हमेशा संख्या मे बड़ा लेकिन हक मे छोटा बनाए रखा , आज का यह आयोजन ऐसी ताकतो की साजिश के खिलाफ एक प्रतिरोध है , इस आयोजन का साफ संदेश है की अब संख्या सिर्फ वोट नही अधिकार की राजनीतिक ताकत बनेगी , उन्होने कहा हमारा संविधान तभी जिंदा रहेगा जब उसे जीने वाले लोग जिंदा रहेंगे ।

इस अवसर पर डां बृजबिहारी ने कहा बहेरवा की डां अंबेडकर की प्रतिमा उस झूठे विकास माडल पर करारा तमाचा है जो गरीबो की आवाज दबाकर उनके इतिहास को मिटाकर और उनके अधिकारो को कुचलकर खड़ा किया गया है। डां आर पी बर्मा ने कहा बिसवां के दलितो और मुसलमानो की यह एकता सीतापुर की सियासत को नया आयाम देगी , मुसलमानो के नाम पर सिर्फ राजनीति करने वालो के लिए यह आयोजन एक सबक है , कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह ने कहा बिसवां की अवसरवादी राजनीति की आज से उल्टी गिनती शुरू हो गई है , जो नाम बिसवां की दीवारो पर चमक रहे है अब उनकी भेदभाव की राजनीति के खत्म होने का वक्त आ गया है। इस अवसर पर सुनीला रावत ने कहा बहेरवा की यह राजनीतिक मशाल उन ताकतो के लिए तबाही का सबब बनेगी। इस अवसर पर राहुल सिंह ने कहा डां अंबेडकर हर इंसाफ पसंद की ताकत है वही मजरूल इस्लाम ने कहा डां अंबेडकर की यह प्रतिमा पत्थर की नहीं यह उस दर्द की आवाज है जो सदियो से दलितो और वंचित मुसलमानो ने झेला है।

कांग्रेस उपाध्यक्ष सुनीता चौधरी ने कहा यह डां अंबेडकर की मूर्ति उस संघर्ष की मूर्ति है जो बराबरी, सम्मान और अधिकारो की लड़ाई मे हर रोज जलती है इसे बुझने नहीं देंगे। रोशनी गुप्ता ने कहा कांग्रेस हर राजनीतिक तानाशाही को खत्म करेगी , कांग्रेस की महामंत्री हसीना खातून ने कहा राहुल गांधी की जाति जनगणना को हम सब गांव गांव पंहुचायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन जलीस अंसारी ने की सांसद राकेश राठौर का भव्य स्वागत इटिया शहीद मे हुआ।

# गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, मेधावियों का हुआ सम्मान

● देश की सेवा इससे अच्छी नहीं हो सकती कि देश के भविष्य को सँवारा और सजाया जाये:- साकेत मिश्रा, पीठाधीश्वर नैमिषारण्य तुलसी पीठ, सीतापुर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) में विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा PG में वरुण ने प्रथम, अविका शुक्ला द्वितीय एवं अंशवेश पटेल तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी में अर्जुन मिश्रा, अव्युक्त सिंह व रितिक गुप्ता संयुक्त रूप से प्रथम, श्रेयांश सिंह द्वितीय तथा शनविका तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा LKG में ओमांश प्रथम, रियांश राठौर द्वितीय व काव्या रस्तोगी तृतीय स्थान पर रहीं।ऌयत्र में अदिति अवस्थी व राघव मिश्रा प्रथम, श्री मिश्रा द्वितीय तथा आश्मन तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 1 में आद्विका पटेल प्रथम, अद्वैत तिवारी द्वितीय तथा अन्वी शुक्ला व रुही गुप्ता तृतीय रहीं। कक्षा 2 में सात्विक प्रथम, अंबिशा द्विवेदी द्वितीय और यश अवस्थी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 में कार्तिक शुक्ला प्रथम, हर्षिता सिंह द्वितीय व मानिता प्रकाश तृतीय रहीं। कक्षा 4 में लविश गुप्ता प्रथम, यशस्व तिवारी द्वितीय और अक्षत मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 5 में पलाशिनी प्रथम, दिव्यांश द्वितीय व पलक तृतीय रहीं। कक्षा 6 में शिवराज चौहान प्रथम, आभाष द्वितीय व अंश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में अक्षय कनोजिया प्रथम व कार्तिक शुक्ला द्वितीय रहे। कक्षा 8 में पंखुड़ी प्रथम, प्रणाली कनोजिया द्वितीय और रुद्र प्रताप सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वच्छता, उपस्थिति, संगीत, नृत्य, योग, खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों में भी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विशेष सम्मान के तहत शिवराज सिंह चौहान को हेड बॉय, पंखुड़ी वैष को हेड गर्ल, आद्विक सक्सेना को सबसे आत्मविश्वासी छात्र घोषित किया गया। व्यवहार एवं अनुशासन श्रेणी में भी कई विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा, सह- पीठाधीश्वर पूनम मिश्रा, प्रिंसिपल नीरा मिश्रा एवं वाइस चेयरमैन तत्सत मिश्रा सहित समस्त स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### गुरुकुल विद्याः ज्ञान और परंपरा का संगम

सीतापुर। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में ही शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। प्रबंधक साकेत मिश्रा, अध्यक्ष तत्पर मिश्रा, उपाध्यक्ष तत्सत मिश्रा और प्रिंसिपल नीरा मिश्रा के नेतृत्व में विद्यालय ने ज्ञान और परंपरा का संगम स्थापित किया है। विद्यालय की हर सुबह हवन, जल अर्पण और सूर्य को नमस्कार के साथ शुरू होती है, जो बच्चों को मानसिक, शारीरिक और आत्मिक विकास की दिशा में प्रेरित करती है। विद्यालय में प्रत्येक छात्र को तीन समय भोजन दिया जाता है, जो उनके स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन विशेषताओं के कारण ही गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल सीतापुर के अभिभावकों की पहली पसंद बन गया है। विद्यालय ने इस वर्ष शंकरा स्पोर्ट्स अकादमी की शुरुआत की है, जो सीतापुर में पहली ऐसी संस्था होगी जहां सभी खेलों की व्यवस्था एक ही स्थान पर होगी।

प्रबंधक साकेत मिश्रा ने कहा, 'किसी भी बच्चे का सर्वांगिण विकास तभी संभव है जब वह मानसिक, शारीरिक और आत्मिक रूप से विकसित हो। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल इसी दिशा में कार्य कर रहा है। ' उपाध्यक्ष तत्सत मिश्रा ने अभिभावकों से आग्रह किया, 'हम सभी अभिभावकों से अनुरोध करते हैं कि वे विद्यालय का भ्रमण करें और गुरुकुल की पहल को देखें। 'विद्यालय में प्रवेश और भ्रमण के लिए संपर्क करें: 232 रोटी गोदाम, आई हॉस्पिटल के पीछे, सीतापुर।

## अब 24 घंटे में यूपी के किसानों को मिलेगी रकम, राजस्व विभाग की प्रमुख सचिव ने सभी जिलों के DM को दिए निर्देश



**लखनऊ।** राजस्व विभाग की प्रमुख सचिव अपर्णा यू ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बेमौसम वर्षा, ओलावृष्टि और आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त फसल का आकलन कर प्रभावित किसानों को 24 घंटे के भीतर राहत राशि दी जाए। शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने जिलाधिकारियों से प्रभावित परिवारों के साथ व्यक्तिगत रूप में संवाद स्थापित करने को भी कहा है। उन्होंने बताया कि राहत राशि के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। 15 मार्च से अब तक करीब 20 करोड़ रुपये विभिन्न जिलों को जारी किए जा चुके हैं। जरूरत पड़ने पर जिलाधिकारी तत्काल अतिरिक्त बजट की मांग कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राहत राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1070 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि 15 से 28 मार्च के बीच प्रदेश में 17 लोगों की मौत, 11 पशुओं की मौत और सहारनपुर व ललितपुर में 1661.75 हेक्टेयर फसल को नुकसान हुआ है।

## जनता पर आए न तपिश सरकार की बड़ी कोशिश और जनकल्याण की दिशा में मजबूत कदम

पश्चिम एशिया में जारी महासंग्राम ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ने अनेक देशों के सामने गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। अमेरिका से लेकर यूरोप तक आम नागरिक महंगे पेट्रोल डीजल का बोझ झेलने को मजबूर हैं। कई देशों में कीमतों में भारी वृद्धि के कारण महंगाई चरम पर पहुंच चुकी है और लोगों के दैनिक जीवन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ा है। ऐसे कठिन समय में भारत सरकार ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता जनता को राहत देना है न कि बोझ बढ़ाना।

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने उत्पाद कर में प्रति लीटर दस रुपये की कटौती का बड़ा फैसला किया है। यह कदम केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं बल्कि एक संवेदनशील शासन दृष्टिकोण का प्रतीक है। जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें सत्तर डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर एक सौ बाईस डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं तब इस तरह की राहत देना आसान नहीं होता। इसके बावजूद सरकार ने यह जोखिम उठाया ताकि आम आदमी पर महंगाई की मार न पड़े। यह निर्णय यह भी दर्शाता है कि सरकार का अभिगम पूरी तरह जनतालक्षी है। सरकार यह समझती है कि ईंधन की कीमतों का सीधा असर हर वस्तु और सेवा पर पड़ता है। यदि पेट्रोल डीजल महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी और उसके साथ ही खाद्यान्न से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी महंगी हो जाएंगी। इस स्थिति से बचाने के लिए सरकार ने अपने राजस्व में कटौती सहने का रास्ता चुना। अनुमान है कि इस फैसले से सरकार को हर पंद्रह दिनों में हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार उठाना पड़ेगा। इसके बावजूद यह निर्णय लिया गया क्योंकि प्राथमिकता जनता की राहत है।

सरकार ने केवल कर में कटौती ही नहीं की बल्कि ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को बढ़ाकर सत्तर प्रतिशत तक करने का निर्णय इसका एक बड़ा उदाहरण है। इससे उद्योगों को आवश्यक ऊर्जा उपलब्ध होगी और उत्पादन पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। विशेष रूप से स्टील ऑटोमोबाइल और टेक्सटाइल जैसे श्रम आधारित उद्योगों को इसका लाभ मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर सुरक्षित रहेंगे और आर्थिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी।

आज जब दुनिया के कई देश ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं तब भारत में पर्याप्त भंडार बनाए रखना भी सरकार की दूरदर्शिता को दर्शाता है। देश के पास साठ दिनों से अधिक का पेट्रोलियम भंडार उपलब्ध है। यह स्थिति आम नागरिकों में विश्वास पैदा करती है और घबराहट को रोकती है। सरकार ने बार बार यह स्पष्ट किया है कि देश में पेट्रोल डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोगों को अनावश्यक रूप से भंडारण करने की आवश्यकता नहीं है।

इस पूरे परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है और वह है अफवाहों पर नियंत्रण। संकट के समय अफवाहें स्थिति को और बिगाड़ सकती हैं। कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई लेकिन सरकार ने तुरंत स्पष्ट किया कि यह घबराहट बेबुनियाद है। ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी प्रकार का लॉकडाउन या प्रतिबंध लागू करने की कोई योजना नहीं है। इस तरह के स्पष्ट संदेश से जनता में विश्वास कायम हुआ है।

सरकार के इस दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि उसने केवल वर्तमान संकट को संभालने पर ही ध्यान नहीं दिया बल्कि भविष्य की संभावित चुनौतियों के लिए भी तैयारी की है। निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का निर्णय इसी दिशा में एक कदम है। इससे देश के भीतर पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और घरेलू बाजार में स्थिरता बनी रहेगी। यह निर्णय उद्योग और उपभोक्ता दोनों के हितों को संतुलित करने का प्रयास है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि सरकार ने इस संकट को एक अवसर के रूप में लिया है जिसमें वह अपनी नीतियों के माध्यम से जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित कर सके। जब पूरी दुनिया महंगाई और अस्थिरता से जूझ रही है तब भारत ने एक अलग उदाहरण प्रस्तुत किया है। यहां सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि आम नागरिक को कम से कम परेशानी हो और आर्थिक गतिविधियां भी बाधित न हों। इस नीति का सामाजिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। जब जनता को यह महसूस होता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है तब समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। लोग अधिक जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करते हैं और संकट का सामना करने में सहयोग करते हैं। यही कारण है कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे केवल अपनी जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें और अनावश्यक घबराहट से बचें। अंततः यह स्पष्ट होता है कि यह निर्णय केवल आर्थिक गणना का परिणाम नहीं है बल्कि एक व्यापक सोच का हिस्सा है जिसमें जनता की भलाई सर्वोपरि है। सरकार ने यह दिखाया है कि कठिन परिस्थितियों में भी जनहित को प्राथमिकता दी जा सकती है। भले ही इससे सरकारी खजाने पर दबाव पड़े लेकिन यदि इससे करोड़ों लोगों को राहत मिलती है तो यह एक सार्थक और न्यायसंगत निर्णय है।

इस पूरे घटनाक्रम ने यह संदेश दिया है कि मजबूत नेतृत्व और संवेदनशील नीति निर्माण के माध्यम से किसी भी वैश्विक संकट का प्रभाव कम किया जा सकता है। भारत ने यह साबित किया है कि वह न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखता है बल्कि वैश्विक अस्थिरता के बीच भी स्थिरता का उदाहरण बन सकता है। जनता पर आए न तपिश यह केवल एक नारा नहीं बल्कि एक सशक्त संकल्प है जिसे सरकार अपने निर्णयों के माध्यम से साकार कर रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

## संपादकीय

## अफ़वाहों का बाज़ारः सरकार, विपक्ष और समाज की ज़िम्मेदारी

वर्तमान में संपूर्ण विश्व भू-राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध की विभीषिकाओं और आर्थिक अनिश्चितताओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। इस वैश्विक उथल-पुथल के मूल में रूस-यूक्रेन महासमर, ईरान-अमेरिका,इजरायल के मध्य गहराता संघर्ष, अमेरिका की संरक्षणवादी टैरिफ नीतियां तथा तीव्र होती वैश्विक गुटबाजी जैसे कारक प्रमुख रूप से उत्तरदायी नजर आते हैं।?इन द्वंद्वों के परिणामस्वरूप ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तंत्र, कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थिरता जैसे विषय आज राष्ट्रों के लिए अत्यंत चिंताजनक बन गए हैं। जहाँ कुछ राष्ट्र प्रत्यक्ष रूप से युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं, वहीं भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं इसके परोक्ष आर्थिक दुष्प्रभावों का सामना करने को विवश हैं। विशेष रूप से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और कीमतों की अस्थिरता को नियंत्रित रखना विकसित से लेकर अविकसित देशों तक के लिए एक चुनौती बन गया है।?ऐसे संकटकाल में, भारत जैसे विशाल एवं संवेदनशील लोकतंत्र के समक्ष न केवल ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने और मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने की चुनौती है, बल्कि आंतरिक स्तर पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफ़वाहों के विरुद्ध जनमानस को सचेत व जागरूक करना भी एक अनिवार्य दायित्व बन गया है।

आज सोशल मीडिया और अनौपचारिक स्रोतों के माध्यम से भ्रामक खबरें तीव्र गति से फैल रही हैं। कहीं फिर से लॉकडाउन लगने का डर दिखाया जा रहा है, तो कहीं ईंधन की भारी कमी की आशंका जताई जा रही है, तो कुछ तेल और गैस की कीमतों के साथ रोजमर्रा के आवश्यक सामान जैसे किराना आदि के दामों में भारी वृद्धि होने का डर फैलाया जा रहा है।कुछ तत्व तो विश्व युद्ध या परमाणु हमले का भय दिखाकर जनता को आवश्यक वस्तुओं के भंडारण की अनुचित सलाह दे रहे हैं। ऐसी अपुष्ट सूचनाएं न केवल सामाजिक तनाव बढ़ाती हैं, बल्कि आर्थिक असंतुलन और 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीदारी) को भी जन्म देती हैं।इसका सबसे घातक परिणाम यह होता है कि बाज़ार में कृत्रिम कमी पैदा हो जाती है, जिसका लाभ जमाखोर और कालाबाजारी करने वाले तत्व उठाते हैं।हाल ही में गैस की कालाबाजारी के कुछ मामले पकड़े भी गए हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि अफ़वाहें केवल सूचना का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

डिजिटल क्रांति ने सूचना के प्रसार को पंख दे दिए हैं, लेकिन इसी के साथ अफ़वाहों की गति भी बढ़ी है। कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व पुराने वीडियो को वर्तमान संघर्षों से जोड़कर या विदेशी घटनाओं को भारत का बताकर साझा करते हैं। कुछ लोग तो पड़ोसी और अन्य विश्व के देशों में तेल और गैस की किल्लत और दामों में वृद्धि को दिखा कर भ्रम फैला रहे हैं कि भारत में भी ऐसे ही हालात निर्मित होने वाले हैं।ऐसी भ्रामक स्थिति में आम नागरिक के लिए सत्य और असत्य के बीच की धुंधली रेखा को पहचानना कठिन हो जाता है, जिससे समाज में अविश्वास का माहौल पनपता है। अतः सरकार का दायित्व हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और विदेश नीति पर निरंतर पारदर्शिता और जनता से संवाद बना कर रखे। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय तथा सभी राजनीतिक दलों के साथ संवाद इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, जैसा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह के प्रयास किए गए हैं। इसी दिशा में सभी राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया गया तथा वस्तु स्थिति पर राज्य सरकारों की आगामी रणनीति कैसी होनी चाहिए पर विचार किया गया । सब का विश्वास अर्जित करने की दिशा में इसे अच्छा प्रयास कहा जा सकता है।

विपरीत स्थितियों में विपक्षी दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, किंतु राष्ट्रीय सुरक्षा या वैश्विक संकट के समय विपक्ष को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्हें ऐसे वक्तव्यों से बचना चाहिए जो जनता में भ्रम और असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। रचनात्मक सुझाव देना और संकट के समय सरकार के साथ खड़े होकर जनता का मनोबल बढ़ाना ही एक परिपक्व विपक्ष की पहचान है। नीतियों का विरोध वैचारिक हो सकता है, लेकिन वह राष्ट्र के मनोबल को कमजोर करने वाला कदापि नहीं होना चाहिए।हर विपक्ष दलों के नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर एक बार देखने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा संकट की इस घड़ी में दिया गया वक्तव्य क्या देश हित में उचित है?

मैं तो इस समय यही कहना चाहूंगा कि वैश्विक संकट की घड़ी में सरकार, विपक्ष और जनता की आवाज़ एक होनी चाहिए। जब देश के भीतर एकता होती है, तो बाहरी चुनौतियों का सामना करना सरल हो जाता है। समाज को भी यह समझना होगा कि बिना पुष्टि के किसी भी जानकारी पर विश्वास करना और उसे साझा करना अफ़वाह को बढ़ावा देना है। आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करना और 'फैक्ट-चेक' की संस्कृति विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मीडिया को भी सनसनीखेज खबरों के बजाय तथ्यपरक पत्रकारिता पर ध्यान देना चाहिए।अफ़वाहों का संक्रमण तभी रुकेगा जब सरकार पारदर्शी हो, विपक्ष उत्तरदायी हो और समाज जागरूक हो। हमें डर और भ्रम से नहीं, बल्कि तथ्य और संयम के साथ आगे बढ़ना होगा ।

**डॉ. मनमोहन प्रकाश**

## तीन देशों की सनक से पैदा वैश्विक आर्थिक, सामरिक संकट

**संभावित परमाणु युद्ध महा - विनाशक होने की संभावना।**

**जैसी की आशंका दिखाई दे रही है ईरान की भयभीत आम जनता एवं वर्तमान में बचे हुए ईरानी टॉप लीडर्स कि यह पुरजोर मांग है कि ईरान के पास जितना परमाणु ईंधन अमेरिका के आक्रमण से जमीन में धंसा हुआ बचा है, उससे कम से कम 10 बड़े परमाणु बम बनाए जा सकते हैं और इस परमाणु बम को बनाने के लिए ईरान प्रशासन पर पूरा दबाव डाला जारहा है। यह हालत इसलिए पैदा हुए हैं की इस त्रिकोणीय युद्ध में ईरान को बहुत बड़ी संख्या में जनहानि और बड़ी मात्रा में आर्थिक क्षति पहुंची है, ईरानके हजारों लोग मारें गए और 25000 से ज्यादा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग,स्कूल और हॉस्पिटल ध्वस्त हुए हैं, ईरान में शिया सुन्नी झगड़ा भी अपने चरम पर है। सुन्नी लोग अब शासन का तख्ता पलटने के प्रयास में लगे हुए हैं। अमेरिका तथा इजरायल युद्ध से ईरान में हुए इस नुकसान को पूरा करने में ईरान को 15 से 20 साल लग सकते हैं। ईरान की सरकार और उनकी जनता के बीच जिस तरह से करो या मरो की स्थिति बनी है, जिसके परिणाम स्वरुप वहां की जनता और नेता यह चाहते हैं कि परमाणु बम बनाना तथा ईरान इजरायल और उसके सहयोगी देशों पर परमाणु हमला करना ही उनके अस्तित्व को बचाने के लिए अंतिम और सम्यक विकल्प हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका इजरायल और ईरान यदि परमाणु संघर्ष में बदल सकता है। इसके परिणाम में यह परमाणु युद्ध मानव इतिहास के उन भयावह क्षणों से भी अधिक विनाशकारी होगा, जिनकी शुरुआत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा किए गए परमाणु हमलों से हुई थी। हिरोशिमा पर परमाणु बम विस्फोट की घटना 6 अगस्त 1945 को हुई थी, जब अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इसके तीन दिन बाद, नागासाकी पर परमाणु बम विस्फोट 9 अगस्त 1945 को हुआ, जब अमेरिका ने ही नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया। यह घटनाएँ द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण में अमेरिका और जापान के बीच हुए युद्ध का हिस्सा थीं। गौर तलब है कि उसे समय के परमाणु बम सीमित शक्ति के थे और उनका प्रभाव मुख्यतः स्थानीय स्तर पर केंद्रित रहा था, जबकि आज के परमाणु हथियार अत्यधिक उन्नत, बहु-मेगाटन क्षमता वाले और दूरगामी प्रभाव वाले विकसित हो चुके हैं। आधुनिक परमाणु युद्ध केवल एक शहर या देश तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका प्रभाव विश्व के हर देश के स्तर पर फैलेगा, यदि ईरान परमाणु हथियार का उपयोग करता है या उस पर परमाणु हमला होता है तो सबसे पहले प्रत्यक्ष प्रभाव मध्य पूर्व क्षेत्र में दिखाई देगा, जिसमें इज़रायल की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो सकती है वह पूरी तरह विनाशकारी स्थिति में पहुंच सकता है। वहां जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तुरंत प्रभावित होगा और बुनियादी ढांचा समाप्त हो सकता है। इसके साथ ही सऊदी अरब में रेडियोधर्मी कण पहुंचने की आशंका होगी जिससे वहां के तेल भंडार, जल स्त्रोत और जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। इराक और सीरिया जैसे पड़ोसी देश जो पहले से अस्थिर हैं, यहां परमाणु विकिरण के कारण मानवीय संकट और भी गहरा जाएगा, तुर्की जो यूरोप और एशिया के बीच स्थित है, वह रेडियोधर्मी बादलों के प्रभाव से कृषि और स्वास्थ्य संकट का सामना कर सकता है। इसके आगे यह विकिरण वायुमंडलीय धाराओं के माध्यम से यूरोप के देशों जैसे ग्रीस, इटली और जर्मनी तक फैल सकता है, जहां कैंसर, श्वसन रोग और पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ने की संभावना होगी। यदि संघर्ष बृहद रूप लेता है और अमेरिका तथा रूस जैसे परमाणु शक्तिशाली देश इसमें शामिल होते हैं तो स्थिति और भयावह हो जाएगी क्योंकि तब यह सीमित युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक परमाणु टकराव का रूप ले सकता है। भारत और पाकिस्तान भी इसके अप्रत्यक्ष प्रभाव से अछूते नहीं रहेंगे, यहां पर मानसूनी चक्र में बदलाव, तापमान में गिरावट और कृषि उत्पादन में भारी कमी देखने को मिल सकती है जिसे 'न्यूक्लियर विंटर' कहा जाता है। इस स्थिति में सूर्य का प्रकाश धूल और धुएं के कारण धरती तक नहीं पहुंच पाएगा जिससे वैश्विक खाद्य संकट उत्पन्न होगा, चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को भी आपूर्ति श्रृंखला टूटने, व्यापार बाधित होने और जनस्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ेगा। अफ्रीका के देश जैसे मिस्र और नाइजीरिया खाद्य आयात पर निर्भर हैं, वहां अकाल और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वहीं दक्षिण अमेरिका के देश जैसे ब्राज़ील में भी जलवायु परिवर्तन और कृषि हानि देखने को मिल सकती है, इस पूरे परिदृश्य में एक बड़ा अंतर यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के समय केवल दो बम गिराए गए थे और उनका प्रभाव सीमित समय और स्थान में रहा, जबकि आज के परमाणु हथियारों की संख्या हजारों में है और उनकी मारक क्षमता कई गुना अधिक है, आधुनिक मिसाइल तकनीक जैसे इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, कुछ ही मिनटों में एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक परमाणु हथियार पहुंचा सकती है, इसके अलावा आज की दुनिया अधिक परस्पर जुड़ी हुई है, वैश्विक अर्थव्यवस्था, संचार प्रणाली, इंटरनेट और आपूर्ति श्रृंखलाएं एक-दूसरे पर निर्भर हैं। इसलिए किसी एक क्षेत्र में परमाणु विस्फोट का प्रभाव पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी, तकनीकी ठहराव और सामाजिक अराजकता के रूप में दिखाई दे सकती है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से रेडियोधर्मी विकिरण केवल तत्काल मृत्यु ही नहीं बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियां जैसे कैंसर, जन्म दोष और मानसिक विकार पैदा करेगा, पर्यावरणीय दृष्टि से नदियां, महासागर और मिट्टी प्रदूषित हो जाएंगे जिससे जैव विविधता को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।यदि हम तुलना करें तो हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए बमों ने लाखों लोगों की जान ली थी, लेकिन आज का परमाणु युद्ध अरबों लोगों के अस्तित्व को खतरे में डाल सकता है। यह अनुमानित और विशेष रूप से संभावित अमेरिका-इज़रायल-ईरान परमाणु संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक विनाशक आपदा होगा, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग हर देश प्रभावित होगा, और मानव सभ्यता को सदियों पीछे धकेल सकता है। इसलिए यह केवल सैन्य या राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि मानवता के अस्तित्व का प्रश्न है।जिसे कूटनीति, संयम और वैश्विक सहयोग के माध्यम से युद्ध विराम करके ही टाला जा सकता है।**

**संजीव ठाकुर**

## धोखेबाज पाकिस्तान की कुंडली

पश्चिम एशिया में संकट पर केन्द्र द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सरकार ने देश में पर्याप्त तेल और गैस भंडार होने और स्थिति नियंत्रण में होने का भरोसा दिया। विपक्षी दलों ने संकट के इस दौर में सरकार के साथ एकजुटता व्यक्त की लेकिन साथ ही उसने अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में पाकिस्तान की मध्यस्थता की भूमिका पर चिंता जताई। विपक्ष की चिंताओं का जवाब देते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान पर तीखा व्यंग्य कसते हुए कहा कि भारत वैश्विक भूराजनीति में 'दलाल राष्ट्र' के रूप में कार्य नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान की नौटंकी नई नहीं है और यह 1981 से जारी है। अमेरिका वर्षों से तेहरान के साथ सम्पर्क बनाए रखने के लिए इस्लामाबाद का इस्तेमाल एक चैनल के रूप में करता आया है। विदेश मंत्री की यह ?टिप्पणियां ऐसी खबरों के बाद आई हैं जब पाकिस्तान वाशिंगटन और तेहरान के बीच संदेशों को सक्रिय रूप से पहुंचाने की भूमिका निभा रहा है। अमेरिका ने ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव भी पाकिस्तान के माध्यम से ही भेजा है। यद्यपि ईरान ने अमेरिका के 15 सूत्री प्रस्ताव को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पाकिस्तान के इतिहास के पन्ने पलटें तो उसका पूरा इतिहास धोखे और दलाली से भरा हुआ है। पाकिस्तान अलग राष्ट्र बनने के बाद से ही दलाली करता आया है। जब-जब पाकिस्तान ने शांति दूत का चोला पहना तब-तब दुनिया ने खून-खराबा और विश्वासघात देखा है।

कई रक्षा विशेषज्ञों ने समय-समय पर पाकिस्तान के दोगलेपन की ऐसी कहानियां सुनाई हैं जिससे पूरी दुनिया हैरान रह जाती है। यही कारण है कि आज पाकिस्तान पर कोई भी देश भरोसा नहीं करता। पाकिस्तान ने हमेशा ही अपने आवाम को धोखे में रखा और उसके हुक्मरानों ने अपने ही देश को जमकर लूटा। उसके धोखे का शिकार पड़ोसी देश भी हुए। 9/11 के हमले के बाद जब अमेरिकी राष्ट्रपति बुश पर युद्ध उन्माद छाया हुआ था और अमेरिका ने पाकिस्तान को तालिबान से अलग न होने पर उसे पत्थर युग में वापिस भेजने की धमकी दी थी, तब तत्कालीन पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने यू-टर्न लेकर अमेरिका की गोद में बैठना बेहतर समझा था। अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में आतंकवाद की खेती करने वाले पाकिस्तान को अपना साथी बना लिया। यह कितना हास्यास्पद था कि एक जेहादी देश को आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में आगे कर दिया गया। जबकि अमेरिका जानता था कि ट्विन टॉवर पर हमला करने वाले आतंकवादियों में कुछ को ट्रेनिंग भी पाकिस्तान ने ही दी थी। अमेरिका ने अफगानिस्तान पर धावा बोल दिया और आतंकवाद से लड़ने के लिए पाकिस्तान पर डॉलरों की बरसात कर दी। पाकिस्तान ने एक तरफ अमेरिकी डॉलरों का इस्तेमाल आतंकवाद को सींचने के ?लिए किया तो दूसरी तरफ अमेरिका को धोखे में रखकर तालिबान को संरक्षण दिया। अमेरिका चाहता तो पाकिस्तान को मरघट में बदल सकता था, पर अमेरिका को लगता था कि अफगानिस्तान में ओसामा बिन लादेन और अन्य से प्रतिशोध के लिए उसे पाकिस्तान की जरूरत है। 20 वर्ष तक अमेरिका तोरा-बोरा की पहाड़ियों में खाक छानता रहा, उसे कुछ हासिल नहीं हुआ। पाकिस्तान दोहरापन अपनाता रहा। अफगानिस्तान में अमेरिकी विफलता का कारण पाकिस्तान ही रहा।

## बालेन शाह और नेपाल के युवा नेतृत्व का नया 'प्रशासनिक मॉडल'

नेपाल में 27 मार्च 2026 का दिन एक ऐसे युगांतकारी परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है, जिसने न केवल हिमालयी राष्ट्र की दिशा बदल दी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए राजनीति का एक इतिहास लिख दिया। काठमांडू के शीतल निवास में जब 35 वर्षीय बालेंद्र शाह, जिन्हें दुनिया 'बालेन' के नाम से जानती है, ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तो वह मात्र एक व्यक्ति का सत्तासीन होना नहीं था। वह उस 'जेन-ज़ी' विद्रोह की संवैधानिक परिणति थी, जिसने नेपाल के दशकों पुराने राजनीतिक सिंडिकेट और पारंपरिक दलीय व्यवस्था को जड़ से हिलाकर रख दिया। यह जीत उस आक्रोश का परिणाम थी जो लंबे समय से नेपाल के युवाओं के मन में पुरानी पीढ़ी के नेताओं के प्रति पनप रहा था, जो सत्ता को 'म्यूजिकल चेयर' के खेल की तरह आपस में बदलते रहते थे।

इस क्रांति की नींव वास्तव में सितंबर 2025 में पड़ी थी, जब तत्कालीन के.पी. शर्मा ओली सरकार ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रतिबंध लगाने का आत्मघाती निर्णय लिया। सरकार ने इसे नियमन का नाम दिया, लेकिन डिजिटल युग में पली-बढ़ी पीढ़ी के लिए यह उनकी अभिव्यक्ति की आजादी और आर्थिक संभावनाओं पर सीधा प्रहार था। देखते ही देखते काठमांडू की गलियां नारों और विरोध प्रदर्शनों से भर गईं। यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल द्वारा प्रायोजित नहीं था, बल्कि यह पूरी तरह से विकेंद्रीकृत और डिजिटल रूप से समन्वित था। जब सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग किया, जिसमें 77 लोगों की जान चली गई, तो शांतिपूर्ण विरोध एक राष्ट्रव्यापी विद्रोह में बदल गया। इसी जन-दबाव के आगे झुकते हुए प्रधानमंत्री ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार बनी, जिसने स्वतंत्र चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त किया। इन्ही घटनाओं ने सिद्ध कर दिया कि नेपाल की नई पीढ़ी अब केवल मूक दर्शक नहीं रही, बल्कि वह सत्ता परिवर्तन की निर्णायक शक्ति बन चुकी है।

5 मार्च 2026 को हुए आम चुनाव के परिणामों ने वह कर दिखाया जिसे नेपाल के राजनीतिक पंडित असंभव मान रहे थे। बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने प्रतिनिधि सभा की 275 सीटों में से 182 सीटें जीतकर एक ऐसा प्रचंड बहुमत हासिल किया, जो नेपाल में 1999 के बाद किसी भी एकल दल को नहीं मिला था। इस 'चुनावी भूकंप' की सबसे बड़ी प्रतीकात्मक जीत झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में देखी गई, जहाँ बालेन शाह ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली को 50,000 से अधिक मतों के अंतर से पराजित किया। पुरानी और स्थापित पार्टियाँ, जैसे नेपाली कांग्रेस और [illegible] इस कदर सिमट गई कि उनके अस्तित्व पर सवाल खड़े होने लगे। यह चुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से पुरानी पीढ़ी के नेतृत्व के प्रति गहरे अविश्वास और नई, पारदर्शी एवं कार्य-उन्मुख राजनीति के प्रति जनता के अटूट उत्साह को दर्शाता था।

बालेन शाह का व्यक्तित्व इस नई राजनीति का केंद्रबिंदु है। 27 अप्रैल 1990 को जन्मे बालेन ने सिविल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में उच्च शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय पहचान एक ऐसे रैपर के रूप में मिली जिसके गीतों में व्यवस्था की खामियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखा व्यंग्य होता था। 2022 में काठमांडू के मेयर के रूप में उनकी जीत ने पहली बार यह संकेत दिया था कि जनता अब पारंपरिक नेताओं से ऊब चुकी है। मेयर के रूप में उन्होंने कचरा प्रबंधन और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिस तरह से तकनीक और 'लाइव वीडियो' का सहारा लिया, उसने उन्हें युवाओं का मसीहा बना दिया। इसके अलावा, बालेन का मधेश मूल से होना नेपाल के सामाजिक ताने-बाने के लिए भी एक ऐतिहासिक मोड़ है, क्योंकि वे नेपाल के पहले मधेशी प्रधानमंत्री हैं। यह तराई क्षेत्र की उन लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का एक जवाब भी है, जिसमें खुद को सत्ता की मुख्यधारा से अलग-थलग महसूस करने की भावना निहित थी।

सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री बालेन शाह ने अपनी सरकार को 'लीन गवर्नमेंट' या चुस्त शासन के रूप में परिभाषित किया। उन्होंने नेपाल की उस पुरानी परंपरा को तोड़ दिया जहाँ गठबंधन के सहयोगियों को खुश करने के लिए दर्जनों मंत्रालयों का निर्माण किया जाता था। बालेन ने मात्र 15 सदस्यीय मंत्रिपरिषद का गठन किया, जिसमें कई मंत्रालयों का विलय कर दिया गया ताकि प्रशासनिक खर्चों में कटौती की जा सके और निर्णय लेने की प्रक्रिया में गति आए। उनकी कैबिनेट में पहली बार 33 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व की संवैधानिक शर्त को पूरी तरह से लागू किया गया, जिसमें सोबिता गौतम और प्रतिभा रावल जैसी प्रखर महिला नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं। साथ ही, डॉ. स्वर्णिम वागले जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अर्थशास्त्री को वित्त मंत्री बनाकर सरकार ने यह संकेत दिया कि वह देश की चरमराती अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए पूरी तरह गंभीर है।

बालेन शाह की सरकार का सबसे महत्वाकांक्षी एजेंडा '2082 विजन' के रूप में सामने आया है। नेपाल की अर्थव्यवस्था वर्तमान में प्रेषण और आयात पर अत्यधिक निर्भर है, जिसे बालेन एक उत्पादन-आधारित और आत्मनिर्भर मॉडल में बदलना चाहते हैं। इस विजन के तहत अगले पांच वर्षों में नेपाल की जीडीपी को 49 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर करने और प्रति व्यक्ति आय को 3,000 डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने 1.2 मिलियन उत्पादक रोजगार सृजन का वादा किया है ताकि उस 'ब्रेन ड्रेन' को रोका जा सके जिसके कारण हर दिन हजारों युवा खाड़ी देशों में मजदूरी के लिए जाने को मजबूर हैं। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र से 30 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित करने और जलविद्युत उत्पादन को 15,000 मेगावाट तक ले जाने जैसे लक्ष्य इस सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाते हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इन लक्ष्यों को प्राप्त करना आसान नहीं होगा क्योंकि इसके लिए नेपाल को लगातार दोहरे अंकों में विकास दर हासिल करनी होगी। प्रशासनिक सुधारों के साथ-साथ, बालेन सरकार के सामने न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने की एक बहुत बड़ी चुनौती है। सुशीला कार्की के नेतृत्व वाले जांच आयोग की रिपोर्ट ने यह खुलासा किया है कि 2025 के आंदोलनों के दौरान हुई मौतों के लिए पूर्व राजनीतिक और सुरक्षा नेतृत्व सीधे तौर पर जिम्मेदार था। बालेन ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट को पूरी तरह से लागू करने और दोषियों के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू करने का निर्णय लिया है। यह कदम उनके समर्थकों के बीच उनकी छवि को और मजबूत करेगा, लेकिन साथ ही इससे संसद में मौजूद विपक्ष के साथ उनके टकराव की संभावना भी बढ़ जाएगी। नेपाल जैसे देश में, जहाँ नौकरशाही और पुरानी व्यवस्था की जड़ें बहुत गहरी हैं, बालेन के लिए इन सुधारों को धरातल पर उतारना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा।

विदेश नीति के मोर्चे पर भी नई सरकार एक 'साफ स्लेट' के साथ आगे बढ़ने की कोशिश कर रही है। बालेन शाह, जिन्होंने पूर्व में मेयर रहते हुए भारत और चीन के साथ मानचित्र विवादों पर अत्यंत राष्ट्रवादी और कभी-कभी आक्रामक रुख अपनाया था, अब प्रधानमंत्री के रूप में एक संतुलित 'नेपाल फर्स्ट' नीति अपना रहे हैं। वे नेपाल को भारत और चीन के बीच के मात्र एक 'बफर स्टेट' के बजाय एक 'जीवंत सेतु' के रूप में विकसित करना चाहते हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के त्वरित बधाई संदेश और बालेन की सकारात्मक प्रतिक्रिया यह संकेत देती है कि दोनों देश ऊर्जा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को प्राथमिकता देने के इच्छुक हैं। वहीं, चीन के साथ संबंधों में सरकार किसी भी तरह के 'ऋण जाल' से बचते हुए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने की पक्षधर है। बालेन का मानना है कि नेपाल की संप्रभुता सर्वोपरि है और विदेश नीति का एकमात्र पैमाना नेपाली जनता का आर्थिक हित होना चाहिए।

नेपाल का यह प्रयोग न केवल उस देश के लिए बल्कि पूरे विश्व के लोकतंत्रों के लिए एक सबक है। यह दर्शाता है कि जब पारंपरिक नेतृत्व जनता की आकांक्षाओं को समझने में विफल रहता है और भ्रष्टाचार को ही अपनी कार्य संस्कृति बना लेता है, तो नई पीढ़ी डिजिटल क्रांति के हथियारों के साथ स्वयं सत्ता का रुख मोड़ देती है। हालांकि, बालेन शाह के सामने चुनौतियां अपार हैं– चाहे वह नौकरशाही का प्रतिरोध हो, प्रेषण पर अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता हो या युवाओं की तुरंत नतीजे पाने की अधीरता। नेपाल में 1990 के बाद से 30 से अधिक सरकारें बदली हैं और किसी ने भी अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। इस अस्थिरता को समाप्त कर एक स्थिर और समृद्ध नेपाल का निर्माण करना ही बालेन शाह की वास्तविक सफलता होगी। फिलहाल, नेपाल ने एक नया स्वप्न देखा है, और हिमालय की चोटियों पर एक ऐसी पीढ़ी की गूँज सुनाई दे रही है जो अब केवल सवाल नहीं पूछती, बल्कि स्वयं समाधान बनने का साहस रखती है। यह जेन-ज़ी सरकार यदि सफल होती है, तो यह आधुनिक लोकतांत्रिक परिवर्तनों के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एक्सपोजर विजिट के लिए कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे पशुपालक



**देवरिया।** जनपद के लगभग 50 पशुपालकों को एक्सपोजर विजिट के तहत आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. श्रीनिवास एवं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक डेयरी, बकरी पालन, चारा प्रबंधन एवं पशु रोग नियंत्रण की व्यावहारिक जानकारी देना है। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से पशुपालकों को नई तकनीकों और उन्नत नस्लों की जानकारी दी जाती है, जिससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिल सके। जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने बताया कि प्रदेश व केंद्र सरकार के सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि पशुपालकों को आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी मिल सके और वे पशुपालन को लाभकारी बना सकें। पशुपालकों की टीम को पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकांत तिवारी के नेतृत्व में कुमारगंज भेजा गया। एक्सपोजर विजिट में सुमंत चतुर्वेदी, सुशील कुमार सिंह, केश्वर कुशवाहा, राधेश्याम, विद्यावती, सुभावती सहित अन्य पशुपालक शामिल रहे।

### मेडिकल स्टोर के बगल में अंग्रेजी शराब खोलने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन



**सहजनवां / गोरखपुर** – सहजनवां तहसील क्षेत्र के कट्सहरा चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर के बगल में अंग्रेजी शराब की दुकान खोलने के विरोध में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी शराब की दुकान कही अन्यत्र स्थापित करने की मांग करते हुए सीएम पोर्टल,जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत दर्ज कराया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मेडिकल स्टोर पर मरीज दवा लेने आए है। यदि अंग्रेजी शराब की दुकान स्थापित हो जाएगी तो यहां अराजक तत्वों का जमावड़ा होगा।शराब पीकर लोग गाली गलौज मारपीट करेंगे। जिससे माहौल खराब होगा। बगल में सरकारी अस्पताल और शिक्षण संस्थाएं है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग किया है कि अंग्रेजी शराब की दुकान को आबादी से कोई दूर स्थापित किया जाय। प्रदर्शन करने वालो में सुनील कुमार, अवधेश यादव, हरेंद्र, रामकवल, मीना देवी, मुनका देवी,उदयभान, अंकित, विशाल पाण्डेय, सत्यम यादव, हाजरा, रणजीत बहादुर, सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### आशा कर्मचारी यूनियन सीटू देबी पाटन मंडल इकाई गोण्डा का ऑनलाइन बैठक का हुआ आयोजन

**मनकापुर गोण्डा ।** आशा कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश (सीटू) देवी पाटन मण्डल इकाई गोण्डा के पदाधिकारियों द्वारा एक ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेशीय उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन निदेशक के निर्देशानुसार अब आशा कार्यकर्ताओं को 74 बिंदुओं पर कार्य पूर्ण करने के बाद ही भुगतान किया जाएगा।मंडल महामंत्री कविता सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं द्वारा आभा आईडी के भुगतान को लेकर विभागीय पहल की सराहना की और बताया कि इसके लिए बजट भी जारी हो चुका है। वहीं, जिला अध्यक्ष संतोषी देवी ने बताया कि डीसीपीएम से वार्ता के अनुसार जनपद मुख्यालय पर आशा संगिनी का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिससे आशा कार्यकर्ताओं के वाउचर बनवाने में सुविधा होगी।जिला उपाध्यक्ष अल्का श्रीवास्तव ने बताया कि सभी कार्य बिंदुओं पर भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए 20 अप्रैल से जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही मंडल के सभी ब्लॉकों में यूनियन की कमेटियों का गठन सदस्यता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री शशि सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए जान ली! गुलरिहा पुलिस ने आरोपी पति को दबोचा, इलाके में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद के गुलरिहा थाना क्षेत्र में दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने के निर्देश के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गुलरिहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वांछित अभियुक्त को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस के



अनुसार, थाना गुलरिहा में दर्ज मुकदमा संख्या 245/2026 के तहत दहेज हत्या और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि विवाह के बाद से ही महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था, और अंततः उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मदरसन पुत्र रामबचन निवासी टिकरीया, थाना गुलरिहा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उ0नि0 विशाल कुमार राय और उनकी टीम द्वारा की गई, जिसमें हे0कां0 अवधेश शुक्ला भी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 85 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत कार्रवाई की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर दहेज जैसी कुप्रथा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि महिला उत्पीड़न और दहेज से जुड़े मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अपराधों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### यातायात पुलिस का अभियान, 139 वाहनों का ई-चालान, 7 वाहन सीज

**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात पुलिस ने शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मालवीय रोड, कसया रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना फिटनेस और अवैध हूटर का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 139 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि 7 वाहनों को सीज किया गया। यातायात पुलिस ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि यातायात नियमों का पालन कराया जा सके और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# 18 ड्रम हाई स्पीड डीजल जब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में प्रशासन को बड़ी सफलता मिली है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर की गई छापेमारी में अवैध रूप से भंडारित हाई स्पीड डीजल बरामद किया गया। उपजिलाधिकारी रुद्रपुर हरिशंकर लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने ग्राम जोगिया खुर्द में दो स्थानों पर छापा मारकर कुल 18 ड्रम में लगभग 3550 लीटर डीजल जब्त किया। पहली कार्रवाई में वीरबहादुर यादव के मकान से 15 ड्रम (करीब 3000 लीटर) डीजल मिला, जबकि दूसरी छापेमारी में रामानंद यादव के यहां से 3 ड्रम (करीब 550 लीटर) डीजल बरामद हुआ। दोनों स्थानों पर डीजल भंडारण के संबंध में कोई वैध अनुमति या अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। जांच में यह मामला हाई स्पीड डीजल (आवंटन एवं नियंत्रण) आदेश, 1981 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 का उल्लंघन पाया गया। प्रशासन ने बरामद डीजल को कब्जे में लेकर थाना कोतवाली रुद्रपुर को सुपुर्द कर दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ स्न्नद्धक्र दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा है कि जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

# एटीएम में नकली नोट जमा करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, रामगढ़ताल पुलिस की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** थाना रामगढ़ताल पुलिस ने नकली नोट जमा करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, मामला एक्सिस बैंक तारामंडल स्थित एटीएम में नकली नोट जमा करने से जुड़ा है। बैंक के ऑपरेशन हेड द्वारा 25 मार्च 2026 को थाना रामगढ़ताल में तहरीर दी गई थी, जिसमें बताया गया कि खाताधारक अभिषेक शुक्ला ने 20 मार्च 2026 को कैश डिपॉजिट मशीन के माध्यम से पांच नकली नोट जमा किए थे। शिकायत के



आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अभिषेक शुक्ला और उसके सहयोगी आशुतोष त्रिपाठी को चिन्हित किया। इसके बाद थाना प्रभारी रामगढ़ताल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार राय व उनकी टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में धारा 179 व 61(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभिषेक शुक्ला निवासी रानीबाग बड़गो और आशुतोष त्रिपाठी निवासी भगत चौराहा न्यू कॉलोनी, थाना रामगढ़ताल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार राय, उपनिरीक्षक उपेंद्र कुमार निर्मल और हेड कांस्टेबल हृदयेश कुमार सिंह शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में धोखाधड़ी और साइबर अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी।

# अवैध डीजल भंडारण में लिप्त दो किसानों के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही, हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के जोगिया खुर्द गांव में 18 ड्रमो में रखे 3600 लीटर डीजल के अवैध भंडारण में लिप्त गांव के दो किसानों वीर बहादुर यादव और रामानंद यादव के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है। आपूर्ति अधिकारी गुफरान शेख की तहरीर पर दर्ज मुकदमे के बाद दोनों आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। एक तरफ खेत में गेहूं की फसल पक कर तैयार है तो दूसरी तरफ उसकी कटाई एवं मड़ाई के लिए डीजल का संकट है। किसान करे तो क्या करे। बता दें कि मुखबिर की सूचना पर हुई छापेमारी में किसान रामानंद यादव के पास से तीन ड्रमों में रखा 600 लीटर तथा वीर बहादुर यादव के पास से 15 ड्रमों में रखा 3000 लीटर डीजल मौके पर



पाया गया। प्रशासनिक टीम ने डीजल को कोतवाली पुलिस की सुपुर्दगी में रखवा दिया।हालांकि दोनों किसानों के पास कंबाइन मशीन और रीपर तथा ट्रैक्टर भी हैं। उनका कहना है कि गेहूं की कटाई का समय होने के कारण डीजल स्टोर किया गया है।

**तेल कंपनियां नहीं दे रहीं आपूर्ति**

पेट्रोल पंपों पर किसानों की जरूरत के अनुसार डीजल नहीं मिल पा रहा है। गेहूं की कटाई वह मड़ाई का समय होने के कारण क्षेत्र में डीजल की मांग काफी बढ़ गई है और उसके सापेक्ष तेल कंपनियां पेट्रोल पंपों को डीजल नहीं उपलब्ध करा पा रही हैं।

**पूर्व विधायक ने किसानों के समर्थन में दिया धरना**

जोगिया खुर्द के दो किसने के खिलाफ हुई प्रशासनिक कार्यवाही के विरोध में शनिवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक खोखा सिंह के नेतृत्व में सफाई कोतवाली गेट पर धरने पर बैठ गए और प्रशासन के ऊपर किसान विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया उन्होंने प्रशासन सम्मान किया कि किसानों को बाय इज्जत रिहा किया जाए उनका कहना था कि एक तरफ गेहूं की कटाई का समय चल रहा है ऊपर से पेट्रोल पंपों पर डीजल गायब है किसानों ने खेती बाड़ी के लिए जो डीजल रखा है उसको अवैध भंडार बढ़कर प्रशासन किसान विरोधी कार्यवाही कर रहा है।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

### ●भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस-राजस्व की संयुक्त कार्यवाही पर विशेष जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – रविवार दिनांक 28.03.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस



अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 05 व राजस्व से सम्बन्धित 88 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 08 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 158 प्रार्थना पत्रों में से 85 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शराब के नशे में दबंगों ने युवक को पीटा

**ईंट-पत्थर और लाठियों से किया हमला**

**ललितपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हौरी कला में शराब के नशे में धुत तीन दबंगों द्वारा एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायल युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बम्हौरी कला निवासी संतराम पुत्र प्रकाश अहिरवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मंगलवार, 24 मार्च की शाम करीब 5 बजे वह अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही बाबूलाल, शीषपाल और विश्वनाथ मिले, जो शराब के नशे में थे। पीड़ित का आरोप है कि तीनों आरोपी बिना किसी कारण उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब सन्तराम ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी उग्र हो गए और उन्होंने लाठी-डंडों, लात-घूसों और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित का सिर फट गया और वह घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# डीआईजी चिनप्पा ने समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं, 19 प्रार्थना पत्र निस्तारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जन समस्याएं सुनीं। गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक एस. चन्नप्पा ने थाना मदनपुर में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आनंद पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के तहत सभी थानों पर डेस्क सिस्टम लगाकर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर निस्तारण भी कराया गया। समाधान दिवस में जनपद के समस्त थानों पर कुल 87 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 19 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया, जबकि शेष प्रार्थना पत्रों के




निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई है। इसी दौरान एस. चन्नप्पा ने थाने का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, बैरक, मेस तथा परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण और महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही बीट पुलिसिंग मजबूत करने, हिस्ट्रीशीटरों व वांछित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने और नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

# जमीन हड़पने की साजिश नाकाम: फर्जी व्यक्ति खड़ा कर कराया बैनामा, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद के चिलुआताल थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मृतक व्यक्ति की जगह किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और जमीन से जुड़े फर्जीवाड़े पर पुलिस की सख्ती साफ नजर आ रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत धोखाधड़ी जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चिलुआताल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस



मामले में वांछित अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शैलेन्द्र यादव पुत्र शिवशंकर यादव निवासी ग्राम बैजनाथपुर टोला औरहिया, थाना चिलुआताल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने वादी के मृतक पिता की जगह किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत कर छलपूर्वक जमीन का बैनामा करा लिया था। जब इस धोखाधड़ी की जानकारी पीड़ित पक्ष को हुई, तो उसने तत्काल थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।

इस मामले में थाना चिलुआताल पर मु0अ0सं0 130/2026 के तहत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने जांच के दौरान साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष सूरज सिंह के साथ उपनिरीक्षक अजय, उपनिरीक्षक ज्ञानचन्द्र पटेल और उपनिरीक्षक विशाल श्रीवास्तव शामिल रहे। टीम की तत्परता और सक्रियता से यह मामला शीघ्र ही उजागर हो सका। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जमीन से जुड़े मामलों में इस तरह की धोखाधड़ी को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में लोगों को सतर्क रहने और जमीन संबंधी लेन-देन में पूरी जांच-पड़ताल करने की सलाह दी गई है।

# गोरखपुर विकास प्राधिकरण में कर्मचारी संगठन का चुनाव सम्पन्न

### ●अभय कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष, निर्मल सिंह उपाध्यक्ष व पवन त्रिपाठी महामंत्री निर्वाचित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के संयुक्त कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी 2025-26 के गठन हेतु शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष पद के लिए अभय कुमार श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं अरुण सिंह मैदान में थे। वहीं



उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मल सिंह और दिलीप गुप्ता के बीच मुकाबला हुआ। मंत्री (महामंत्री) पद पर पवन त्रिपाठी एकल प्रत्याशी होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कुल 114 मत पड़े, जिनमें से अभय कुमार श्रीवास्तव को 78 मत प्राप्त हुए और वे अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किए गए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को 30 मत एवं अरुण सिंह को 6 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर निर्मल सिंह ने 97 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि दिलीप गुप्ता को 19 मतों से संतोष करना पड़ा। परिणाम घोषित होते ही प्राधिकरण परिसर में खुशी का माहौल बन गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और बधाइयां दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह एवं महामंत्री पवन त्रिपाठी ने सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती, कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने संगठन में एकता बनाए रखने और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का भी संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी ने किया विक्रय प्रबन्धक (खुदरा बिक्री) डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट एवं समस्त विक्रय प्रबन्धक (एलपीजी) गैस एजेन्सी डीलर

### ●डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट के डीलरो के साथ बैठक , दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –पेट्रोलियम पदार्थो की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने विक्रय प्रबन्धक (खुदरा बिक्री) डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट एवं समस्त विक्रय प्रबन्धक (एलपीजी) गैस एजेन्सी डीलर, डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट के डीलरो की बैठक दिये आवश्यक दिशा-निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोलियम पदार्थो (गैस उपलब्धता) के सम्बन्ध में अधिकारियों पेट्रोलियम पदार्थो के विक्रय प्रबन्धक (खुदरा बिक्री) डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट एवं समस्त विक्रय प्रबन्धक (एलपीजी) गैस एजेन्सी डीलर, डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट के डीलरो के साथ बैठक कि गई बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं विक्रय प्रबन्धक को निर्देशित करते हुये कहा की सभी पेट्रोल पम्प के संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि पर्याप्त मात्रा में डीजल/पेट्रोल तथा सीएनजी की उपलब्धता बनाये रखें जिससे की आम-जनमानस को किसी भी प्रकार से कठिनाई का सामना न करना पड़े। सभी पेट्रोल पम्प के संचालक आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंश आदि को देने के लिए पेट्रोल और डीजल का आरक्षित स्टाक बनाये रखेंगे। सभी पेट्रोल पम्प के संचालक अपने प्रतिष्ठान के बाहर सहज-दृष्य पटल पर अनिवार्य रूप से प्रतिदिन का ओपनिंग स्टाक के साथ ही जनमानस के सूचनार्थ अन्य आवश्यक सूचनाओं का स्पष्ट प्रदर्शन करेंगे। सभी पेट्रोल पम्प के संचालक प्रतिदिन की औसत बिक्री एवं अन्तिम उपलब्धता की सूचना अनिवार्य रूप से तेल कम्पनियों के अधिकारियों के माध्यम से जिला पूर्ति अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। जिससे, कि अधिक बिक्री करने वाले पम्प पहचान हो सके उसके लिए विशेष प्रयास तेल कम्पनियों के अधिकारियों द्वारा किया जा सके साथ ही किसी प्रकार के कालाबाजारी एवं डायर्वजन के अंदेशा का भी पहचान की जा सके। सभी पेट्रोल पम्प के संचालको को निर्देशित किया जाता है कि वे किसी भी प्रकार भ्रामक दुष्प्रचार में न तो स्वयं संलिप्त होंगे न तो इसे बढ़ावा देंगे ऐसे कृत्य करने वालों पर नजर बनाये रखने की जरूरत है। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि पेट्रोल पम्प के संचालको द्वारा डीजल व पेट्रोल की उपलब्धता होने के बाद भी बिक्री न कर कृत्रिम अभाव की स्थिति उत्पन्न नहीं करेंगे न तो अनाधिकृत भण्डारण एवं अवैध परिवहन हीं करेंगे न तो इस कार्य में संलिप्त व्यक्तियों को कालाबाजारी एवं डायवर्जन में किसी प्रकार का सहयोग प्रदान करेंगे अन्यथा समस्त सम्बन्धित संलिप्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। पेट्रोल पम्प के संचालक नो-हेलमेट, नो-फ्यूल के नियमों का कड़ाई से पालन करते हुये प्रचार-प्रसार हेतु अपने प्रतिष्ठान पर फ्लैक्सी बोर्ड, बैनर, स्टैण्डी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। किसी भी दशा में बोतल, गैलन में पेट्रोलियम पदार्थ की बिक्री नहीं करेंगे क्योंकि पेट्रोलियम पदार्थ ज्वलनशील प्रकृति का होने के कारण आगजनी एवं अन्य दुर्घटनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने गैस एजेन्सियों के संचालक, विक्रय प्रबन्धक एलपीजी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के सभी गैस एजेन्सियों के संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि वर्तमान में तेल कम्पनियों द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश जिसमें बुकिंग एवं डिलेवरी हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्गत किया गया है कि शहरी क्षेत्र के पंजीकृत उपभोक्ता को 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता के पक्ष में 45 दिन के उपरान्त बुकिंग कर डीलेवरी प्राप्त कराने के उपरान्त निर्गत डीएसी नम्बर से ही डिलीवरी दिया जाये एवं कम्पनी द्वारा निर्गत डीएसी वाले उपभोक्ता को अनावश्यक परेशान न किया जाये उन्हें समय से होम डिलेवरी की सुविधा प्रदान की जाये। किसी भी उपभोक्ता से अधिक मूल्य न लिया जाये और न ही कम मात्रा में रिफिल ही उपलब्ध कराया जाये। वर्तमान में तेल कम्पनियों द्वारा बुकिंग हेतु दिये गये संपर्क सुविधाओं यथा प्टतैध्उपेमकबंससर्ध्ंजेंचचध्व्डब् ंचच का उपभोक्ताओं के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये उन्हें जागरूक किया जाये। इसके लिए गैस एजेन्सिया अपने प्रतिष्ठान के बाहर सूचनार्थ/प्रचारार्थ बैनर/फ्लैक्सी एवं होर्डिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। जनपद में होने वाले वैवाहिक कार्यक्रमों लिए भी उपलब्ध स्टाक से ही कार्ययोजना बनाकर इन्हें भी आपूर्ति सुनिश्चित कराया जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि किसी भी व्यक्ति या संस्थाओं द्वारा गैस सिलेण्डर की डिलेवरी होने के उपरान्त भी मांग की दोहराव की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाये। इस प्रकार की मैकेनिज्म विकसित किया जाये। प्रवासी मजदूर को भी एलपीजी का लाभ नियमानुसार दिया जाये। व्यवसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति के पहले ग्राहको का विवरण एकत्रित किया जाये, जैसे औद्योगिक घराने, रेस्टोरेंट हेतु वर्तमान में उपलब्ध होने वाले स्टाक से उनके डिलेवरी तिथि एवं माह के औसत उपभोग के आधार पर आपूर्ति सुनिश्चित किया जाये। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह और पृथ्वीराज, प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी सोनभद्र, विनय कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी सभी सम्बन्धित अधिकारीगण एवं ऑयल कम्पनियां एवं गैस एजेन्सी के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## धूमधाम से निकली शोभायात्रा, सरयू नदी में हुआ मूर्ति विसर्जन



**सिंगाही खीरी।** ब्लॉक निघासन के ग्राम सिंगहा खुर्द में चल रहे चैत्र नवरात्रि महायज्ञ का समापन शनिवार को धूमधाम के साथ हुआ। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरयू नदी मोतीपुर पहुंची।जहां विधि विधान से नदी में मूर्ति विसर्जित की गई।

शनिवार मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का खासा उत्साह देखने को मिला। जयकारों और भक्तिमय माहौल के साथ यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरयू नदी के तट पर पहुंची जहां पर आचार्यो ने विधि-विधान के साथ मूर्ति विसर्जन कराया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, राम मोहन दीक्षित, सुभाष वर्मा, सोनू चौधरी, रामप्रीत गुप्ता, नीरज सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन के सफल समापन पर ग्रामीणों ने सुख- समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## लखीमपुर खीरी- गैस एजेंसी पर दिव्यांग की पिटाई, वीडियो वायरल



**लखीमपुर खीरी** जिले में एक तरफ जहां किसान और आम लोग तपती धूप में घंटों लाइन में लगकर गैस सिलेंडर और डीजल-पेट्रोल के लिए जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर एजेंसी संचालकों की मनमानी के आरोप सामने आ रहे हैं। ताजा मामला कस्ता गैस एजेंसी का बताया जा रहा है, जहां सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दिव्यांग व्यक्ति एजेंसी स्टाफ से सिलेंडर देने की गुहार लगा रहा था, तभी एजेंसी मालिक ने गुस्से में आकर उसकी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, घटना का वीडियो बना रहे एक युवक को भी आरोपी ने मारने के लिए दौड़ाया और उसे गालियां दीं। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं न सिर्फ मानवता को शर्मसार करती हैं, बल्कि प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती हैं। अब देखना होगा कि इस मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

## वार्षिकोत्सव में छात्र -छात्राओं ने बिखेरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतिभा



**बरेली/रिठौरा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनेकपुर में बुधवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया।वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान श्री सत्यदेव ने अपने संबोधन में कहा भारतीय संस्कृति में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का विशेष महत्व है। वहीं जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनेकों विदाई समारोह होते हैं। लेकिन छात्र जीवन में इसका विशेष महत्व है।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बड़े ही मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बालिका शिक्षा, दहेज प्रथा, सोशल मीडिया का दुरूपयोग, देशभक्ति गीतों पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं के बच्चों को विदाई भी दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री कुंवरसेन ने किया।इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि कफील अहमद, प्रधान अध्यापक शांति स्वरूप, अध्यक्ष नरदेव, मंत्री कुंवरसेन, पुष्पराज, मोहसिन, मो अल्ताफ, रंजना, रूबी आर्या, अनूप कुमारी, आशीष कुमार, जगदीश अध्यक्ष अफजाल हुसैन, सहित भारी संख्या में ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

# तालाब पाटकर बसाई कॉलोनी, अब तीन मोहल्ले जलमग्न जिम्मेदारों पर उठे सवाल

● कागजों में दर्ज तालाब पर प्लाटिंग कर बिकी जमीन, वर्षों तक सोता रहा प्रशासन अब गंदे पानी में डूबे लोग पूछ रहे जवाब




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला हनिया टोला में वर्षों पहले अवैध रूप से तालाब पाटकर की गई प्लाटिंग अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। जल निकासी का रास्ता बंद होने से कस्बे के तीन मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं और सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस तालाब को नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज बताया जाता है, उसे पहले पाट दिया गया और फिर उस पर प्लॉट काटकर रजिस्ट्री तक कर दी गई। इतना ही नहीं, कई मकानों का निर्माण भी हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह सब लंबे समय तक प्रशासन की नजरों से ओझल रहा।समस्या बढ़ने पर मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की, जिसके बाद नगर पंचायत ने तालाब पाटने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब तालाब पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग और निर्माण हो रहा था, तब जिम्मेदार अधिकारी आखिर कहां थे? मामला उस समय और गंभीर हो गया जब पीस कमेटी की बैठक में स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा सीओ/सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, सदर एसडीएम अश्विनी सिंह और नायब तहसीलदार के सामने उठाया। इस पर सदर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार तालाबों के संरक्षण के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम तालाब पाटकर कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन तालाब को पुनः खुदवाकर उसकी मूल स्थिति बहाल करेगा या फिर प्रभावशाली लोगों के दबाव में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।फिलहाल गंदे पानी से जूझ रहे लोग राहत की आस लगाए प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## फुटहा फार्म में तेंदुए की तलाश तेज, बकरी को बनाया चारा; अब तक पकड़ से दूर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही-खीरी।** बेलरायां वन रेंज के फुटहा फार्म इलाके में खतरनाक होते जा रहे तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्र में पांच पिंजरे लगाए गए हैं, जिनमें बकरी को चारे के रूप में बांधा गया है, ताकि तेंदुआ लालच में आकर पिंजरे में कैद हो सके। हालांकि शनिवार तक तेंदुआ वन विभाग के जाल में नहीं फंस सका।

वन विभाग की टीमें लगातार इलाके में डटी हुई हैं और आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। तेंदुए की दहशत से ग्रामीण भय के साये में जीवन यापन कर रहे हैं। बीते बुधवार को इसी क्षेत्र में तेंदुए ने घर में घुसकर सात वर्षीय मासूम सिमरन को उठाकर मार डाला था, जिसके बाद से लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है।


रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि फुटहा फार्म के अलावा सिंधौना, रमुआपुर और दलराजपुर गांवों में भी पिंजरे लगाए गए हैं।



प्रत्येक पिंजरे के पास दो-दो कैमरे लगाए गए हैं, जबकि ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा।

शनिवार सुबह तेंदुए की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर गन्ने के खेतों की ओर पहुंच गए। सूचना मिलते ही सीडीओ मनोज तिवारी, रेंजर साथ मय फोर्स मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ घेराबंदी कर जाल बिछाकर तेंदुए को पकड़ने का प्रयास किया , लेकिन वह फिर भी पकड़ से दूर रहा। फिलहाल वन विभाग की टीमें मौके पर सतर्कता के साथ निगरानी बनाए हुए हैं।

## फर्जी निस्तारण करने की कमिश्नर सेकी शिकायत कार्यवाही का आश्वासन



**बरेली।** सरकार भले ही कितने दावे करती रहे सबका साथ सबका विकास,मगर स्थानीय स्तर पर सरकारी कर्मचारी पलीता लगाने में जुटे हैं।योगी सरकार में भी अधिकारी शाही बहुत हावी है,जो सरकार के भू-माफियों के हौंसले बुलंद कर रहा है।ऐसा ही एक मामला थाना हाफिजगंज के गांव अल्हैय्या की सोमप्रभा ने मंडालायुक्त को दिए लिखित शिकायती पत्र में आरोप लगाया है। ग्राम प्रधान की सह पर सरकारी चकरोड पर दीवार बनाकर आम रास्ता बंद किया जा है।जिसकी शिकायत पीड़िता ने पांच वार समाधान दिवस में भी की लेकिन स्थानीय अधिकारियों ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत को ही झूठा साबित कर दिया। हार थक कर पीड़िता ने साक्ष्यों के साथ मंडलायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। जैसे ही मंडलायुक्त से शिकायत की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को हुई तो खलबली मच गई है।

## बाइक टकराव के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष, बीच-बचाव करने आई महिला की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या, गांव में पुलिस तैनात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** थाना हैदराबाद की अज़ान चौकी क्षेत्र के बघमरा गांव में बीती रात एक मामूली बाइक टकराव ने खूनी रूप ले लिया। दो पक्षों के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची 50 वर्षीय महिला कमला देवी की लाठी-डंडों से पिटाई के बाद मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए हैदराबाद पुलिस गांव में तैनात कर दी गई है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, मुड़ा जवाहर निवासी अनुराग गौतम पुत्र संतोष कुमार किसी काम से बाइक से बघमरा गांव आया था। गांव के दक्षिणी छोर पर चमन यादव अपने झाले (खेत पर बने मकान) के पास खड़ा था, तभी अनुराग की बाइक उससे टकरा गई। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले मिश्रीलाल, पंकज, दिनेश और बसंत (सभी पुत्र बाबूराम पासी, निवासी बघमरा) बीच-बचाव करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतका कमला देवी के परिवार और इन पड़ोसियों के बीच जमीन को लेकर पहले से पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते बीच-बचाव के दौरान ही दोनों पक्षों में कहासुनी तेज हो गई। इसी बीच चमन यादव के घर विवाद की सूचना पहुंची तो उसकी मां कमला देवी और बड़ा बेटा रेशम सिंह यादव भी मौके पर आ गए। आरोप है कि पहले से लाठी-डंडों से लैस पंकज, दिनेश, मिश्रीलाल, बसंत आदि ने उन पर हमला बोल दिया। मारपीट में कमला देवी को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ीं।

सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची और स्थिति को संभालते हुए थाना प्रभारी हैदराबाद को बुलाया। घायल कमला देवी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त



पुलिस बल तैनात किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील मलिक ने बताया कि 'मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। अभी तक मृतका के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। 'फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है और हालात पर नजर रखे हुए है।

## टूण्डला नगर पालिका में नवनियुक्त सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, गणमान्य लोगों की रही मौजूदगी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला-** नगर पालिका परिषद टूण्डला में नवनियुक्त नामित सभासदों के शपथ ग्रहण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टूण्डला एसडीएम द्वारा सभी नवनियुक्त सभासदो को विधिवत शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के दौरान सभासदों ने नगर के विकास और जनसेवा के लिए निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवनियुक्त सभासदों में दिनेश गुप्ता, महेंद्र झा, विजय प्रजापति, नीलम दिवाकर और राहुल एडवोकेट को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात सभी सभासदों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे समारोह का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर, नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह ठेकेदार, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा नारखी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुशील चक, नगर पालिका के सभी सभासदगण, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने नवनियुक्त सभासदों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे नगर के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। कार्यक्रम का समापन सभी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## फिरोजाबाद में लव मैरिज का दर्दनाक अंत, नशेड़ी पति ने तलवार से की पत्नी की निर्मम हत्या

**टूंडला (फिरोजाबाद)।** नशेड़ी ने कहासुनी के बाद पत्नी के पेट में तलवार घोंप कर हत्या कर दी। आधे घंटे बाद बहन मंदिर से घर लौटी तो हत्या का पता चला। इस पर उसने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। नगला सिंघी थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में शुक्रवार शाम चार बजे हुई हत्याकांड से खलबली मच गई। एसपी सिटी, सीओ टूंडला मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपित पति नशेड़ी था। वह चाहता था कि पत्नी मायके वालों से संपर्क न रखे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हत्या करने के समय घर में केवल छह माह की बच्ची ही थी। पुलिस आरोपित की तलाश में दबिश दे रही है। पचोखरा क्षेत्र के गांव पमारी निवासी 27 वर्षीय सीमा देवी कुशवाह की पहली शादी फिरोजाबाद के सुहाग नगर निवासी युवक के साथ हुई थी। पति के शराब पीने और प्रताड़ना की वजह से वह एक वर्ष बाद ही पति को छोड़ कर मायके में आ गई थी। उसके पहले पति से एक बेटी थी। छह वर्ष पहले सीमा ने थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी गोविंद शुक्ला से प्रेम विवाह किया था। बेटी को भी वह अपने साथ ससुराल ले आई थी। दूसरे पति से उसे दो बेटियां हुई। गोविंद नशा करने का आदी था। वह आए दिन नशे में पत्नी को पीटता था। शुक्रवार दोपहर तीन बजे गोविंद ने बच्चियों को बड़ी बहन लक्ष्मी के साथ गांव स्थित मंदिर पर नेजा देखने के लिए भेजा दिया। घर में दंपती के अलावा केवल छह माह की बच्ची थी। इसके बाद उसने तलवार घोंप कर पत्नी की हत्या कर फरार हो गया।

## इग्नू बी.एड., पोस्टबेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहैबिलीटेशन साइकोलॉजी की प्रवेश परीक्षा 29 मार्च 2026 रविवार को होगी आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** इग्नू क्षेत्रीय



केन्द्र, लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 रीना कुमारी ने सूचना दी कि इग्नू बी.एड., पोस्टबेसिक बी.एस. सी. नर्सिंग एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलीटेशन साइकोलॉजी की प्रवेश परीक्षा रविवार, 29 मार्च 2026 को इग्नू परीक्षा केन्द्र श्री जय नारायण मिश्रा पी0जी0 कॉलेज, स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ पर होगी। उक्त प्रवेश परीक्षायें प्रातः 10 बजे से होगीं। बी.एड. में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 514, बी.एस.सी. नर्सिंग में 82 एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहेबिलीटेशन साइकोलॉजी में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 26 है। परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र पर नियत समय से आधा घंटा पूर्व पहुँचे। इग्नू की वेबसाईट www.ignou.ac.in पर जाकर दिये गये लिंक के माध्यम से समर्थ पोर्टल से अपना हॉल टिकट डाऊनलोड कर लें तथा हॉल टिकट पर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

## सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 8 के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला, 28 मार्च।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा अष्टम के भैया-बहनों का विदाई समारोह बड़े ही भावुक और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में वर्षों तक बिताए गए सुनहरे पलों को याद कर विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। लगभग 11 वर्षों तक जिस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की, उससे विदा लेना बच्चों के लिए अत्यंत भावुक क्षण रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राममोहन श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सीखे गए गुण ही भविष्य की सफलता की नींव होते हैं। वहीं आचार्य नैनेश बाबू ने छात्रों को विद्यालय में प्राप्त संस्कारों को जीवनभर याद रखने और उन्हें अपने आचरण में उतारने की प्रेरणा दी।

विदाई समारोह को भारतीय प्राचीन परंपराओं के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जलपान कराकर एवं उपहार भेंट कर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे पर जहां एक ओर भविष्य को लेकर उत्साह दिखाई दिया, वहीं विद्यालय से बिछड़ने का दुख भी साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या मंजू सक्सेना एवं आकांक्षा दीक्षित के निर्देशन में किया गया। वहीं संपूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी नूतन कुलश्रेष्ठ ने संभाली। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर स्नेहलता शर्मा, विनीता शर्मा, देवेंद्र शर्मा, संजना कुमारी, प्रियंका कुमारी, नम्रता कुमारी, शालू जी एवं मधु शर्मा सहित अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। समारोह के अंत में सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# IGRS पर पुलिस की लापरवाही: सरकार की मंशा पर फिर रहा पानी, शिकायतकर्ता बेहाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आम जनता की शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए IGRS पोर्टल की शुरुआत की थी। मकसद साफ था–लोगों को थानों और दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें और समयबद्ध तरीके से न्याय मिले। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है।

जिले के कई थाना और कोतवाली ऐसे हैं जहां IGRS शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय टालमटोल का रवैया अपनाया जा रहा है। हालत यह है कि महीनों तक शिकायतों का निस्तारण नहीं होता, बल्कि कई मामलों में तो शिकायतकर्ता से संपर्क तक नहीं किया जाता। इससे साफ जाहिर होता है कि संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली सरकार की मंशा पर पानी फेर रही है। हालांकि, कुछ थाने इस मामले में मिसाल भी बने हुए हैं।


निघासन, सिंगाही और तिकोनिया थाना IGRS शिकायतों के निस्तारण में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और समय पर कार्रवाई कर शिकायतकर्ताओं को राहत दे रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर, थाना शारदानगर, पढ़ुआ कोतवाली सदर और महिला थाना सहित कई थानों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। इन थानों पर आरोप है कि ये IGRS के जरिए मिलने वाली शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि– जब सरकार ने शिकायत निस्तारण की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन और पारदर्शी बना दी है, तो फिर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे हैं?

**जनता की मांग:**

लापरवाह थानों पर सख्त कार्रवाई हो




IGRS शिकायतों की मॉनिटरिंग और कड़ी की जाए

समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए

शिकायतकर्ता से संपर्क अनिवार्य किया जाए

अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो IGRS जैसी जनहितकारी व्यवस्था भी सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह जाएगी।

## मेधावी छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत, खुशी से खिले चेहरे



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली।** वेदोजीवनी पाठशाला कमेटी बरेली, द्वारा संचालित वेदोजीवनी एच. एस. (मांटेसरी) स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि अनिल कुमार सक्सेना वरिष्ठ अधिवक्ता ने की। विद्यालय के प्रबन्धक शशि भूषण अग्रवाल (राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित) ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय ने हमारे के अथक प्रयासों से अभूतपूर्व प्रगति की है तथा आगामी सत्र 2026-27 से इस विद्यालय में सह शिक्षा का प्रारंभ भी किया जा रहा है। जिसमें कक्षा 6 से आगे की पढ़ाई आधुनिक साज-सज्जा से सुसज्जित नवीन कक्षाओं में प्रारम्भ की जायेगी। इस अवसर पर सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षाफल भी घोषित किये गये जिसमें विभिन्न कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र के साथ आकृषक पुरस्कार से सम्मानित किया। इसमें कक्षा एन.सी. के मो. उजैन को प्रथम, तथा मो. उजैफ को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहीं कक्षा के.जी. में मोईन एवं शाहिद खान को संयुक्त रूप से प्रथम, अक्शा नूर को द्वितीय कक्षा प्रथम में श्रद्धा शर्मा को प्रथम आरिफा को द्वितीय, कक्षा दो में अरूणिता को प्रथम तथा अथर्व सक्सेना एवं कन्हैया को संयुक्त रूप से द्वितीय कक्षा 3 में नमन को प्रथम एवं अक्षरा को द्वितीय, कक्षा 4 में परिणति को प्रथम, यशी को द्वितीय तथा कक्षा 5 में दरक्शा नूर को प्रथम एवं रूबल को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रबन्ध समिति के सदस्य डॉ. विशेष कुमार सक्सेना तथा वेदोजीवनी हायर सेकेंड्री स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति कुमारी के अतिरिक्त आई.डी. सिंह, तरूण कुमार, व्योमकेश पाण्डेय तथा समस्त अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू सक्सेना ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## झोलाछाप पर गलत दवा इलाज करने का लगाया आरोप, कार्रवाई की मांग

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज।क्षेत्र के बबुरा कलां गांव निवासी दिनेश सिंह ने झोलाछाप डाक्टर पर गलत दवा देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर झोलाछाप के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।दिए गए प्रार्थना पत्र में दिनेश सिंह आरोप लगाया कि कि बीते 20 फरवरी को 18 वर्षीया पुत्री स्वचाली सिंह को चक्कर आने पर क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव रतेह चौराहा पर झोलाछाप डाक्टर अमर बहादुर यादव (एबी यादव) के क्लीनिक चिरंजीवी मेडिकल पर दिखाया गया तो उन्होंने पुत्री को एक सप्ताह की दवाई दी। झोलाछाप एबी यादव द्वारा दी गई दवा को घर पर आकर बेटी ने खाया तो चार दिन बाद बेटी घर पर गश खाकर गिर पड़ी और उसे चलने में दिक्कत होने लगी। बेटी की दिमागी हालत विक्षिप्त जैसी हो गई।हालत गंभीर देखकर बेटी को मीरजापुर मंडलीय चिकित्सालय में ले जाकर चिकित्सक को दिखाया। जहां चिकित्सक ने बताया कि गलत दवा खाने से ऐसी हालत हो गई है। बेटी की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सक ने 27 फरवरी को वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां पुत्री का 19 दिनों तक इलाज चला। बेटी का इलाज कर रहे बीएचयू ट्रामा सेंटर के न्यूरो विभाग चिकित्सकों ने बताया कि गलत दवा खाने की वजह से आपकी बेटी की ऐसी हालत हुई है। यह दवा पागलों के इलाज में दी जाती है। आज भी बेटी को चलने फिरने में दिक्कत हो रही है और उसकी याददाश्त में सुधार नही हो पा रहा है।

## स्कूल चलो अभियान की निकाली गई रैली, रैली के तहत अभिभावको मे जागरूकता फैलाई गई

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** स्कूल चलो अभियान की रैली अभिभावक व बच्चों को पढ़ाओ ऐसी जागरूकता पैदा करने के लिए बच्चों को पढ़ने के लिए एक निवेदित रैली का आयोजन किया गया, बैंड बाजे के साथ में स्कूल चलो स्कूल चलो, आधी रोटी खाओ बच्चों को पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी दो घर की रोशनी होती है ऐसे अनेक नारे बच्चों के द्वारा गूंजते हुए सड़क पर नजर आए बैंड बाजे के साथ बच्चे व शिक्षक शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग से रैली का आयोजन किया गया स्कूल चलो अभियान की रैली उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार रैली का आयोजन किया गया, सभी पढ़ें सभी बढ़े शिक्षा एक ऐसी मास्टर चाबी है जिससे हर एक ताले खुल सकते हैं शिक्षा के बिना व्यक्ति अनभिज्ञ रहता है जीवन में शिक्षा और अनुशासन यह बहुत कड़े पहलू हैं इनका जीवन में सदैव अपनाना चाहिए बड़ी कड़ी मेहनत से शिक्षा को ग्रहण करना चाहिए प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओ व अभिभावक को धन्यवाद दिया सभी का आभार प्रकट किया रैली को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया एक अभिभावक से प्रार्थना की जो कमजोर वर्ग के बच्चे हैं उनके लिए आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर लक्ष्मी नगर कॉलोनी गोला सेवा में तत्पर है और सदैव तत्पर रहेगा ऐसे बच्चों का प्रवेश तत्काल कराए जो नि शुल्क सेवा होगी जो किसी देवी आपदा से पीड़ित है, या किसी प्रकार कि समस्या से परेशान है, बीमारियों से ग्रसित हैं, ऐसे परिवार जिनकी कोई देखरेख करने वाला नहीं है, ऐसे बच्चों को निशुल्क शिक्षा आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर लक्ष्मी नगर कॉलोनी के द्वारा दी जाती है और हमेशा देते रहेंगे काजल वर्मा लक्ष्मी देवी ममता मिश्रा अंजली वर्मा सुमित कुमार यादव रामनरेश वर्मा सोहनी गुप्ता कामिनी वर्मा




सानिया शर्मा मनीषा देवी लक्ष्मी श्रीवास्तव रूबी देवी नेहा शर्मा अलका वर्मा पूजा गुप्ता कल्पना गुप्ता अंजली वर्मा प्रिय सिंह नेहा वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं ब अभिभावक महोदय उपस्थित रहे प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने सभी एडावक व शिक्षक शिक्षकों व नन्हे मुन्ने भैया बहन सभी का आभार प्रकट किया रैली के कार्यक्रम को सफल बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### लापता मासूम का शव कुएं में मिला, गांव में मचा कोहराम

**भदोही, औराई:** थाना औराई क्षेत्र के घोसिया वार्ड नंबर 5 से लापता 6 वर्षीय मासूम राजा बाबू का शव गांव के पास स्थित एक कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार 24 मार्च को यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि राजा बाबू पुत्र नेग मोहम्मद घर से अचानक गायब हो गया है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची और बच्चे की तलाश शुरू की गई। इस दौरान आसपास के कुओं और तालाबों में गोताखोरों की मदद से खोजबीन की गई, वहीं क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सोशल मीडिया के जरिए भी बच्चे की तलाश तेज कर दी थी। इसी बीच शनिवार को सूचना मिली कि गांव के समीप एक कुएं में बच्चे का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान लापता राजा बाबू के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### जी.एस. अकादमी के प्रबंधक विनय सिंह ने पत्रकार आयुष मिश्रा को किया सम्मानित

**करछना, प्रयागराज।** शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान जी.एस. अकादमी, धरवारा में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अकादमी के प्रबंधक विनय सिंह ने पत्रकार आयुष मिश्रा को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता कार्यों और सामाजिक योगदान के लिए 'सम्मान-पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया। प्रबंधक विनय सिंह ने की कार्यों की सराहना सम्मानित करते हुए प्रबंधक विनय सिंह ने कहा कि आयुष मिश्रा जैसे ऊर्जावान युवा पत्रकार समाज का दर्पण हैं, जो निस्वार्थ भाव से जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुँचाते हैं। उन्होंने आयुष के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें क्षेत्र का गौरव बताया। विनय सिंह जी की इस पहल की क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सराहना की है, जो सदैव प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहते हैं। जी.एस. अकादमीः शिक्षा और संस्कारों का संगम क्षेत्र में जी.एस. अकादमी अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण के लिए जानी जाती है। प्रबंधक विनय सिंह के कुशल नेतृत्व में यह संस्थान न केवल छात्रों का भविष्य संवार रहा है, बल्कि समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़कर समाज सेवकों और पत्रकारों को प्रोत्साहित करने का कार्य भी पूरी निष्ठा से कर रहा है। इस गरिमामयी अवसर पर अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, संरक्षक संत बहादुर सिंह और उप प्रबंधक नीतू सिंह समेत अकादमी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### चोरी में प्रयोग ऑटो रिक्शा के साथ तीन चोर गिरफ्तार



**लालगंज, मीरजापुर।** लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ मय हमराही चेकिंग अभियान में लगे थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शिव मूर्ति नगर नेशनल हाईवे थाना लालगंज में तीन संदिग्ध ऑटो रिक्शा से कही जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ मय हमराही समय लगभग सुबह 8.30 बजे सही स्थान पर पहुंचकर जयप्रकाश पटेल पुत्र चंद्रबली पटेल उम्र 25 वर्ष (ऑटो चालक) निवासी राजापुर थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर ,कन्हैया चौहान पुत्र गजराज चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी चितांग चौराहा थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर, राजेश कुमार पुत्र विद्या शंकर हरिजन उम्र 27 वर्ष निवासी मड़वानेवादा थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर को घटना में शामिल ऑटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। ज्ञात हो कि मुंशी कनौजिया पुत्र स्वर्गीय हीरालाल कनौजिया निवासी ग्राम तेंदुआ कला थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर द्वारा दिनांक 26.3.2026 को लालगंज थाने पर तहरीर दी गई थी कुछ अज्ञात चोरों द्वारा ग्राम तेंदुआ कला में गाड़ी घाट नदी पर बने अंत्येष्टि स्थल के भवन व बाउंड्री का गेट व खिड़की चुरा ले गए हैं। इसी क्रम में दिनांक 27 3.26 को अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, समयबद्ध कार्य एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश

**भदोही,** 28 मार्च 2026:-कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित सभी कार्य एवं वित्तीय प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं, जिससे पारदर्शिता एवं समयबद्ध स्वीकृति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सुरियावां पर हुए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग के समन्वय से तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दिया। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जंगीगंज स्वास्थ्य केंद्र की स्टाफ नर्स प्रतिभा गुप्ता को तत्काल प्रभाव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अभोली में तैनात करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही, कार्यक्रमों के संचालन एवं अनुश्रवण में शिथिलता पाए जाने पर डीपीएम रोली श्रीवास्तव का मानदेय रोकने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आमजन से सीधे जुड़ा हुआ विभाग है, इसलिए सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी डॉक्टर समय से उपस्थित रहकर मरीजों का समुचित उपचार सुनिश्चित करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यू0पी0 हेल्थ डैशबोर्ड के विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग के हर कार्यक्रम की कंपोजिट रिपोर्ट अगले बैठक में प्रस्तुत किया जाए। सभी एमओआईसी, आशा व एएनएम की हफ्ते में बैठक कर सघन समीक्षा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैठक की कार्यवृत्ति में सभी बिन्दुओं की समीक्षा अगले दिन तक अवश्य उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में लैब स्लैब एवं बेसिंग उपलब्धता पर बल दिया। स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत डॉक्टरों के उपस्थिति की चेकिंग एवं कार्य के प्रति उनकी दक्षता का सतत् मूल्यांकन हो। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में व्यक्तिगत व टीम बेस्ड इंटेंसिव बढ़ाने व सुधार करने का जिलाधिकारी ने निर्देश दिया। सभी पीएचसी, सीएचसी पर ड्यूटीरूम सहित सभी जगह साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि संस्थागत प्रसव को बढ़ाये, इस सन्दर्भ में आशा व एएनएम को प्रेरित करें। प्रसूता को कम से कम 48 घण्टे अस्पताल में रूकने हेतु प्रेरित किया जाय। जिलाधिकारी ने जनपद में कार्यरत सभी कम्युनिटी आफिसर को निर्देशित किया कि आयुष्मान आरोग्य मन्दिर की प्रभावी क्रियाशीलता हेतु अटेन्डेंस के माध्यम से नियमित करें, लापरवाही न बरते। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार ने सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### थाना समाधान दिवस में 78 शिकायतें आई, 15 का मौके पर निस्तारण



**भदोही:** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को 'थाना समाधान दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण का प्रयास किया गया। कोतवाली ज्ञानपुर में जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई, जहां अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जनपद भर में कुल 78 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 72 राजस्व विभाग व 6 पुलिस विभाग से संबंधित थे। इनमें से पुलिस विभाग के सभी 6 और राजस्व विभाग के 9 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों में संयुक्त कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा कि फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े और उन्हें समयबद्ध न्याय मिल सके। इस दौरान एएसडीएम ज्ञानपुर शिव प्रकाश, थाना प्रभारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## जिला उद्योग बंधु व निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक, व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों और उद्यमियों के साथ व्यापार से जुड़े विभिन्न मुद्दों, सुविधाओं और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यापारियों और उद्यमियों से संबंधित मामलों का निस्तारण समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में उद्योगों के विकास और रोजगार सृजन के लिए विभागीय अधिकारियों को सहयोगात्मक रवैया अपनाना होगा।

सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने लीड बैंक सहित सभी बैंकों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही जिन बैंकों की प्रगति धीमी है, उनकी दैनिक मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम सूर्यघर मुक्त बिजली योजना, औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए लैंड बैंक डाटा, प्लेज पार्क के विकास, 'सिटी ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस' और 'डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब' जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा बुनकरों से संबंधित लाइसेंस मुद्दे, चिल्ह-गोपीगंज मार्ग के सुदृढ़ीकरण और नए उद्योगों की स्थापना जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। व्यापारियों व उद्यमियों ने जमीन व राजस्व से जुड़ी समस्याएं उठाई, जिस पर अधिकारियों ने प्राथमिकता के आधार पर समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में उपायुक्त उद्योग दया शंकर, विद्युत विभाग के अधिकारी, निर्यातक, व्यापारी व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि उद्योगों को बढ़ावा देने और व्यापारिक वातावरण बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## यूपी-112 सेवा को मिली मजबूती, चार नई पीआरवी वाहनो को एसपी ने दिखाई हरी झंडी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:** जनपद में आपातकालीन पुलिस सेवा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को चार नई पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल (पीआरवी) को हरी झंडी दिखाकर संबंधित थानों के लिए रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय सरपतहां से इन वाहनों को रवाना करते हुए कहा कि इससे पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। नई पीआरवी वाहनों को ज्ञानपुर, औराई, भदोही व सुरियावां थाना क्षेत्रों में तैनात किया गया है। इनकी मदद से आपातकालीन कॉल पर पुलिस की पहुंच तेज होगी, जिससे अपराध नियंत्रण के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यूपी-112 सेवा पहले से ही जनता के लिए एक मजबूत सहारा है और इन नए वाहनों के जुड़ने से यह सेवा और अधिक प्रभावी व तेज बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों का उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि हर जरूरतमंद को समय पर सहायता मिल सके। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, परिवहन शाखा प्रभारी, डायल-112 प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। भदोही पुलिस ने भरोसा दिलाया कि जन सुरक्षा के लिए ऐसे प्रयास लगातार जारी रहेंगे, जिससे अपराध पर अंकुश लगाने में मदद।

### जन कल्याण हेतू मां शीतला के मंदिर पर अखंड श्री रामचरितमानस का किया गया पाठ



**सीखड़ मीरजापुर।** प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत विठ्ठलपुर में स्थित प्राचीन शीतला माता के मंदिर पर वासंतिक नवरात्र के महाअष्टमी नवमी तिथि पर जन कल्याण हेतु अखण्ड श्रीरामचरितमानस का पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। समापन के उपरांत अखण्ड पाठ का हवन पूजन कर पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 51 कन्याओ का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराते हुए दक्षिणा देकर विदा किया गया। वहीं सायं 5 बजे से भण्डारे में प्रसाद वितरण का शुभारंभ हुआ जहां देर रात तक बड़ी संख्या में भक्तों ने माता रानी के प्रसाद को ग्रहण किया।इस दौरान विठ्ठलेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन समिति के लोगों ने आभार व्यक्त किया।

## जनसुनवाई में पारदर्शिता बढ़ाने की नई पहल, अब शिकायतकर्ताओं की फोटो व पर्ची ऑनलाइन अपलोड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में जनसुनवाई प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने सराहनीय पहल की है। नई व्यवस्था के तहत अब पुलिस कार्यालय आने वाले प्रत्येक फरियादी की मौके पर फोटो ली जा रही है और उन्हें दी जाने वाली प्राप्ति रसीद (पर्ची) को तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। इस तकनीकी प्रणाली का उद्देश्य शिकायतों की ट्रैकिंग को मजबूत करना और उच्चाधिकारियों द्वारा रियल-टाइम निगरानी सुनिश्चित करना है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि शिकायतकर्ता स्वयं उपस्थित हुआ है और उसकी समस्या सही तरीके से दर्ज की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध होना चाहिए, ताकि पीड़ित को वास्तविक न्याय मिल सके। इस व्यवस्था से न केवल शिकायतों के समाधान में तेजी आएगी, बल्कि बिचौलियों की भूमिका भी खत्म होगी। इसके साथ ही जनपद के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि



वे जनसुनवाई से जुड़े अभिलेखों को अद्यतन रखें और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए आम जनता का विश्वास और मजबूत करें।

## जिला जज ,डीएम, एएसपी द्वारा जिला कारागार का किया गया संयुक्त निरीक्षण

● **विभिन्न बैंरकों, रसोई घर, डिस्पेंसरी आदि का लिया गया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 28 मार्च 2026- जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवम अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार ज्ञानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने जेल में बन्द कैदियों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली, तथा जेल अधीक्षक को सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं को समय से बन्दियों को मुहैया कराने का निर्देश दिया। इस दौरान ज्ञानपुर जिला जेल में निरुद्ध जनपद भदोही के पुरुष/महिला बैरकों में जाकर सरकार द्वारा उन्हें दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक ने रसोई घर, स्टोर खाद्यान, महिला बैरक/पुरुष बैरक/किशोर बैरक, के निरीक्षण के साथ ही जेल कैम्पस में ही संचालित डिस्पेन्सरी का भी निरीक्षण किया तथा डिस्पेन्सरी में मौजूद दवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। तत्पश्चात सभी अधिकारियों ने महिला बैरक में पहुच कर उन्हें जेल प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की तथा उन्हें सरकार द्वारा प्रदत सभी



सुविधाएं समय पर मुहैया कराये जाते रहने का निर्देश दिया। उपर्युक्त लोगों ने पेयजल व्यवस्था, शौचालय, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण के साथ ही मुलाकाती पंजिका का भी अवलोकन किया। कारागार अधीक्षक ने कारागार का अवलोकन कराया। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

## रामनवमी पर गोपीगंज में निकली भव्य शोभायात्रा, पुष्प वर्षा से गूंजा नगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। सुप्रभातम प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित यह शोभायात्रा बाबा कबूतरनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सदर मोहल्ला, पश्चिम मोहल्ला, ज्ञानपुर रोड व काली मोहल्ला होते हुए देर रात पुनः सदर मोहल्ला पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्री राम फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान रहे, जिनके साथ भगवान शिव, बजरंगबली, मां दुर्गा, श्री गणेश व विष्णु भगवान की एक दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। विशेष रूप से राधा-कृष्ण की सजीव झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

यात्रा के दौरान जहां-जहां भगवान श्री राम का रथ पहुंचा, वहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं ने घरों की छतों से पुष्प वर्षा कर प्रभु श्रीराम का स्वागत किया और पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की पूजा-अर्चना व आरती की गई। सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह शीतल पेयजल व प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। आयोजन में समिति के कृष्ण कुमार खटाई, विनीत मिश्रा, पालिका अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अखिलेंद्र सिंह बघेल, बृजेश गुप्ता, अश्वनी अग्रवाल, रामकृष्ण खट्टू, अनंत अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक शैलेश राय, चौकी इंचार्ज कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी बल तैनात रहा, जबकि नगर पालिका परिषद द्वारा साफ-सफाई व पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### नवरात्र के नौमी को मॉ गंगा महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अपर जिलाधिकारी

**विंध्याचल।** पक्का घाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित नवरात्र के नौमी को मॉ गंगा महा आरती में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी अनेग सिंह शामिल हुए गंगा आरती के पहले मुख्य अतिथि को आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी व टीम द्वारा संकल्प कराकर महाआरती प्रारंभ किया गया अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह ने कहा की मॉ गंगा से हमेशा आशीर्वाद लेने के लिए आता रहता हूं उप जिलाधिकारी अनेग सिंह ने कहा की मॉ गंगा आरती में पहली बार आने का मौका मिला जल्द ही परिवार के साथ आऊंगा बहुत भव्य आरती होती है गंगा आरती पश्चात मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व मॉ गंगा का चित्र देकर सम्मान किया गया आरती में मुख्य रूप से गंगा आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी, जितेन्द्र मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, धीरज तिवारी, दिनेश गुप्ता, गगन माली, विश्वनाथ साहू, हिमांशु मिश्रा, राज तिवारी, रामजी माली, रमेश, व भक्त गण शामिल हुए।

## रामनवमी के उपलक्ष में निकाली गई प्रभु श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा

● **सुंदर कांड पाठ का हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** श्री राघव जी सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को देर शाम प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। सुंदर कांड पाठ के पश्चात मंदिर के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी द्वारा भगवान राम की आरती की गई। शोभा यात्रा गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर से प्रारंभ होकर सर्राफा बाजार, चौक,रस्तोगी तिराहा होते हुए राघव जी मंदिर पर समाप्त हुई। जय श्री राम के नारे से गूंज उठा वातावरण। यात्रा में भगवान श्री राम की मनमोहक झांकी मुख्य आकर्षक रही।उसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर पांडे, बचाउ लाल सेठ, चंद्रहास गुप्ता, राजू गुप्ता, राजेश साहू, संजय साहू, अमित गुप्ता, किशन मोदनवाल, अंशु सेठ, अंशु अग्रवाल, सौरभ पुजारी, प्रदीप रस्तोगी, विकल गुप्ता,विजय बहादुर सिंह, कान्हा रस्तोगी,विनोद जायसवाल, राजेश जायसवाल, विवेक दुबे, कान्हा जायसवाल, समर्थ वैद्य, सुमित सेठ अवध किशोर सेठ, अमित सेठ, पंकज सेठ, तिलक जायसवाल, संजय केशरी, सर्वेश



अवस्थी, राहुल सेठ, आनंद सेठ, आशीष बिंद, दिनेश सेठ , दीपक सेठ,चंदन सेठ, रवि सेठ, जगदीश सेठ, पारस गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रतीक राव बैद्य, मुन्ना सेठ, रोहित सेठ सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नव दिवशीय संगीतमय राम कथा के नौवें दिवस रामकथा में बही भक्ति कि बयार

**सीखड़ मीरजापुर।** क्षेत्र के बगहा गांव में श्रीराम कथा समित द्वारा प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित नव दिवसीय श्री राम कथा का भव्य समापन शुक्रवार को देर रात हुआ। कथा के नौवें दिन कथा व्यास आचार्य यज्ञेश जी मानस मीन के द्वारा रामकथा पर भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध, अयोध्या वापसी, भगवान श्री राम का राज्याभिषेक पर विस्तृत चर्चा करते हुए भक्तिपूर्ण वातावरण बना दिए। श्रोता जय श्रीराम के जयघोष करते हुए कथा का आनंद लिया।इस दौरान काशी विश्वनाथ भगवान के अर्चक श्रीकांत मिश्र,श्रीराम कथा समित के अध्यक्ष गुड्डु शुक्ला व पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय के द्वारा व्यासपीठ पर विराजमान भगवान श्री राम कि आरती उतारी। इस अवसर पर संयोजक पारसनाथ सिंह, तारकेश्वर मिश्रा, राजा भईया, मुन्ना पांडेय, सुनील शुक्ला, पक्कू दुबे, अखिलेश त्रिपाठी, आशीष पाठक, कौशलेंद्र सिंह,



कपिल पांडेय, गोलू सिंह, छोटे विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।।



# कार्यालय नगर पंचायत सुरियावाँ, जनपद-भदोही

पत्रांक 306/ न0पं0 सुरियावाँ/2025-26 — दिनांक-28-03-2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पंचायत सुरियावों में जनपद-भदोही के सभी 13 वार्डो को खुले में शौच से मुक्त (ODF+) पूर्व में किया जा चुका है। निम्नलिखित वार्डवार सूची के अनुसार नागरिकों एवं वार्ड सदस्यों के बहुमूल्य प्रयासों से निकाय के समस्त वार्ड (ODF+) से सम्बन्धित समस्त मानकों को पूर्ण कर चुके हैं और निकाय में सभी वार्डो को एस0बी0एम0 द्वारा (ODF+) किया जा चुका है। इस आशय का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है। जिस हेतु निम्नलिखित वार्डो में खुले में शौच (ODF+) से सम्बन्धित यदि किसी व्यक्ति / सामाजिक संस्था को कोई आपत्ति / सुझाव है तो इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत सुरियावों में किसी भी कार्यदिवस में लिखित रूप से अपनी आपत्ति / सुझाव दे सकतें है। निश्चित अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नही किया जायेगा।

**खुले में शौच से मुक्त (ODF+) वार्डो का विवरण**

| क्र0 स0 | वार्ड संख्या | वार्डो का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 01 | अम्बेडकर नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 2 | 02 | सुभाष नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 3 | 03 | अशोक नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 4 | 04 | शास्त्री नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 5 | 05 | दीन दयाल नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 6 | 06 | नेता नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 7 | 07 | इन्दिरा नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 8 | 08 | जय प्रकाश नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 9 | 09 | नेहरू नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 10 | 10 | संजय नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 11 | 11 | शेखर अजाद नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 12 | 12 | शहीद नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |
| 13 | 13 | गाँधी नगर | खुलेमें शौच से मुक्त (ODF+) कियाजाचुका है/ एस0बी0एम0 (ODF+) |

इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि भविष्य में कोई व्यक्ति खुले में शौच करते हुये पकडे जाने पर रू0 500/- एवं पेशाब करते हुये पाये जाने पर 200/- रू का शुल्क वसूली किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सुरियावा भदोही**

## संक्षिप्त खबरें

### महाविद्यालय में नशा मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन

**नैनी, प्रयागराज।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में दिनांक 28 मार्च 2026 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश की अध्यक्षता में नशा मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 'नशा मुक्ति में युवाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर के भागीदारी की ,इसमें छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। प्राचार्य ने कहा कि नशा हमारे जीवन और समाज दोनों के लिए घातक है, युवा होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम न केवल स्वयं नशे से दूर रहें बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डॉ. धीरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा अक्सर अपराध को बढ़ाता है युवा इसके खिलाफ आवाज उठाकर समाज को सुरक्षित बना सकते हैं। डॉ.इंदु प्रकाश सिंह ने बताया यदि युवा स्वयं नशे से दूर रहें तभी दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं अंत में डॉ.जयराम त्रिपाठी ने नशा उन्मूलन में एक स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए युवाओं की भागीदारी की अनिवार्यता पर जोर दिया ।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो.हेमलता डॉ राजेश,ऋषि प्रताप सिंह एवं संदीप सामंत सिंह की सक्रिय भूमिका रही इसमें छात्र छात्राओं समेत समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रोशन बाग़ में तीन मंजिला मकान में भीषण आग, समय रहते टला बड़ा हादसा



**प्रयागराज।** शहर के खुल्दाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत रोशन बाग़, सुल्तानपुर भावा इलाके में शनिवार को एक तीन मंजिला मकान के ऊपरी हिस्से में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि मकान की ऊपरी मंजिल से लपटें और काला धुआं दूर से ही दिखाई देने लगा। हालांकि, घर में मौजूद लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में सहयोग करने लगे। पास स्थित जीवन हास्पिटल के मैनेजर सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने बताया कि अस्पताल की ऊपरी मंजिल से धुआं और आग की लपटें दिखाई दीं। जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक मकान मालिक और स्थानीय लोग मिलकर आग पर काफी हद तक काबू पा चुके थे। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

### ट्रिपल आईटी चौराहे पर टैंकर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल




**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र स्थित ट्रिपल आईटी (IIIT) चौराहे पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इंडियन ऑयल के एक टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भीषण था कि युवक का पैर टूट गया और उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार चौराहे से गुजर रहा था तभी तेज रफ्तार टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और दर्द से कराहने लगा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल घायल को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर टैंकर को कब्जे में ले लिया है तथा चालक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# प्रफुल्ल पटेल ने एनसीपी पर कब्जे की कोशिश की थी? रोहित पवार का बड़ा दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** अजित पवार की मौत के बाद क्या पार्टी पर कब्जे की कोशिश हुई? कम से कम अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने तो यही दावा किया है। उन्होंने कहा कि एनसीपी पर प्रफुल्ल पटेल और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने कब्जा करने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि इसको सुनेत्रा पवार ने विफल कर दिया। एनसीपी (शरदचंद्र पवार गुट) के नेता और विधायक रोहित पवार ने अपने दावे के समर्थन में प्रफुल्ल पटेल और तटकरे द्वारा चुनाव आयोग को भेजे गए एक ख़त को पेश किया। हालाँकि उनके इस दावे को सुनील तटकरे ने सिरे से खारिज कर दिया और दावा किया कि शरद पवार गुट ही पार्टी का विलय कराकर पार्टी पर कब्जा करना चाहता था।

इन आरोपों पर तटकरे ने क्या-क्या जवाब दिया है, यह जानने से पहले यह जान लें कि रोहित पवार ने क्या दावा किया है। रोहित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अजित पवार के निधन के बाद एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश की थी। रोहित पवार ने कहा कि अजित पवार की मौत 28 जनवरी को हुई थी और सिर्फ 18 दिन बाद 16 फ़रवरी को प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे और एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव बृजमोहन श्रीवास्तव ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि इसमें उन्होंने झूठा दावा किया कि पार्टी के संविधान में बदलाव कर दिया गया है और कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को सारी शक्तियां सौंप दी जाएँ।

रोहित पवार ने कहा, 'यह पहले से प्लान किया गया षड्यंत्र था। उन्होंने सुनेत्रा पवार और परिवार के अन्य सदस्यों को अंधेरे में रखा। न तो सुनेत्रा पवार को बताया गया और न ही उनके बेटे पार्थ पवार को। पार्टी के विधायकों को भी कुछ पता नहीं था।' बाद में जब सुनेत्रा को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने चुनाव आयोग को एक पत्र भेजकर पहले भेजे गये पत्र को अमान्य मानने की अपील की। रोहित पवार ने मीडिया के सामने दोनों पत्र दिखाए। एक प्रफुल्ल पटेल का 16 फरवरी का पत्र और दूसरा सुनेत्रा पवार का 10 मार्च का पत्र। रोहित ने कहा है कि सुनेत्रा पवार जब पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं तब उन्हें इस पत्र की जानकारी मिली। उन्होंने 10 मार्च को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा कि 2 जनवरी से लेकर उनके अध्यक्ष बनने तक का कोई भी पत्र मान्य नहीं होना चाहिए। इससे प्रफुल्ल पटेल की कोशिश नाकाम हो गई।

## झूंसी क्षेत्र में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, नैका व मायापुरी समेत कई इलाकों में लोगों का जीना हुआ दूभर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**झूंसी प्रयागराज।** झूंसी क्षेत्र के नैका, मायापुरी सहित आसपास के कई मोहल्लों में इन दिनों मच्छरों का जबरदस्त आतंक देखने को मिल रहा है। हालात ऐसे हैं कि दिन हो या रात, लोगों का घरों में बैठना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगातार बढ़ रहे मच्छरों के कारण बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। नैका और मायापुरी इलाकों में जगह-जगह जलभराव, गंदगी और नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण मच्छरों का प्रजनन तेजी से हो रहा है। शाम होते ही मच्छरों का झुंड घरों में घुस जाता है, जिससे लोगों को सोने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि कई बार नगर निगम से शिकायत की गई, लेकिन अभी तक न तो फॉगिंग कराई गई और न ही साफ-सफाई की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।

डॉक्टरों के अनुसार मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में समय रहते रोकथाम के उपाय जरूरी हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नियमित फॉगिंग कराई जाए, नालियों की सफाई सुनिश्चित की जाए और जलभराव की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां अलोप शंकरी देवी मंदिर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**ब्यूरो प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद प्रयागराज स्थित मां अलोप शंकरी देवी मंदिर में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मुख्य कलाकार सुश्री मोनिका धर जी और उनकी टीम के द्वारा देवी गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। उनकी संगीतमयी प्रस्तुति से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। मां अलोप शंकरी मंदिर में परम पूज्य जमुना गिरि जी महाराज का आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ। इसी क्रम में ललिता देवी मंदिर में मिशन शक्ति के अंतर्गत शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गायिका रीता देवी एवं उनकी टीम द्वारा देवी भजन गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज द्वारा किया गया।

## रेल कर्मचारी एक अप्रैल को काला दिवस मनाएंगे- मनोज पांडे

● **रेल कर्मचारियों की पत्नियाँ एवं बच्चे भी करेंगे विरोध।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** न्यू पेन्शन स्कीम (एन पी एस) के विरोध में इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन(IREF) ने एक अप्रैल को भारतीय रेलवे के सभी जोनो एवं उत्पादन इकाइयों में काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी देते हुए इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के महामंत्री मनोज पाण्डेय ने बताया की फेडरेशन की कोर कमेटी ने इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नर सिंह कुमार की अध्यक्षता सपन्न हुई वर्चुअल मीटिंग में नेशनल मूवमेंट फार ओल्ड पेन्शन स्कीम (NMOPS) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु से विचार-विमर्श करने के बाद एक अप्रैल को काला दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

रेल कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर ही काला फीता बांध कर NPS/UPS गो बैक पुरानी पेन्शन बहाल करो, निजीकरण भारत छोडो का नारा लगा कर अपना विरोध दर्ज कराते हुए काला दिवस मनाएंगे। रेल कर्मचारियों की पत्निया एवं बच्चे भी एन पी एस/यू पी एस वापस जाओ पुरानी पेन्शन बहाल करो के नारे को बुलन्द कर अपना विरोध दर्ज कराएँगे। इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन एवं नार्थ सेन्ट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन के महामंत्री कामरेड मनोज पाण्डेय ने कहा कि पुरानी पेन्शन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य का आधार है हक़ है हमारा हम इसे लेके रहेंगे चाहे इसके लिए किसी भी हद तक जाना पड़े। कामरेड ने कहा कि नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेन्शन स्कीम (NMOPS ), इण्डियन रेलवे इम्प्लॉइज फेडरेशन (IREF )एवं फ्रन्ट अगेंस्ट एन पी एस इन रेलवे (FANPSR)के नेतृत्व में देश के सभी कर्मचारी एक साथ मिलकर पुरानी पेन्शन की माँग कर रहे है और अब एकजूट होकर राष्ट्र व्यापी आन्दोलन करने को तैयार है। फेडरेशन की कोर कमेटी के वर्चअल मीटिंग में कामरेड नर सिंह कुमार, कामरेड मनोज पाण्डेय, कामरेड राजेन्द्र प्रसाद पाल, कामरेड कमल उसरी, कामरेड पुष्पेंद्र त्रिपाठी, कामरेड संदीप तिवारी, कामरेड रमेश सिंह, कामरेड संजय तिवारी, कामरेड नीलमपाण्डेय, कामरेड सुधा देवी आदि ने अपने विचार व्यक्त किया।



# किसी एक का ही धर्म सच्चा है, ये कहना ग़लत है

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मऊ से जुड़े एक पादरी की याचिका पर आईपीसी की धारा 295 से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण फैसले में याचिका को खारिज करते हुए तल्ख टिप्पणी की है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पादरी को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का यह दावा करना गलत है कि उसका ही धर्म सच्चा है क्योंकि ऐसा करना अन्य धर्मों का अपमान करने जैसा है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कृत्य IPC की धारा 295- A के तहत आते है जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और गलत इरादे से किए गए कामों पर रोक लगाता है.कोर्ट ने आवेदक पादरी की बीएनएसएस की धारा 528 के तहत दाखिल अर्जी को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि यह आदेश आवेदक को कानून के हिसाब से मौजूद उपाय का फायदा उठाने से नहीं रोकेगा।

यह आदेश जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की सिंगल बेंच ने रेवरेंड फादर विनीत विंसेंट परेरा उर्फ़ फ़ादर विनीत विंसेंट परेश की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। मामले के अनुसार आवेदक पादरी ने अपने खिलाफ चार सितंबर 2023 को मऊ के मुहम्मदाबाद थाने में दर्ज आईपीसी की धारा 295A के तहत एफआईआर के बाद मऊ कोर्ट द्वारा 19 फरवरी 2024 की चार्जशीट और 18 मई 2024 के संज्ञान आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. आवेदक पादरी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से याचिका के माध्यम से अपने खिलाफ दाखिल चार्जशीट, संज्ञान आदेश और मऊ कोर्ट में चल रही संपूर्ण कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी।

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान आवेदक पादरी के वकील ने यह तर्क दिया कि आवेदक को इस मामले में पक्ष संख्या दो द्वारा केवल परेशान करने के उद्देश्य से झूठा फंसाया गया है. क्योंकि आवेदक ने समाज के वंचित वर्ग का अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने या अन्य धर्मों के विरुद्ध बोलने जैसा कोई भी कथित अपराध कभी नहीं किया है।

आवेदक के वकील ने यह भी तर्क दिया कि जांच के दौरान संबंधित जांच अधिकारी ने पहले ही यह निष्कर्ष निकाल लिया था कि आवेदक द्वारा कोई भी अवैध धर्म परिवर्तन कभी नहीं किया गया है. जहां तक अन्य धर्मों की आलोचना करने के आरोप का संबंध है आवेदक के वकील ने यह पेश किया कि FIR के विवरण को पढ़ने पर आवेदक के विरुद्ध IPC की धारा 295-A के तहत कोई मामला नहीं बनता है।

आवेदक के वकील ने आगे दलील दी कि आवेदक को कथित अपराध से जोड़ने के लिए उसके विरुद्ध शायद ही कोई साक्ष्य मौजूद है. आवेदक के वकील ने कहा कि निष्पक्ष जांच किए बिना संबंधित जांच अधिकारी ने आवेदक के विरुद्ध आरोप पत्र (chargesheet) प्रस्तुत कर दिया जिस पर संबंधित कोर्ट ने बिना अपने न्यायिक विवेक का प्रयोग किए आरोप पत्र के आधार पर अपराध का संज्ञान ले लिया जो कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है. और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए।

वहीं राज्य सरकार ने आवेदक पादरी की याचिका का विरोध करते हुए यह तर्क दिया कि आवेदक की ओर से जो दलीलें उठाई जा रही है वे तथ्यों के विवादित प्रश्नों से संबंधित है और उनमें साक्ष्यों के मूल्यांकन की आवश्यकता होगी. यह पेश किया गया है कि संज्ञान लेते समय केवल प्रथम दृष्ट्या मामला ही देखा जाना होता है और संबंधित न्यायालय से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वह कोई 'मिनी ट्रायल' करे। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद माना कि इस मामले में केवल एक ही प्रश्न उठता है वह यह कि क्या FIR के विवरण के माध्यम से आवेदक पर लगाया गया कृत्य, IPC की धारा 295-A में वर्णित अपराध के दायरे में आता है अथवा नहीं। कोर्ट ने कहा कि आईपीसी की धारा 295 जो जान-बूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्यों से संबंधित है जिनका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना होता है. धारा 295 में अगर कोई ऐसा करने का प्रयास करता है तो उसे किसी भी प्रकार के कारावास से दंडित किया जाएगा जिसकी अवधि तीन वर्ष तक हो सकती है या फिर जुर्माना लगाया जा सकता है या दोनों हो सकते है।

### आगरा के नगला पदी में विवाद के बाद हलवाई की हत्या, दंपती गिरफ्तार

**पड़ोसी जीतू और पत्नी राधा ने चाकू से हमला किया**

**आगरा।** नगला पदी में शुक्रवार रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पड़ोसी युवक ने चाकू से हमला करके हलवाई की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय गणेश वर्मा मूल रूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। लंबे समय से नगला पदी में किराये पर रहकर काम कर रहे थे। उनकी पत्नी अलग रह रही है। उनकी एक बेटी है जो कक्षा 9 में पढ़ती है। बताया जा रहा है कि उसी मकान में रहने वाले युवक जीतू और उसकी पत्नी राधा के साथ रात में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और आरोप है कि गुस्से में आकर जीतू ने चाकू से गणेश पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। न्यू आगरा पुलिस ने आरोपित दंपती को हिरासत में लिया है।

## कांग्रेसी नेता की पत्नी के निधन पर सांसद उज्जवल रमण उनके घर शोक व्यक्त किया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी प्रयागराज।** शनिवार को मण्डल कांग्रेस के सफर को शुरू करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज में कई बार पदों पर रहने वाले व्योवृद्ध कांग्रेसी नेता शंभूनाथ शर्मा की पत्नी श्रीमती शांती देवी उम्र लगभग 65 वर्ष के आकस्मिक निधन पर उनके इकलौते पुत्र विवेक शर्मा ऊर्फ लल्ला शर्मा ने मुख्यगागिनी दी है।इस दुःखद घड़ी पर प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण सिंह व्योवृद्ध कांग्रेस नेता शंभूनाथ शर्मा के नैनी स्थित भवन मुक्ता बिहार आवास पर कांग्रेस जनो के साथ पहुंचकर परिवार जनों के बीच में अपनी संवेदना किया। और दुःखद घड़ी में अपनी आस्था को कांग्रेस जनों के साथ सम्मिलित करते हुए मृत आत्मा शान्ति हेतू ईश्वर से प्रार्थना किया। इस सवेदना कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार के प्रदेश महासचिव विवेक कुमार पाण्डेय,कांग्रेसी नेता मो यूनुस अंसारी, रामधारी यादव, गजेंद्र सिंह जी, महिला नेता आभा देवी, समाज़वादी के महाँनगर सचिव धीरू यादव, इंजिनियर विजय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, राम सिंगार शर्मा, छेदी लाल कन्नोजिया, बाँके लाल पटेल सहित तमाम कांग्रेस जनो व सामाजिक लोंगो का एक बृहद जन सैलाब मौजूद रहा है।

# एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न, कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और सैन्य कौशल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 15 यूपी बटालियन के कुशल नेतृत्व में नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, जमुनीपुर परिसर में एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र के लिए कैडेट्स की प्रायोगिक परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में विभिन्न बटालियनों के कैडेट्स ने अनुशासन, दक्षता एवं सैन्य प्रशिक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रायोगिक परीक्षा में 1 यूपी सीटीआर, 2 यूपी आर्टी बैटरी, 6 यूपी गर्ल्स बटालियन तथा 17 यूपी बटालियन के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह, समर्पण और सैन्य गरिमा के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

परीक्षा के दौरान कैडेट्स का मूल्यांकन ड्रिल, शस्त्र संचालन, मैप रीडिंग, कम्युनिकेशन एवं फील्ड क्राफ्ट जैसे विभिन्न सामरिक विषयों पर किया गया। कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे परीक्षकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

इस अवसर पर 15 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल राहुल दुबे एवं 60 यूपी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल योगेंद्र चिनवान ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कैडेट्स के प्रदर्शन को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. कृपा शंकर यादव, प्रशिक्षक मयंक यादव सहित 15 यूपी बटालियन के अधिकारीगण– सूबेदार राजेंद्र कुमार (प्रशिक्षण जेसीओ), नायब सूबेदार अनिल सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोरांव प्रयागराज।** दुष्कर्म और धमकी के गंभीर मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को सोरांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, थाना सोरांव पर दर्ज मुकदमा संख्या 101/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त सचिन सरोज (20 वर्ष) पुत्र रमेश सरोज, निवासी ग्राम सरायदीना, को शनिवार 28 मार्च 2026 को थाना क्षेत्र के ददौली चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी ने वादी की पुत्री को करीब दो वर्षों तक शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, जब पीड़िता ने विरोध या शिकायत की बात कही तो आरोपी ने उसकी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी। पीड़िता के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना सोरांव में आरोपी के खिलाफ धारा 69, 115(2) और 351(3) भा.न्या.सं. के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।



**पुलिस टीम की सक्रियता से मिली सफलता**

थाना सोरांव पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर आरोपी को दबोच लिया।

## प्रोफेसर ने क्लासरूम में मेडिकल छात्रा को किया प्रपोज

● **लड़की ने चप्पल से पीटा, हुआ जबरदस्त हंगामा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलमंगला के पास सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज में अजीबोगरीब मामला सामने आया है. जहां एक प्रोफेसर ने क्लासरूम के अंदर एक छात्रा को चॉकलेट और फूल देकर प्रपोज़ करने की कोशिश की. इस घटना के बाद कॉलेज कैंपस में हंगामा और हिंसा भड़क उठी. इस घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में छात्रा को प्रोफेसर को चप्पल से पीटते हुए देखा गया, जबकि अन्य छात्रों ने कैंपस और कार के पास प्रोफेसर के साथ मारपीट की।

जानकारी के अनुसार यह घटना सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज में हुई, जिसके मालिक कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर हैं। आरोपी की पहचान अब्दुल के रूप में हुई है. उस पर आरोप है कि उसने क्लासरूम के अंदर एक छात्रा को चॉकलेट और फूल देकर प्रपोज करने की कोशिश की. छात्रा ने तुरंत अपने क्लासमेट के सामने प्रोफेसर का विरोध किया। हालांकि, प्रोफेसर ने अपने बचाव में कहा कि छात्रा ने खुद उससे प्यार का इजहार किया था और उसके पास इसका सबूत भी है. जैसे ही यह खबर फैली, दूसरे छात्र भी गुस्से में आ गए और उन्होंने प्रोफेसर का घेराव कर लिया, जिससे दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।

हालात तब और बिगड़ गए जब छात्रा और दूसरे छात्रों ने मिलकर प्रोफेसर पर हमला कर दिया. वीडियो में छात्रा को अपनी चप्पल से प्रोफेसर को मारते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरे छात्र भी उस पर हाथ-पैर चला रहे थे. बताया जा रहा है कि छात्रों ने प्रोफेसर का पूरे कैंपस में पीछा किया और उसकी कार के पास पहुंचकर उस पर दोबारा हमला किया। इस हमले में घायल होने के बावजूद, प्रोफेसर किसी तरह मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा. यह मामला नेलमंगला ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है. कॉलेज प्रशासन ने प्रोफेसर को निलंबित कर दिया है।




# लॉकडाउन पर आ गई सरकार की सफाई, पीएम ने कहा था- जंग की चुनौती कोरोना जैसी, तैयार रहना होगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध का असर करीब-करीब पूरी दुनिया पर देखा जा रहा है। ईरान ने होर्मुज की खाड़ी में तेल के जहाजों की आवाजाही पर रोक लगा रखी है, जिसकी वजह से दुनियाभर में तेल और गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है। भारत पर इसका व्यापक असर दिख रहा है। देश के कई हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गई हैं और एलपीजी यानी रसोई गैस की कमी की भी खबरें आ रही हैं। वहीं पीएम के संसद में दिए गए बयान से लोगों में बेचैनी और बढ़ गई है। दरअसल, लॉकडाउन की अफवाहें प्रधानमंत्री मोदी के चार दिन पहले संसद में दिए गए बयान के बाद शुरू हुई। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब केंद्र सरकार की तरफ से शुक्रवार को सफाई आई है। सरकार ने देश में लॉकडाउन लगने की बात को अफवाह बताया है। सरकार के 3 बड़े मंत्री निर्मला सीतारमण, किरेन रिजिजू और हरदीप पुरी ने बयान जारी किए। कहा कि ये सिर्फ अफवाहें हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुझे हैरानी है कि कुछ नेता कह रहे हैं कि लॉकडाउन होगा और फ्यूल की कमी होगी। ये बेबुनियाद बातें हैं। राजनीतिक डोमेन में बैठे लोगों की तरफ से ऐसी बातें चिंता की बात हैं। कोविड के दौरान जैसा लॉकडाउन हमने देखा, वैसा कोई लॉकडाउन नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### चैत्र नवमी पर रामनवमी स्वागत समिति द्वारा पांच मंदिरों में किया गया लंगोट अर्पण व प्रसाद वितरण, शहर में रहा भक्तिमय माहौल



**हजारीबाग, झारखंड:-** श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने अपने साथियों के साथ चैत्र नवमी के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर भगवान के चरणों में लंगोट अर्पित किया। इस दौरान श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बड़ा अखाड़ा में महंत विजय आनंद दास जी के सानिध्य में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के दर्शन के साथ हुई। इसके पश्चात समिति के सदस्यों ने हनुमान मंदिर में वीर बजरंगी को लंगोट अर्पित किया तथा प्रसाद वितरण किया। इसके बाद दल ने संकट मोचन मंदिर, लोअर बड़म बाजार, कानी बाजार बजरंगबली मंदिर, महावीर स्थान महावीर मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना की और बजरंगबली को लंगोट अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष टोनी जैन ने भगवान श्री राम से हजारीबाग की जनता सहित पूरे विश्व में सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस पुनीत कार्य में भाजपा जिला महामंत्री सुमन कुमार, सोनू गुप्ता, इंद्र कुशवाहा, मुकेश सिंह, रुद्र राज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर** - मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पलेसर में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहु सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,रानी लक्ष्मी बाई ,बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओं के संबंधित जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया। मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस, आपातकालीन सेवा 1090 ,वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 - एंबुलेंस सेवा1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वी मेन हेल्पलाइन 101 अग्निशमन सेवा के बारे में विस्,तार से जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम उप नि0 कृष्ण कुमार पाण्डेय,उप नि0 तालिमुद्दीन खान, हेड कांस्टेबल धनंजय दूबे आदि लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी का मेन गेट बंद करने से मरीज परेशान, लोगों ने जताया रोष

**प्रतापगढ़।** सीएचसी पट्टी में निर्माण कार्य के लिए मेन गेट बंद कर दिया गया। लेकिन वैकल्पिक रास्ते के लिए पीछे का गेट नहीं खोला गया। इससे एंबुलेंस और मरीजों के वाहन भीतर नहीं प्रवेश कर पा रहे हैं। मरीजों की परेशानी को देखते हुए लोगों में अस्पताल प्रशासन के प्रति रोष बढ़ रहा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पट्टी में जलभराव की समस्या को देखते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मेन गेट पर निर्माण कार्य शुरू होने के पहले अस्पताल का पीछे वाला गेट मरीजों व एंबुलेंस के लिए खोलने की बात कही गई थी, लेकिन आरोप लगाया जा रहा है कि पीछे वाला गेट खोले बगैर मेन गेट पर काम शुरू करा दिया गया। इससे एंबुलेंस व मरीजों का रास्ता बाधित हो गया। इसे देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने सीएचसी अधीक्षक से पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। समस्या को लेकर तीमारदारों और अधीक्षक के बीच हुई बातचीत का वीडियो और नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल के बीच बातचीत का वीडियो भी वायरल होने की चर्चा है।उन्होंने जिला प्रशासन से अस्पताल की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने तथा पूरे प्रकरण की जांच व कार्रवाई कर मरीजों को राहत दिलाने की मांग की है। उधर, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरपी भारती का कहना है कि आगे वाले गेट पर काम चल रहा है, पीछे से रास्ता दिया गया है।

# हजरत दूलाह शाह बाबा के दरबार में 3 अप्रैल से तीन दिवसीय उर्स, तैयारियाँ अंतिम चरण में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग (झारखंड):-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चयकलां स्थित हजरत दुलाह शाह बाबा दरगाह में आगामी 3 अप्रैल से तीन दिवसीय उर्स मेला का आयोजन प्रारंभ होगा, जो 5 अप्रैल तक श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न होगा। उर्स कमेटी के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उर्स के अवसर पर पूरी रात चलने वाली महफ़िल-ए-समां (कव्वाली) इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगी। देश के विभिन्न हिस्सों से आए मशहूर कव्वाल सूफियाना कलाम पेश कर जायरीन को आध्यात्मिक भाव में सराबोर करेंगे।

**कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है**

3 अप्रैल को उर्स की शुरुआत कुरान ख्वानी से होगी, जिसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और



हैदराबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों से इस्लामिक विद्वान, वक्ता एवं नातख्वां शामिल होंगे। प्रमुख हस्तियों में मौलाना गुलाम रसूल बलियावी, मौलाना सैयद कामरान हसीब (रामगढ़), जमाल अख्तर (पलामू), जाकिर इस्माइली (बहराइच, यूपी) तथा शोएब रजा वारसी (भदोही, यूपी) सहित कई विद्वान अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। 4 अप्रैल को वाराणसी के टीवी सिंगर कव्वाल इश्तेयाक भारती और मुंबई के शाह मुराद चिश्ती के बीच सूफियाना मुकाबला आयोजित होगा। वहीं 5 अप्रैल को बदायूं के दिलबर मेराज और मेरठ के आसिफ मलिक के बीच कव्वाली का सीधा मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहेगा।

आयोजन समिति के अनुसार, इस तीन दिवसीय उर्स मेले में लाखों की संख्या में जायरीन के पहुंचने की संभावना है। मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सैकड़ों दुकानों और विभिन्न मनोरंजन साधनों की भी व्यवस्था की जाती है, जिससे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन जाता है।

**सद्भाव और आस्था का प्रतीक है यह दरगाह**

चयकलां में स्थित सूफी संत हजरत दूलाह फतह उद्दीन शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि की यह दरगाह विगत लगभग 100 वर्षों से आस्था का केंद्र बनी हुई है। प्रतिवर्ष वैशाख माह की पहली से तीसरी तिथि तक यहां उर्स का आयोजन होता है, जिसमें विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। यह दरगाह केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सर्वधर्म समभाव और साम्प्रदायिक सौहार्द का जीवंत प्रतीक भी है, जहां सभी समुदायों के लोग बिना किसी भेदभाव के एकत्र होकर श्रद्धा अर्पित करते हैं और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं।

# करोंग्राम में माँ अन्नपूर्णा की वार्षिक पूजा संपन्न, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करौं, देवघर, झारखड:-** करोंग्राम स्थित स्थानीय अन्नपूर्णा मंदिर में माँ अन्नपूर्णा की वार्षिक पूजा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला, जहाँ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटी रही। पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। पंडित शुकुमार मिश्र ने विधि-विधानपूर्वक वेदी में माता अन्नपूर्णा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव से माँ का स्मरण करते रहे। पूजा के दौरान यज्ञ, हवन एवं आरती का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के समय मंदिर परिसर में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहाँ भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण 'जय माँ अन्नपूर्णा' के जयघोष से



गूंज उठा। मंदिर के पुजारी ने बताया कि माता अन्नपूर्णा की नियमित पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि, धन-धान्य एवं परिवार की उन्नति बनी रहती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से माँ के प्रति आस्था बनाए रखने का आह्वान किया। ज्ञात हो कि इस मंदिर का निर्माण स्वर्गीय ध्रुव प्रसाद सिंह द्वारा कराया गया था, जो आज भी क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन ने ग्रामीणों में एकता और धार्मिक भावनाओं को और अधिक सुदृढ़ किया।

## कालेज के मुख्य द्वार का 30 मार्च को होगा उद्घाटन

**प्रधानाचार्य की सेवानिवृत्ति पर समारोह का आयोजन**

**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राम राज इंटरमीडिएट कॉलेज, पट्टी में सोमवार को सुबह 10 बजे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन विद्यालय के संरक्षक पं. श्याम किशोर शुक्ल के कर कमलों द्वारा संपन्न किया जाएगा। इसी कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है।विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर धर्मेंद्र देव शुक्ल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य एवं सम्मानित लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों की भी सहभागिता रहेगी।कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के शिक्षक राजेश दुबे द्वारा दी गई है।

# रामनवमी पर करों प्रखंड में भक्ति की अलौकिक छटा, बजरंगबली की आराधना से गुंजायमान हुआ जनजीवन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करों, देवघर, झारखंड:-** करों प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रखंड के रानीडीह, पंचगढ़िया, राम्हा सिरियाँ, डूमरतर, सालतर तथा डिण्डाकोली सहित विभिन्न ग्रामों के बजरंगबली मंदिरों में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान श्री हनुमान की आराधना कर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की शांति के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां मंत्रोच्चार, आरती और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। विशेष रूप से




करोंग्राम स्थित चण्डीमोड़ बजरंगबली मंदिर, बाबा कर्णेश्वर परिसर का भव्य बजरंगबली मंदिर, राजा पोखर, बढ़ेई टोला सहित अन्य मंदिरों में भी भव्य आयोजन संपन्न हुए। इन स्थलों पर पूजा के साथ-साथ झंडा गाड़ने की परंपरा को भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निभाया गया। पूरे क्षेत्र की गलियाँ केसरिया ध्वजों से सुसज्जित नजर आईं। हर ओर 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे संपूर्ण वातावरण राममय हो उठा। गांवों में पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक रंगों की अनुपम छटा देखने को मिली, जिसने इस धार्मिक पर्व को और अधिक विशेष बना दिया। इस प्रकार रामनवमी के अवसर पर करों प्रखंड पूर्णतः भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक एकता के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया, जहां हर व्यक्ति इस पर्व की गरिमा को आत्मसात करते हुए धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करता नजर आया।

# चैत्र नवरात्र की मंगलमयी बेला में नवमी तिथि को भक्तों ने श्रद्धा भाव से की मां दुर्गा के नवम् स्वरूप माता सिद्धिदात्री की आराधना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड:-** बासंतिक नवरात्र की अति पूनीत मंगलमयी बेला में 27 मार्च को पाकुड़िया प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने नवम् माता सिद्धिदात्री की उपासना पूरी भक्ति-भाव से कर सुख-समृद्धि की कामना माता से की। वहीं दूसरी ओर पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि को शुभ मुहूर्त की रात में कलश स्थापना कर पूरी निष्ठा से मां महागौरी का पूजन किया और माता को भोग स्वरूप पूरी, गुड़ की खीर तथा गुड़ के गुलगुले अर्पण किए। प्रातः तीन बजे के उपरांत नवम् माता सिद्धिदात्री की उपासना भक्ति-भाव से कर दालपूरी का भोग समर्पित कर माता से मंगल कामना की



गई। पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों गनपूरा, फुलझिंझरी, राजदाहा, पारुलिया, रामघाटी, तेगुड़िया, चाकलाडांगा, छोटा बरमसिया और तालवा ग्राम में पारंपरिक रूप से विशेषकर भोजपुरी भाषी महिलाएं पूजन करती रही हैं।

इस पावन अवसर पर कई परिवारों की महिलाएं काली मंदिर में मां काली की पूजा कर धूप का काराहा अर्पण करती हैं। इसी प्रकार पूरी भक्ति-भाव से 9 दिवसीय बासंतिक नवरात्र का शुभ समापन 27 मार्च को हो गया। वहीं दूसरी ओर पाकुड़िया स्थित रामलला यज्ञ परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीश्री 1008 विष्णु महायज्ञ के सातवें दिवस धूप की प्रखरता के बावजूद भारी संख्या में भक्तों ने पूजन व यज्ञशाला की परिक्रमा की। यज्ञ प्रांगण में भगवान को भोग अर्पण के बाद लोगों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण कर संतोष व्यक्त किया।

## डीएम-एसपी ने शहर में किया फ्लैग मार्च

**सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने संयुक्त रूप से शहर क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का सघन निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को पूरी सतर्कता व सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान डीएम-एसपी ने शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों की भी सघन चेकिंग की। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी मानक नियमों का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने दी जाए तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए भी कहा गया।

# रामनवमी को पाकुड़िया में भक्तों ने निकाली सोम्यता पूर्ण शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:-** विक्रमीय सम्वत् 2083 चैत्र माह की नवमी तिथि अंग्रेजी की 27 मार्च को पाकुड़िया में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। आयोजित शोभायात्रा बजरंगबली मंदिर स्थल से निकल कर पाकुड़िया बाजार परिभ्रमण की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग जय श्रीराम, बजरंगबली की जय के नारे लगाते हुए बढ़े। शोभायात्रा में पारम्परिक शस्त्रों का प्रदर्शन भी चलता रहा। अखाड़ा में युवकों ने लाठी से करतब दिखाए। शोभायात्रा में पुलिस बल, जिसमें महिला पुलिस भी शामिल थी, पूरे मार्ग में साथ चलती रही। उल्लेखनीय है कि त्रेता युग में आर्यावर्त की पावन धरा पर पुण्य भूमि अयोध्या नगरी में चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को भगवान श्रीरामचन्द्र जी प्रकट हुए। माता कौशल्या के गर्भ से उनका अवतार हुआ। महाबली दैत्यों के अत्याचार से पीड़ित पृथ्वी



को मुक्त करने एवं मानव कल्याण हेतु उन्हें मानव रूप में अवतरित होना पड़ा। हालांकि भगवान-भगवती विभिन्न रूपों में जगत कल्याण के निमित्त अवतार लेते रहे हैं। कहा जाता है कि भगवत लीलाएं अनूठी और अपरम्पार होती हैं, परंतु उनका लक्ष्य सदैव जगत का कल्याण ही होता है। स्मरण रहे कि भगवान प्रकट होते हैं और मां रूपी नारी की मर्यादा के लिए उन्हें गर्भ में आना पड़ता है तथा मानवीय मूल्यों के तहत सारे कार्य-कलाप भी करना होता है। जन्म लेने वाले प्राणी ही जन्म-मृत्यु के बंधन में बंधे होते हैं, भगवान कदापि नहीं।

# मिशन शक्ति अभियान छात्राओं ने संभाली नगर पालिका की कमान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महिला सशक्तिकरण के तहत चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल देखने को मिली। नगर पालिका परिषद में एक अनूठे कार्यक्रम के तहत श्रीदिगम्बर जैन सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 12वीं की छात्रा मानवी साहू को एक दिन के लिए नगर पालिका अध्यक्ष तथा छात्रा हिमांशी रिछारिया को अधिशासी अधिकारी बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान दोनों छात्राएं नगर पालिका परिषद पहुंचीं और फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने दोनों छात्राओं का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। एक दिन के लिए जिम्मेदारी संभालने वाली छात्राओं ने अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इस पहल से छात्राओं में आत्म विश्वास बढने् के साथ ही उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला। अध्यक्ष ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत इस प्रकार की पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास, जागरूकता और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं और उनके सशक्त हुए बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। वहीं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के विशेष चरण के अंतर्गत जनपद में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर और 181 हेल्पलाइन जैसी योजनाएं संचालित हैं। कार्यक्रम के दौरान कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, वरिष्ठ लिपिक दीनदयाल सोनी, लेखा लिपिक अभिषेक चौबे, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, कर लिपिक चन्द्रविनोद मिश्रा, जन्म-मृत्यु लिपिक विनोद कुमार, आरडीसी लिपिक अमित पाराशर तथा विद्यालय की अध्यापिका कीर्ति झा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेहरू महाविद्यालय में एनएसएस शिविर

**●स्वच्छता अभियान, रैली व संगोष्ठी से दिया जागरूकता का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में शनिवार को चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, स्वच्छता जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. (डा.) अनिल सूर्यवंशी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि गंदा वातावरण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है और इससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताते हुए इस पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इसके उपरांत प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना किया, जिसमें स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात कृषि संकाय में आयोजित स्वच्छता जागरूकता संगोष्ठी में डा. एच.सी. दीक्षित ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से अपने घर, महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। संचालन एनएसएस इकाई चतुर्थ के कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने किया, जबकि आभार कार्यक्रम अधिकारी डा.राजीव निरंजन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डा.संतोष कुमार सिंह, डा.गिरेंद्र सिंह, डा.बलराम द्विवेदी, डा.जगत कौशिक, डा.अवनीश त्रिपाठी, इंजी.विपिन कुमार शुक्ला, डा. सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा। शिविर में छात्र-छात्राओं में मनोज कुमार, सविनय साहू, शिव शक्ति सागर, निखिल साहू, आदित्य सिंह, मानसी पाटकार, अंशिका, आशिफा, बुशरा बानो, कोपल, रिया, सुंदरी आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी में शिक्षा सुधार पर जोर

**●खण्ड शिक्षा अधिकारी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर दिया बल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और पंचायत स्तर पर सहयोग को मजबूत करना रहा।

इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलजा व्यास ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बार गुणमाला कल्याण सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से ही विद्यालयों की स्थिति में सुधार संभव है। वहीं प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शेर सिंह यादव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पंचायत स्तर पर बेहतर वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक के दौरान विद्यालयों के वातावरण में सुधार, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों से भी सुझाव आमंत्रित किए गए, जिन्हें आगामी कार्य योजना में शामिल करने की बात कही गई।

कार्यक्रम के समापन पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी का संचालन ईआरपी विशाल भारती नायक ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बार रमेश सहरिया, ग्राम प्रधान दशहरा धनीराम कुशवाहा, ग्राम प्रधान सेमरा भावनगर, संकुल प्रभारी बिल्ला, संकल्प प्रभारी हेमंत तिवारी, नारायण दास, अरविंद राजपूत, विशाल गुप्ता, राजेंद्र वर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, राजेश्वरी चौहान, राजेंद्र सिंह परमार, नरेंद्र सिंह चौहान, विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद प्रजापति, अरविंद सिंह चौहान और चंद्रशेखर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# गांव-गांव जाकर बूथ कमेटियों को मजबूत करने का आह्वान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जखौरा क्षेत्र में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनरेगा प्रभारी जसपाल सिंह उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजा राजपाल सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक अध्यक्ष प्रभारी हीरालाल सेन द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर चौपाल लगानी होगी और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ानी होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्षों को पत्र सौंपकर जिम्मेदारियां दी गई। उन्हें निर्देशित किया गया कि बूथ कमेटियों को मजबूत करने के लिए गांव-गांव जाकर बूथ सूची तैयार करें और उसे संबंधित पदाधिकारियों को सौंपें। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसकी मजबूत बूथ कमेटियां होती हैं, इसलिए नए सदस्यों को जोड़ने, कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्षों को संगठन विस्तार और उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर श्याम सुन्दर सिरोठिया, शंकर सिंह यादव, मान सिंह, पंचू कुशवाहा, गोलू अहिरवार, गनेश कुशवाहा, उपदेश सेन, गोकुल नामदेव, रब्बी पटेल, हरिराम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूपत सिंह ने किया।

# हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से बीस एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जली

**●बर्बाद हुये किसान रोते-बिलखते हुये पहुंचे कलेक्ट्रेट, डीएम को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** हार्वेस्टर से चल रही फसल की कटाई के दौरान निकली चिंगारी से कई एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। घटना के बाद रोते-बिलखते किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन ओएसडी अनिल कुमार दीक्षित को डीएम के कैम्प कार्यालय पहुंच कर सौंपा। तहसील महरौनी परगना बानपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंदवाहा में रहने वाले किसानों ने डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि शनिवार 28 मार्च को सुबह करीब 10 बजे खेतों में खड़ी फसल को हार्वेस्टर से फसल की कटाई की जा रही थी। आरोप है कि इसी दौरान हार्वेस्टर से चिंगारी निकलने लगी, जिसे देखकर किसानों ने हार्वेस्टर चालक से मशीन को तत्काल बंद कर देने की बात कही। कुछ समय बाद फिर से हार्वेस्टर डुलीचंद्र पुत्र घन्सा, मौजी पुत्र खम्बे, पप्पू, अजुद्दी पुत्र चिप्पे, रामप्रसाद पुत्र कम्मोद, प्रमोद कुमार पुत्र रामप्रसाद, अरविन्द कुमार पुत्र रामप्रसाद, हल्काई पुत्र कम्मोद, रामरतन चौबे पुत्र मुन्नालाल, जगदीश पुत्र चिम्मे, शिवचरण पुत्र डिब्बे के अलावा अन्य किसानों के खेतों में खड़ी फसल पर चालक द्वारा चला दिया गया और फिर से हार्वेस्टर से निकली चिंगारी गेंहू के खेत में जा गिरी, जिससे करीब 20 एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जलकर नष्ट हो गयी। किसानों ने जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन के जरिए हार्वेस्टर चालक व मालिक के खिलाफ कार्यवाही, मौके जांच-सर्वे और मुआवजा दिलाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय किसानों का नेतृत्व कर रहे अजय नायक सिंदवाहा, प्रमोद कुमार, रामरतन चौबे, हल्काई, अजुद्दी, सुकलाल रजक, आर.पी., जगदीश, आशीष विश्वकर्मा, डुलीचंद्र, कमल, रामचरन, रामरती, अभय रजक, प्रवेश रजक के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## डीजल की गाड़ियां आने के बाद बिक्री हुई सामान्य

**कोंच(जालौन)-** बीते दो दिन पहले डीजल की अचानक बिक्री बढ़ने से नगर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर डीजल का स्टॉक खत्म हो गया था जिससे अचानक डीजल की किल्लत बढ़ गई थी लेकिन प्रशासन के हरकत में आने के बाद शुक्रवार की देर शाम से डीजल से भरे टैंक आने शुरू हो गए और शनिवार सुबह तक नगर सहित आसपास के सभी टैंकों पर डीजल की बिक्री सुचारू रूप से चालू हो गई। आपूर्ति निरीक्षक मनोज तिवारी लगातार पेट्रोल पंपों पर जाकर स्थिति का जायजा लेकर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट देने में लगे हुए हैं। वहीं ग्राम तूमरा और गिदवासा के समीप स्थित दोनों पंपों पर अभी भी डीजल से भरे टैंक गाड़ी न आने के कारण वहां डीजल की बिक्री शुरू नहीं हो सकी है जिससे ग्रामीणों को आसपास के अन्य पंपो पर डीजल लेने जाना पड़ रहा है। आपूर्ति निरीक्षक ने बताया कि लगातार पंपों पर डीजल की उपलब्धता की रिपोर्ट ली जा रही है। नगर के सभी पेट्रोल पंपों पर डीजल की सप्लाई सुचारू रूप से चालू हो गई है, एक-दो पंपो पर अभी गाड़ी न पहुंचने के कारण सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है लेकिन शाम तक सभी टैंकों पर डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।

## नहीं रहे वरिष्ठ समाजवादी नेता सरनाम सिंह यादव



**कोंच(जालौन)-** वरिष्ठ समाजवादी नेता, अमरचंद महेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक और बार संघ कोंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरनाम सिंह यादव (68 वर्षीय) का शुक्रवार देर रात हृदयाघात होने से आकस्मिक निधन हो गया है। शनिवार की दोपहर उनकी अंत्येष्टि संपन्न की गई। अंतिम यात्रा में शामिल सैकड़ों लोगों ने उन्हें भावपूरित अंतिम विदाई दी। सपा पार्टी नेताओं के अलावा बार संघ के अधिवक्ताओं सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने उनके असमय निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि अभी 16 मार्च को संपन्न बार संघ चुनाव में वह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चुने गए थे। वे नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक भी थे। सपा पार्टी में वह जिला उपाध्यक्ष रहे और एक दफा कोंच पालिकाध्यक्ष का चुनाव भी उन्होंने अपनी पत्नी को सपा के सिंबल पर लड़वाया था।

## करमा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, अबैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**करमा / सोनभद्र –** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में करमा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। दिनांक 27.03.2026 को थाना करमा पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम केकराही स्थित एक अर्धनिर्मित कमरे में छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम छटाकू उर्फ छोटकू पुत्र मिश्री हरिजन निवासी ग्राम केकराही थाना करमा जनपद सोनभद्र बताया। नियमानुसार तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, 590/- नगद एवं एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। इस संबंध में थाना करमा पर मु0अ0सं0 42/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। वांछित अभियुक्तगण-सत्यदेव सिंह (पता अज्ञात),अंकित पण्डित (पता अज्ञात) गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 जयराम सिंह थाना करमा जनपद सोनभद्र, उ0नि0 मनोज सिंह, हे0का0 विशाल चौहान , हे0का0 संजय कुमार गुप्ता शामिल रहे। जनपद पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है।

# गल्ला मंडी परिसर स्थित दो दुकानों के चोरों ने चटकाए ताले

**●रात के अंधेरे में नगदी सहित सामान समेट ले गए चोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** स्थानीय नवीन कृषि गल्ला मंडी में अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में धावा बोलकर परिसर स्थित दो दुकानों के ताले चटकाकर नगदी सहित अन्य सामान चोरी किया और फरार हो गए। उक्त दुकानों में से एक दुकान भाजपा नगर महामंत्री और दूसरी दुकान गल्ला आढ़ती की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गल्ला मंडी परिसर में भाजपा नगर महामंत्री बृजेंद्र कुशवाहा एक दुकान लिए हुए है जिसमें वह कैंटीन खोले हुए है। पास में ही गल्ला आढ़ती संजीव निरंजन की भी दुकान है। शुक्रवार की देर शाम उक्त दोनों अपनी अपनी दुकान बंद अपने घरों को चले गए। देर रात अज्ञात चोरों ने उक्त दोनों दुकानों के ताले चटका कर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। चोर कैंटीन से ढाई हजार रुपए नगदी और अंदर रखी खाने पीने की तमाम सामग्री एवं गल्ला आढ़ती की दुकान से अलमारी तोड़कर दस हजार रुपए नगदी चोरी कर फरार हो गए। शनिवार की सुबह दुकानों के ताले टूटे देख दोनों पीड़ितों सहित अन्य आढ़तियों में हड़कंप मच गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उधर, घटना के बाद से रात्रि में गल्ला मंडी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आढ़ती चिंतित हो उठे हैं, उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने की मांग की है।

## गाली गलौज कर दिव्यांग को दी झूठे मामले में फंसाने की धमकी

**कोंच(जालौन)-** ग्राम भेंपता में एक दिव्यांग के साथ गाली गलौज कर दबंगों ने उसे किसी भी झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दी। आरोप है कि पीड़ित दिव्यांग ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की लेकिन पुलिस उल्टा उसे ही परेशान कर रही है। पीड़ित दिव्यांग ने सीओ कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

थाना कैलिया क्षेत्र के ग्राम भेंपता निवासी दिव्यांग देवेश पुत्र कौशल किशोर ने शुक्रवार को सीओ कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि मेडबंदी के विवाद की रंजिश में गांव के ही मां-बेटे बीती 24 मार्च की दोपहर करीब एक बजे उसके घर पर आए और उसके साथ गाली गलौज कर भाई समेत उसे हरिजन एक्ट जैसे झूठे मामले में फंसा देने की धमकी देने लगे। पीड़ित दिव्यांग ने बताया कि घटना की शिकायत उसने चौकी में की लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, पुलिस उल्टा उसे ही परेशान कर रही है। पीड़ित दिव्यांग ने मामले को लेकर सीओ से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उसने अपनी सीएम पोर्टल पर भी दर्ज कराई है।

## पहाड़गांव चुंगी से दशहरा मेला मैदान तक सड़क निर्माण की शासन से मिली स्वीकृति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** नगर में पहाड़गांव चुंगी तिराहा से संतोषी माता मंदिर होकर कांशीराम कॉलोनी के पीछे से दशहरा मेला मैदान (धनुताल) तक 2.40 किमी लंबी सड़क निर्माण कार्य की लंबे समय बाद शासन द्वारा स्वीकृति मिलने और धनराशि निर्गत होने पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के इस सड़क स्वीकृति के लिए किए गए अथक प्रयासों पर उनको धन्यवाद दिया। विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की इस प्रमुख सड़क के निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 3 करोड़ 70 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए वह निरंतर शासन स्तर पर पैरवी कर रहे थे। पिछले बजट में स्वीकृति भी जारी हो गई थी लेकिन बजट उतना अपेक्षित नहीं था। मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में नगर क्षेत्र के हित में उनकी इस मांग को पूरा करने पर वह मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि सुगम आवागमन के लिहाज से कोंच सहित समूची विधानसभा क्षेत्र में एक भी जरूरी मार्ग पर जर्जर सड़क नहीं रहने दी जाएगी, प्राथमिकता के साथ नई सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। गौरतलब हो कि इस सड़क के नए सिरे से बनने से बाईपास मार्ग सहित पिंडारी मार्ग पर आवागमन में लोगों को सहूलियत मिल सकेगी। नगर में रिहायशी बस्ती के भीतर जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी। इस सड़क की स्वीकृति का प्रयास बीते लंबे समय से किया जा रहा था।

# जिलाधिकारी का सख्त निर्देश डीजल-पेट्रोल की जमाखोरी व अवैध परिवहन पर होगी कार्रवाई

**●डीजल पेट्रोल के सम्बन्ध में भ्रम, अफवाह अथवा दुष्प्रचार किये जाने की गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वाले व्यक्तियों व संस्था के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी सुनिश्चित- जिलाधिकारी**

**डीजल का अवैध परिवहन कर बिहार राज्य ले जाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –**जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, साथ ही, कुछ तेल कंपनियों द्वारा क्रेडिट सुविधा समाप्त किए जाने के कारण कुछ पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा भुगतान न करने के चलते तेल की आपूर्ति न मिलने से कुछ पेट्रोल पम्पों के ड्राई होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों में कुछ डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट द्वारा कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर जनपद में प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न की जा सकती है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट संचालकों एवं जनसामान्य से अपील की है की जाती है कि किसी भी दशा में डीजल व पेट्रोल की अनावश्यक जमाखोरी न करें तथा किसी प्रकार की जमाखोरी में संलिप्त न रहें। साथ ही किसी भी प्रकार का भ्रम, अफवाह अथवा दुष्प्रचार न करें। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक 27.03.2026 को हीरालाल पुत्र इनरदेव, निवासी ग्राम चौनपुरा, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार) द्वारा डीजल का अवैध परिवहन कर बिहार राज्य में ले जाते समय जांच में मामला पकड़ा गया। प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई संपादित कराई गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था एवं जनहित को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत सोन नदी तट पर चला स्वच्छता अभियान, दिलाई गई स्वच्छता शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –** स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च 2026 को वन विभाग एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त सहयोग से ग्राम पंचायत गोठानी स्थित सोमनाथ मंदिर घाट, सोन नदी तट पर स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना अधिकारी महेन्द्र गौतम द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आमजन को नदियों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नदी किनारे घाट क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता ड्राइव चलाकर साफ-सफाई की गई तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय चोपन में विद्यार्थियों के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता यादव (जिला मीडिया प्रभारी, महिला मोर्चा, भाजपा) उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में धरमु (ग्राम प्रधान, गोठानी) ने सहभागिता की। सभी उपस्थित जनों द्वारा नदियों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर काशीराम (एडीओ पंचायत), स्मिता (सेक्रेटरी), अभिषेक यादव (गंगा वालंटियर), अजीत सिंह (प्रधानाचार्य, कम्पोजिट विद्यालय), जेआरएफ प्रमोद, दिनेश (वन दरोगा) सहित विभागीय कर्मचारी, विद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नदी संरक्षण के प्रति लोगों को प्रेरित करना रहा।

# समाधान दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** त्रिलोकपुर थाना परिसर में समाधान दिवस आयोजित हुई जिसमें राजेश कुमार उपजिलाधिकारी डुमरियागंज के मौजूदगी में देखा। कई महीनों से कुछ मामले लंबित पड़े हुए थे, उसको देखकर समाधान दिवस में निस्तारण करने को कहा कुछ घरेलू मामले आए उसके लिए पुलिस विभाग व राजस्व विभाग सीमित गठन करके भेज दिया गया। इस मौके पर राजेश कुमार उपजिलाधिकारी, उपनिरीक्षक शिवाकांत राय, गणेश कुमार, कृष्ण कुमार पांडेय , तालीमुंदीन खान, विजय कुमार, हेड कांस्टेबल एहतेशान अहमद, हरीश गुज्जर लेखपाल, पन्ना लाल यादव, शिवकुमार वर्मा, विजय कुमार, प्रभा कांत मौर्य, अवधेश प्रताप, राम कुमार तिवारी, प्रभाकर मिश्रा, पवन कुमार, विवेक पटेल, राम गोपाल श्रीवास्तव, विजय कुमार लेखपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कदौरा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कदौरा(जालौन)-** जनपद के कस्बा कदौरा में रामनवमी पर जवारों संग प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह रामभक्तो का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सैकड़ो रामभक्तों की मौजूदगी रही। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिवस रामनवमी के दिन कस्बे में भव्य शोभायात्रा पुराने इंडियन बैंक प्रांगण से शुरू होकर सब्जी मंडी, रामलीला मैदान, रामजानकी मंदिर, पुराना थाना, मैन बाजार रोड, बस स्टैंड होते हुये मां दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुँची जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान भक्तिभाव से ओतप्रोत संगीत पर रामभक्त थिरकते हुए नजर आए। शोभायात्रा में रामभक्तो पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। शोभायात्रा में ढोल ढोल भांगड़ा, घोड़े, बहरूपिया पार्टी सहित हिंदू पुरोधाओं की झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। रामभक्त प्रमोद द्विवेदी, अनिल सिंह, रवि गुप्ता, पप्पू विश्वकर्मा, रमेश शाहू, मोनू सिंह, प्रिंस विश्वकर्मा, सुमित शिवहरे, लल्ला विश्कर्मा, जसवंत खटीक, अंकित बाबा, समीर खान, सुमित शिवहरे, विक्की बाथम, रामजी, रामकुमार खटीक, मिर्ज़ा फरहान बेग, बॉबी मंसूरी, गंगा किराना, अंश शिवहरे आदि द्वारा भंडारे का आयोजन कर भंडारा प्रसाद बांटा गया। शोभायात्रा में पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना रविकांत शिवहरे, मंडल अध्यक्ष हेमंत शाहू, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, उपेंद्र गुप्ता, हरि गुप्ता, अमित गुप्ता, दीपक प्रणामी, राजा पुरवार, विनोद सिंह, दीपू गुप्ता, पवन गुप्ता, लव गुप्ता, मोनू गुप्ता आदि सैंकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल रहे। थानाध्यक्ष प्रभात सिंह की अगुवाई में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

## पत्नी से विवाद में बुजुर्ग पति ने गटका जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**कोंच(जालौन)-** पत्नी से हुए विवाद में बुजुर्ग पति ने जहरीला पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला भगतसिंह नगर निवासी 66 वर्षीय ईश्वर दयाल पुत्र मावादास अपनी पत्नी के साथ घर पर रहता है जबकि उसके बेटे और बाकी के परिजन बाहर रहते हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात करीब 10 बजे बुजुर्ग ने अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए रुपए मांगे लेकिन पत्नी ने रूपये देने से मना कर दिया। इसी गुस्से में बुजुर्ग ने घर में रखा जहरीला पदार्थ (हार्पिक) पी लिया। कुछ ही पलों में उसकी हालत बिगड़ गई जिससे घबराई पत्नी और आस पड़ोस के लोगों ने इसकी सूचना पीआरबी पुलिस को दी और फिर उसे सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तत्काल ही उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार बुजुर्ग की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सतत निगरानी में रखा गया है।

# बाइक टकराने के विवाद में युवक को पीटा, हांथ में फ्रैक्चर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** आपस में दो बाइकें टकराने के बाद हुए विवाद में करीब दर्जन भर युवकों द्वारा एक युवक के साथ लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीट किए जाने की घटना सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुदारी निवासी पुष्पेंद्र पुत्र संतोष अहिरवार अपने साथी शिवम और सुरेश के साथ बाइक से शुक्रवार की रात करीब 10 बजे बैरागढ़ स्थित मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहा था। कोंच में प्रवेश करने से ठीक पहले स्थित रामस्वरूप रावत विद्यालय के समीप पुष्पेंद्र की बाइक विपरीत दिशा से आ रही एक दूसरी बाइक के हैंडल से टकरा गई। टक्कर होने के बाद दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर मामूली रूप से चोटिल हो गए। इसी दौरान दूसरी बाइक के चालक ने पुष्पेंद्र की बाइक की चाबी छीन ली और कॉल कर अपने करीब दर्जन भर साथियों को मौके पर बुला लिया। पहले तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होती रही लेकिन कुछ ही देर में दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी जिससे पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया और हमलावर युवक भाग निकले। मौके से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह एवं सागर चौकी इंचार्ज सुमित पांडेय मौके पर पहुंचे और पुष्पेंद्र को उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया। हांथ में फ्रैक्चर होने के चलते उसे झांसी रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस का कहना है कि अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, तहरीर मिलते ही कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मिश्री गांव में लगने वाला प्रसिद्ध बेचू वीर धाम रामनवमी से मेला शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन / सोनभद्र –** कोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिश्री स्थित प्रसिद्ध आस्था का केंद्र बेचू वीर धाम में लगने वाला पारंपरिक मेला इस वर्ष भी चैत मास के रामनवमी से प्रारंभ होकर एकादशी तक आयोजित होगा। यह मेला वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से पहुंचकर दर्शन-पूजन करते हैं। क्षेत्र में इस मेले को लेकर अभी से तैयारियां और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों व धाम समिति के लोगों के अनुसार बेचू वीर धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां लोगों की गहरी धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है। मान्यता के अनुसार यहां सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने और मन्नत मांगने पर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि मेले में सिर्फ सोनभद्र ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों और अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। चैत मास में लगने वाला यह मेला रामनवमी से शुरू होकर लगातार एकादशी तक चलता है। मेले के दौरान धाम परिसर में पूजा-पाठ, हवन, भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण, झंडा चढ़ाने की परंपरा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही मेले में मिठाई, खिलौने, घरेलू सामान, श्रृंगार सामग्री और खान-पान की कई दुकानें भी लगती हैं, जिससे मेले का माहौल और भी आकर्षक हो जाता है। बच्चों और महिलाओं में मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला साल में दो बार लगता है। पहला मेला चैत मास के रामनवमी से एकादशी तक और दूसरा मेला कार्तिक मास में नवमी, दशमी और एकादशी तक आयोजित होता है। दोनों मेलों में हजारोंद्ध की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और धाम में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मेले के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है और कई गांवों के लोग सामूहिक रूप से दर्शन करने पहुंचते हैं। मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा और शांति व्यवस्था के भी प्रबंध किए जाते हैं। वहीं ग्राम प्रधान, मेला समिति और ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई, पेयजल और अन्य व्यवस्थाएं की जाती हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों का कहना है कि बेचू वीर धाम का मेला वर्षों से चला आ रहा है और यह क्षेत्र की पुरानी परंपरा और आस्था का प्रतीक है। हर वर्ष मेले में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे यह मेला क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक मेलों में गिना जाता है।

# केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोनभद्र में सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** हरदीप सिंह पुरी, सांसद राज्यसभा/केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, भारत सरकार द्वारा जनपद सोनभद्र में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की निधि से संस्तुत/स्वीकृत 100 विकास कार्यों का 3 करोड़ 94 लाख 40 हजार का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जनपद सोनभद्र से उनका गहरा रिश्ता है तथा यह जनपद उन्हें अपने घर जैसा प्रतीत होता है, उन्होंने कहा कि आज का दिन उनके लिए अत्यन्त प्रसन्नता का है तथा जनपद सोनभद्र के विकास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण दिन है। केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने बताया कि आज शिलान्यास किये गये 64 कार्यों से जनपद के विकास को नई गति मिलेगी तथा जनपदवासियों के जीवन को अधिक सुखद एवं सुविधाजनक बनाने में योगदान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जनपद सोनभद्र आकांक्षी जनपद होने के बावजूद भी प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में निरंतर योगदान दे रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनता के सहयोग से नीति आयोग की रैंकिंग में जनपद के प्रदर्शन की सराहना भी की। इस अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री द्वारा सांसद निधि के अंतर्गत कुल 100 विकास परियोजनाएं स्वीकृत करायी गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से 31 सार्वजनिक सोलर पेयजल संयंत्र, 34 सोलर हाईमास्ट लाइट, 20 विद्युत हाईमास्ट लाइट, 06 विद्युतीकरण कार्य, 02 इंटरलॉकिंग कार्य, 02 सड़क/पुलिया, 04 विद्यालयों में भवन निर्माण तथा 01 ओपन जिम शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से जनपद के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा आमजन को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जनपद को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से निरंतर लाभ मिलता रहेगा। कार्यक्रम में नन्दलाल गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने जनपद सोनभद्र को गोद लेकर जनपद के विकास हेतु एक नई रूप रेखा तय की है जिसके माध्यम से गांवों को सार्वजनिक पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, पेयजल की समस्या के निराकरण में काफी सहायता उपलब्ध होगी। इस अवसर पर उपस्थित जागृति अवस्थी मुख्य विकास अधिकारी, श्रवण कुमार राय परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला समाज कल्याण विभाग ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा सहित कार्यदायी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद में मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु रन फॉर वूमेन इम्पावरमेंट का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –जनपद** में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने हेतु संचालित मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत आज दिनांक 28.03.2026 को पुलिस लाइन चुर्क में रन फॉर वूमेन इम्पावरमेंट का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश प्रसारित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी मिशन शक्ति 5.0, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के नेतृत्व में किया गया। उनके द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया तथा उपस्थित प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी महिला थाना रॉबर्ट्सगंज सविता सरोज सहित जनपद के विभिन्न थानों, पुलिस कार्यालयों एवं इकाइयों की महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए, जिससे आमजन में सकारात्मक जागरूकता का व्यापक संचार हुआ। रन फॉर वूमेन इम्पावरमेंट' के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं और उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने एवं किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता लेने हेतु प्रेरित किया गया। सोनभद्र पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से ऐसे जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में सुरक्षा, विश्वास एवं सहयोग का वातावरण और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## पत्थर मार-मार कर पुलिस कर्मी की गाड़ी को किया क्षतिग्रस्त

**कानपुर।** दिनांक 27.03.2026 को थाना बिठूर क्षेत्र के निवासी एक पुलिस कर्मी की गाड़ी को विपक्षी राजा ठाकुर पुत्र अजीत सिंह द्वारा पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया। दोनों पक्षों के मकान आमने-सामने हैं। घटना के समय विपक्षी शराब के नशे में था, जिसके चलते दोनों के बीच कहासुनी हुई। तत्पश्चात कुछ देर बाद विपक्षी पुनः आया और गाड़ी पर पत्थर मारकर नुकसान पहुंचाया। प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकला माता रानी का जवारा



**कानपुर।** कानपुर के श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर अर्जुन नगर विनायकपुर में हर साल की भांति इस वर्ष भी निकाला माता रानी का जवारा ढोल बजे के साथ गुंजे माता रानी के जयकारे रामनवमी को हर वर्ष निकलता है जावरा कार्यक्रम में उपस्थित मंदिर की प्रबंधक बिट्टन कुशवाहा,भगत देशराज कश्यप,भगत बिंदे कश्यप, सज्जन कुमार कुशवाहा,अरुण कुशवाहा, सोनू कुशवाह, प्रदीप गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा, संदीप कुशवाह,आर्यन कुशवाहा, प्रेम कांति,राम बेटी,अरुण कुशवाहा, संतोषी कुशवाहा,सन्नो कुशवाहा, नितिन कुशवाहा, सोनी, कोमल, कशिश कुशवाहा, सौम्या, कुनाल कुशवाहा, समीर, विशाल, राम जी, सुरेश, मोनू कश्यप, पूनम कश्यप, पूजा कुशवाहा, ननकी कुशवाहा, अंजलि, शिवानी, शैलू शुक्ला, रवि राजपूत, संतोष राजपूत, शिव शंकर कुशवाहा, रत्ना कुशवाह, आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## शिक्षा: समग्र विकास का आधार, जीवन की अपरिहार्य जरूरत - डॉ. आशुतोष मिश्रा




**घाटमपुर कानपुर नगर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूकेजी से कक्षा 11 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनका रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देना है। उन्होंने शिक्षा को समग्र विकास का आधार बताते हुए इसे जीवन की अपरिहार्य आवश्यकता बताया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा अभिभावकों के सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विद्यालय चोरी का सफल अनावरण, अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी गया सामान बरामद

**प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों द्वारा बीते शुक्रवार की रात में सविलियन विद्यालय का ताला तोड़कर मिड-डे मील से संबंधित सामान, गेहूं, चावल, गैस सिलेंडर, चूल्हा भट्ठी, भगोने, कुकर, खाने के थाली-गिलास, अभिलेख, पुस्तकें तथा खेलकूद सामग्री चोरी कर ली गई। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस बाबत थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 राहुल कुमार चौकी प्रभारी मकरंदूगंज मय हमराह द्वारा संबंधित मुकदमे में वांछित अभियुक्त सईद अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी सदर बजार थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ उम्र करीब 36 वर्ष को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत रेलवे अंडरपास रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 बोरी गेहूँ व 01 बोरी चावल की कुल 02 बोरी व घटना में प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा बरामद किया गया। इस संबंध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई।

# औचक निरीक्षण में डॉक्टर समेत पांच स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित, डीएम ने दिए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

### ●ओपीडी प्रविष्टियों की जांच के निर्देश, टीबी केंद्र के कार्मिकों के संबद्धीकरण पर भी जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को किदवई नगर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) और क्षयरोग केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर समेत पांच स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डॉक्टर विवेक सोनकर उपस्थित मिले, जबकि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. स्मिता सिंह अनुपस्थित पाई गई। उपस्थिति पंजिका के परीक्षण में विकास, विकास यादव, अमित कुमार, डॉ. श्रेया सचान और



अमन शुक्ला भी अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि सभी अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर की भी जांच की गई। 27 मार्च की प्रविष्टियों में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. स्मिता सिंह के हस्ताक्षर दर्ज मिले, जबकि जानकारी दी गई कि वह उस दिन प्रशिक्षण में थीं। इस संबंध में जानकारी लेने पर यह तथ्य सामने आया कि मरीजों का विवरण डॉ. विवेक सोनकर द्वारा अंकित किया गया था। जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण की जांच कर एक सप्ताह के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने परिसर में संचालित क्षयरोग केंद्र का निरीक्षण किया। यहां कुल 11 कर्मचारियों में से पांच के अन्यत्र संबद्ध होने की जानकारी पर उन्होंने गंभीर नाराजगी जताई और मुख्य चिकित्साधिकारी से दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया। साथ ही निर्देश दिया कि संबंधित स्टाफ को मूल तैनाती स्थल पर वापस लाया जाए, जिससे मरीजों को समुचित उपचार मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि कोविड काल से पहले टीबी मरीजों को केंद्र में भर्ती कर उपचार दिया जाता था, जो वर्तमान में बंद है। इस पर उन्होंने भर्ती वार्ड व्यवस्था दोबारा शुरू करने और आवश्यक सुविधाएं बहाल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित अनुश्रवण किया जाए और जहां भी कमी या अनियमितता मिले, उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## राजस्व लक्ष्य पूरा करने के लिए रविवार को भी खुलेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित स्टाम्प राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रशासन ने विशेष पहल की है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन यादवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि जनपद के लिए रूपये 24100 लाख का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित है, जिसके सापेक्ष फरवरी तक केवल रूपये 19489.37 लाख की ही प्राप्ति हो सकी है। यह निर्धारित लक्ष्य का 80.86 प्रतिशत है, जो अपेक्षाकृत कम है। राजस्व लक्ष्य और प्राप्ति के बीच अंतर को देखते हुए मार्च माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार आज 29 मार्च रविवार को अवकाश के दिन भी जनपद के सभी उप-निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे और सामान्य कार्य दिवसों की भांति विलेख पंजीकरण का कार्य किया जाएगा।

## प्रेमिका के लिए वीरू बना आशिक... टावर पर चढ़ा, बोला- वह प्रेमिका से शादी करेगा तभी नीचे उतरूंगा... ' : घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के इटवा थाना क्षेत्र में सिरफिरा आशिक टावर पर चढ़ गया और अपनी प्रेमिका का नाम लेकर उसे बुलाने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर इटवा थाना की पुलिस भी पहुंच गई। इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम डिफोरिया में शनिवार की सुबह हड़कंप मच गया, जब एक युवक प्रेम प्रपंच में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान जितेंद्र निवासी डिफोरिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह सुबह करीब 7:00 से 8 बजे के बीच टावर पर चढ़ा और ऊपर से आवाज देकर अपनी प्रेमिका को बुलाने और उसे शादी करने की मांग कर रहा था। इटवा थाना क्षेत्र के डिफोरिया में सुबह एक युवक टॉवर पर चढ़ गया। वह टॉवर की सबसे टॉप वाले प्वाइंट पर पहुंच कर अपनी प्रेमिका को बुलाने और उससे शादी करने की जिद करने लगा।



### सूचना पर प्रशासन और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची

एसडीएम कुणाल, सीओ प्रवीन प्रकाश व प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे, और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटे। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। काफी समझाने-बुझाने के बाद भी युवक नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ है। वह लगातार अपनी प्रेमिका को बुला रहा था। प्रशासन लगातार बातचीत कर स्थिति पर काबू पाया और युवक को टावर से नीचे उतरवाया।

## उसका बाजार में नामित सभासदो को दिलाई गई शपथ



**सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत उसका बाजार के सभागार में शनिवार को शासन द्वारा नामित तीन सभासदों को क्रमशः पवन कुमार जायसवाल, दिलीप सिंह और सावित्री देवी पत्नी नंदलाल गौड़ को एसडीएम सदर कल्याण सिंह मौर्य ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नामित सभासदों को सांसद जगदंबिका पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मौर्य, चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल आदि ने माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया है।

# सजेती के सिधौल गांव में आस्था की हरियाली, निकलें जवारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के गांव सिधौल में नवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों के द्रारा बड़े ही धूमधाम से निकालें गए जवारे, बस्ती के ही दिनेश शुक्ला के दरवाजे से उठकर सीधे मारकाडेयश्वर महादेव मंदिर परिसर में मां काली शक्ति पीठ देवी मंदिर और,,दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना करने बाद माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया, मौके पर निवेली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनुराग सिंह अपने फोर्स के साथ पुलिस बल तैनात रहा,, डॉ छुन्नू लाल शुक्ला ने बताया कि दो दशक से गांव में जवारे निकालें जा रहें हैं,,इसकी शुरुआत शिव सहाय प्रजापति और राम आसरे सचान ने शुरुआत की,जो आज भी जवारे निकालने का काम चल रहा है,,जो आज बड़े धूमधाम से जवारे का मेला मनाया जा रहा है,, यहां युवतियां अपने सिर पर आस्था की हरियाली रखकर मां काली शक्ति पीठ मंदिर तक जातीं हैं,, वहीं युवक



अपने मुंह पर सांग लगवाते हैं, और लगवाने के बाद काली शक्ति पीठ मंदिर पर पहुंच कर सांग को उतरवा कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, आपको बताते चलें कि जवारे सिधौल गांव के दिनेश शुक्ला के दरवाजे से उठकर मारकाडेश्वर मंदिर से होते हुए मां काली शक्ति पीठ मंदिर पर जाकर समाप्त होते हैं,,जवारे की शोभायात्रा मेले जैसा नजारा देखने को मिलता है जिसे आसपास के गांवों के लोग मेला देखने आते हैं, महेश यादव बताते हैं कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जवारे का मेला धूमधाम से मनाया गया हैं,मेले की सुरक्षा व्यवस्था की कमान निवेली चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनुराग सिंह अपने फोर्स के बराबर तैनात रहे।

# अभ्यर्थी इलेक्ट्रीशियन एवं साड़ियों की कढ़ाई व छपाई ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु आज तक करें आवेदन

### ●प्रशिक्षण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 30 मार्च को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग साहब सरन ने बताया है कि सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजनान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों में औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से व्यवहारिक सामूहिक प्रशिक्षण योजना वर्ष 2025-26 (एक माह सैद्धान्तिक तीन माह व्यवहारिक) में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। उन्होने बताया है कि स्थानीय आवश्यकता को देखते रखते हुए पुरुष अभ्यर्थियों से इलेक्ट्रीशियन एवं महिला अभ्यर्थियों से साड़ियों की कढ़ाई व छपाई ट्रेड में प्रशिक्षण हेतु आवेदन-पत्र ऑनलाइन वेबसाइट www.diupmsme.upsdc.gov.in आज 29 मार्च तक कर सकते है। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल हो। ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ फोटो, हस्ताक्षरी नमूना, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की छायाप्रति, आयु व जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। इस प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थी को निर्धारित मानदेय भी प्रदान किया जायेगा। प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष चयन हेतु 30 मार्च सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रतापगढ़ में साक्षात्कार होगा, जिसमे समस्त अभ्यर्थी अपने मूल अभिलेखों के अनुसार सम्मिलित होगें। प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष लक्ष्य 30 प्रतिशत महिला एवं 05 प्रतिशत दिव्यांगजन के अभ्यर्थियों का चयन किया जाना हैं।

# थाना समाधान दिवस में डीएम एवं एसपी ने थाना देल्हूपुर में सुनीं जनसामस्यायें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने जनसमस्याएं सुनीं। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में शिकायकर्ता पहुंचे और भूमि विवाद, अवैध कब्जा सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए




और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व-पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे और समय-सीमा और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता-विपक्षी पक्ष दोनों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से प्रकरण का समाधान कराया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो।

थाना समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाना देल्हूपुर कार्यालय व परिसर का संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने थाना परिसर के सामने खड़ी जब्त निष्प्रयोज्य वाहनों को अन्य स्थान पर सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए ताकि आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर सीओ रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी उपस्थित रहे।

# बिना पंजीकरण चल रहा गौरव मेडिकल सेंटर सीज, एसडीएम के औचक निरीक्षण में हुई कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** तहसील नर्वल क्षेत्र में बिना पंजीकरण संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को साढ़ क्षेत्र में संचालित गौरव मेडिकल सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें गंभीर अनियमितताएं मिलने पर उसे तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। कार्रवाई उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई। निरीक्षण के दौरान मेडिकल सेंटर पर संचालनकर्ता गौरव मौजूद मिले, जबकि अस्पताल में कोई चिकित्सक या अन्य स्टाफ मौजूद नहीं था। पूछताछ में गौरव ने स्वयं को फार्मासिस्ट



बताया, लेकिन अस्पताल के संचालन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त मेडिकल सेंटर न तो अस्पताल के रूप में पंजीकृत था और न ही मेडिकल स्टोर का लाइसेंस लिया गया था। जबकि मौके पर मरीजों को भर्ती कर ईलाज करने तथा मेडिकल स्टोर संचालन के पुष्ट साक्ष्य मिले।

जांच के दौरान अस्पताल में किसी भी पंजीकृत डॉक्टर की तैनाती नहीं पाई गई। प्रशासनिक टीम ने मौके पर अभिलेखों और व्यवस्थाओं की जांच की, जिसमें बिना वैध अनुमति के चिकित्सा गतिविधियां संचालित किए जाने की आशंका सामने आई। मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए तत्काल कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि बिना पंजीकरण के किसी भी अस्पताल या चिकित्सा संस्थान का संचालन नियमों के विरुद्ध है और इससे आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होता है। ऐसे संस्थानों के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अनियमितता पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# उसका बाजार में क्षेत्र पंचायत की बैठक में 19 करोड़ 96 लाख के बजट को मंजूरी

### ●सांसद जगदंबिका पाल बोले : सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें, जिससे ग्रामीणों को लाभ मिलें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड उसका बाजार के परिसर में स्थित सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख ललावती चौहान की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में कहा विभिन्न विकास कार्यो के लिए आगामी वित्तीय वर्ष 2026 - 27 के लिए सर्वसम्मति से 19 करोड़ 96 लाख रुपए का अनुमानित बजट पास हुआ है।




बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि से शुरू हुई। इसके बाद पशु पालन विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना, समाज कल्याण विभाग, निःशुल्क बोरिंग योजना, राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त आयोग के कार्यों का अनुमोदन एवं कार्ययोजना पर विचार, जी राम जी मनरेगा योजना में ग्राम पंचायत क्षेत्र पंचायत के वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर विचार सहित कुल सोलह बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान संबंधित विभागों के जिम्मेदारों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप सभी लोग मिलकर क्षेत्र पंचायत में विकास कार्य करे जिससे ग्रामीणों को विकास कार्यो का लाभ मिले। ब्लॉक प्रमुख ललावती चौहान ने कहा कि पूरे विकास खंड के सभी वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। विकास से अछूते क्षेत्र के सदस्य अपनी कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराए जिससे वहां भी विकास कार्य हो सके। बैठक में खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, उमेश पटेल,राम सुरेश चौहान, राम भरोस चौहान , एसके पटेल, रणजीत सिंह, राज किशोर शशि आदि लोग रहे मौजूद रहे।

# 16 करोड़ 23 लाख से होगा नपं उसका बाजार का विकास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कार्यालय पर नगर में विकास कार्य को गति देने के लिए शनिवार को बोर्ड की बैठक अध्यक्ष मंजू जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें विकास कार्यों के लिए सर्व सम्मति से 16 करोड़ 23 लाख 50 हजार अर्थात लगभग 16. 23 करोड़ का अनुमानित बजट पारित किया गया। इस पर अध्यक्ष समेत सभासदों ने अपनी सहमति दी।अधिशासी अधिकारी अभिनव श्रीवास्तव ने पूर्व में कराए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने शासन द्वारा नामित सभी तीनों सभासद दिलीप सिंह, पवन जायसवाल, सावित्री देवी को माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ प्रदान का सम्मानित किया। उन्होंने कहा की सभी लोग मिलकर नगर पंचायत का गुणवत्तापूर्ण विकास करे। सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए बजट आवंटित किया जाता है। इससे नगर का सम्पूर्ण विकास किया जाए। सभासदों ने अपने वार्ड में जरुरी कार्यों की सूची भी बैठक के दौरान अध्यक्ष की अनुमति से ईओ को सौंपा, नए कार्यों पर भी चर्चा किया गया।

नगर क्षेत्र में सोलह करोड़ 23 लाख की लागत से सड़क, पथ प्रकाश, पेयजल, नाली-नाला निर्माण, साफ-सफाई आदि होने वाले कार्यों पर भी सहमति बनी। ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष के धनराशि से होने वाले विकास कार्यों पर वार्ड सदस्यों की सहमति मिलने पर प्रस्ताव पास किया गया है। जल्द ही योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा। चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत जायसवाल ने कहा कि यह बैठक जन सुविधाओं को आधुनिक बनाने तथा नगर पंचायत निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की सहूलियत हेतु काफी महत्वपूर्ण है, सबके सहयोग से विकास कराया जाएगा। बैठक में एस पी जायसवाल, अयोध्या शाहू, मयंक पांडेय, राजेश श्रीवास्तव, विभुति अग्रहरि, सूरज मोदनवाल, अनूप सिंह, अंगद साहनी, कल्लू पासवान, विनोद वर्मा, दीपक कुमार आदि रहे।

# गलती से दूसरे खाते में ट्रांसफर हुए 6695 रुपये साइबर टीम ने कराए वापस, पीड़ित ने किया पुलिस की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन /सोनभद्र** -थाना कोन की साइबर टीम ने तत्परता दिखाते हुए गलती से दूसरे खाते में ट्रांसफर हुई धनराशि पीड़ित के खाते में वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार ग्राम खरौंधी निवासी नीरज कुमार पुत्र अमेरिका प्रसाद ने अनजाने में 6695 रुपये किसी अज्ञात बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए थे। पैसे ट्रांसफर होने के बाद जब उन्हें गलती का अहसास हुआ तो उन्होंने थाना कोन में शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के दिशा-निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में थाना कोन साइबर टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। साइबर टीम ने संबंधित बैंक से पत्राचार कर ट्रांसफर हुई धनराशि को होल्ड कराया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराते हुए कुल 6695 रुपये पीड़ित के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दिए। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों एवं साइबर टीम का आभार व्यक्त किया और उनके कार्य की सराहना की। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या गलत ट्रांजेक्शन हो जाए तो तुरंत नजदीकी थाना, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि वापस कराई जा सके।

# मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

### ●महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर जागरूकता को लेकर सोनभद्र पुलिस की प्रभावी पहल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से जागरूकता प्रदान की गई।

इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा OTP साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुल की टूटी रेलिंग से बढ़ा हादसे का खतरा, मरम्मत की मांग तेज



**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र के पास पातियाला बटतला के सामने स्थित एक महत्वपूर्ण पुल की साइड रेलिंग कि हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। पुल की साइड रेलिंग टूट जाने से यहां हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल की रेलिंग हिस्से काफी कमजोर हो चुके हैं। इस मार्ग से रोज़ाना बड़ी संख्या में वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं, जिनमें स्कूल-कॉलेज के छात्र, मरीज, बुजुर्ग और आम नागरिक शामिल हैं। ऐसे में यह स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित लोक निर्माण (PWD) विभाग को सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि अधिकारियों ने केवल औपचारिकता निभाते हुए टूटे हिस्से पर लाल फीता बांध दिया है, जिससे समस्या का समाधान नहीं हो रहा। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और पुल की टूटी रेलिंग की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### दिल्ली के ऐतिहासिक स्मारकों की नींव को मिलेगी मजबूती, पानी से होगा बचाव



**स्मारकों की नींव में पानी जाने से रोका जाएगा।**

**एएसआई दिल्ली के 174 स्मारकों का संरक्षण करेगा।**

**मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था सुधारी जाएगी।**

नई दिल्ली। दिल्ली के सभी ऐतिहासिक गेटों को मजबूती दी जाएगी । इसके लिए इनके संरक्षण कार्य से लेकर इनकी मजबूती बनाए रखने के लिए काम किया जाएगा। जिसके तहत ऐसे गेटों के आसपास जल निकासी का उचित प्रबंध किया जाएगा ताकि उनकी नीव में पानी पहुंचकर इनका नुकसान ना करे। दिल्ली गेट स्मारक से यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। दिल्ली भर में ऐसे स्मारकों की पहचान करी जा रही है, जिनकी नीव में पानी भरता है और बरसाती पानी की निकासी का इंतजाम नहीं है।

**दिल्ली में कितने स्मारक हैं?**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पास दिल्ली में 174 स्मारक हैं। इनमें से कई जर्जर हालत में हैं, इन्हें बचाने के लिए पिछले सालों में भी काम किया गया है। इनमें बेगमपुरी कि वह मस्जिद भी शामिल है जिसकी नीव में कई वर्षों से पानी जा रहा था। कुछ साल पहले इसके चारों ओर बंद पड़ी नालियों को खोलकर पानी की निकासी की व्यवस्था बेहतर की गई है। स्मारक को बचाने के लिए कुछ संरक्षण कार्य भी किया गया है। इसी की तर्ज पर दिल्ली गेट स्मारक में भी पिछले कुछ माह से काम चल रहा है। जिसके तहत स्मारक में जरूरी संरक्षण कार्य पूरा कराया गया है। इसके अलावा नीव में जाने वाले पानी को रोकने के लिए पाइपलाइन डालकर व्यवस्था को इस तरह बनाया जा रहा है। मकसद यह है कि मानसून के दौरान इसकी नीव में पानी न जाए और बाहर निकल जाए। दरअसल यह समस्या एएसआइ के कई स्मारकों में बनी हुई है।

**बरसाती पानी को रोकने का होगा इंतजाम**

एएसआई ने इसे देखते हुए अब उन सभी स्मारकों को लेकर योजना तैयार की गई है। जिसके तहत सभी ऐसे स्मारकों की पहचान कर उनकी नीव में जाने वाले बरसाती पानी को रोकने का इंतजाम किया जाएगा। इस कार्य को मानसून से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही एएसआई ने मानसून से पहले सभी स्मारकों में जल निकासी सहित उन सभी इंतजाम को बेहतर करने का निर्देश दिया है कि जिन में जल निकासी या बरसाती जल निकासी को लेकर कुछ अड़चन है। एएसआइ के पूर्व अधिकारी कहते हैं कि स्मारकों को बचाने के लिए संरक्षण कार्य के साथ-साथ उनकी नीव को बचाना भी जरूरी है। मानसून के दौरान पानी नीव में इकट्ठा होता है जो कहीं ना कहीं स्मारकों को नुकसान पहुंचाने का काम करता है।

# डेटिंग ऐप के जरिए अपहरण और लूट का खुलासा: 5 आरोपी गिरफ्तार

**● कालकाजी क्षेत्र में हुई वारदात को पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझाया, दो कारें और मोबाइल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर




**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने कालकाजी थाना क्षेत्र में हुए अपहरण व लूट के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई दो कारें, पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं और आरोपियों के बैंक खातों में हुई लेनदेन की जानकारी भी खंगाली है।पुलिस के अनुसार, 25 मार्च 2026 को पीड़ित अनुरूप नारूला को एक डेटिंग ऐप '3स्न' के जरिए 'स्द्धद्गह्ल्ह्4' नाम की प्रोफाइल से संपर्क किया गया। मुलाकात के लिए उसे नेहरू प्लेस बुलाया गया, जहां पहुंचने पर महिला के साथ मौजूद तीन युवकों ने उस पर हमला कर उसे जबरन एक कार में बैठा लिया। आरोपियों ने पीड़ित को गला दबाकर बेहोश कर दिया और डराकर उससे करीब 7 लाख रुपये यूपीआई, एटीएम और क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे धमकी देकर नेहरू प्लेस इलाके में ही छोड़ दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठन किया। इस टीम का नेतृत्व निरीक्षक आर.एस. डागर ने किया और इसमें कई अनुभवी अधिकारियों को शामिल किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर ), ओएसआईएनटी इनपुट, एएनपीआर और फास्टैग डेटा का विश्लेषण किया, जिसके आधार पर संदिग्ध वाहनों और आरोपियों की पहचान की गई।इसके बाद पुलिस ने एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी ऋषभ राघव को एक कार सहित पकड़ा गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर अन्य आरोपी–नबोजीत डे, संजय उर्फ जॉय और हरलीन कौर उर्फ जेनी को मालवीय नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनके साथ ही एक अन्य आरोपी साहिल चौहान को भी हिरासत में लिया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हरलीन कौर डेटिंग ऐप के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाती थी। तय समय और स्थान पर मिलने के लिए बुलाने के बाद उसके साथी मिलकर पीड़ितों को लूटते थे। यह गैंग सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देता था।

गिरफ्तार आरोपियों में नबोजीत डे जिम ट्रेनर है, जबकि उसका भाई संजय वेटरनरी डिप्लोमा कर रहा है। ऋषभ पेशे से कैब ड्राइवर है और हरलीन कौर मुख्य रूप से इस गिरोह में लोगों को फंसाने का काम करती थी। सभी आरोपियों का अब तक कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य संभावित पीड़ितों तथा नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। इस कार्रवाई से पुलिस ने एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर सतर्क रहने की सलाह दी।

## भारत का 5000 टन डीजल पहुंचा बांग्लादेश, गदगद हुए तारिक रहमान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर साफ दिखाई देने लगा है। जहां ग्लोबल ऑयल सप्लाई में आई रुकावटों के चलते दुनिया के कई देशों की मुश्किलें बढ़ गई और इस समय भारत का पड़ोसी देश बांग्लादेश भी गंभीर ईंधन संकट का सामना कर रहा है और ऐसे मुश्किल हालात में बांग्लादेश की मदद के लिए भारत ने आगे बढ़कर कदम उठाया। दरअसल खबर सामने आई है कि भारत ने बांग्लादेश को 5000 टन डीजल की अतिरिक्त आपूर्ति भेजी है। इसके साथ ही हाल के दिनों में भारत से बांग्लादेश को कुल 15,000 टन डीजल पहुंचाया जा चुका है। बांग्लादेश को जा रही आपूर्ति आसाम में स्थित नुमालीगढ़ रिफाइनरी से भारत बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए की जा रही है जो सीधे बांग्लादेश के पार्वतीपुर डिपो तक डीजल पहुंचाती है। सूत्रों के मुताबिक भारत की ओर से यह आपूर्ति यहीं नहीं रुकने वाली बल्कि 28 मार्च को भी 6000 टन और डीजल भेजा जाएगा। वहीं अप्रैल महीने के लिए भारत ने 400 टन डीजल सप्लाई करने का प्रस्ताव बांग्लादेश को दिया जिसे बांग्लादेश ने मंजूर कर लिया है। माना जा रहा है कि इससे बांग्लादेश के बिजली उत्पादन और परिवहन व्यवस्था पर पड़े भारी दबाव को काफी हद तक कम किया जाएगा। दरअसल बांग्लादेश की सालाना डीजल मांग लगभग 40 लाख टन है और यह पूरी तरह आयात पर निर्भर है। ऐसे में वैश्विक संकट का सीधा असर उनकी अर्थव्यवस्था पर और आम जनजीवन पर पड़ा है। अब भारत की ओर से लिए गए इस कदम के कई अहम मायने सामने आ रहे हैं। जहां साल 2024 में बांग्लादेश में आए राजनीतिक बदलाव के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंधों को बेहद खराब दौर से गुजरना पड़ा है।

दोनों देशों के बीच कई ऊर्जा समझौतों की समीक्षा कर दी गई थी और कुछ परियोजनाएं बिल्कुल ठप पड़ गई थी। लेकिन हाल ही में हुए चुनाव और सत्ता परिवर्तन के बाद वापस से हालात बदलते हुए नजर आ रहे हैं। जहां नई सरकार के साथ भारत के संबंध में सुधार के संकेत मिल रहे हैं और मौजूदा डीजल की आपूर्ति को दोनों देशों के बीच फिर से मजबूत होते हुए सहयोग और भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच यह पहल ना केवल बांग्लादेश के लिए राहत की खबर है बल्कि क्षेत्ररता और सहयोग को भी मजबूत करने की एक खबर है। भारत हमेशा से ही अपने पड़ोसियों की मदद करता आ रहा है और संकट की स्थिति में भारत का ये कदम पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए उठाया गया कदम माना जा रहा है। फिलहाल सभी की नजरें आने वाले महीनों पर टिकी है। जहां यह देखना अहम होगा कि भारत और बांग्लादेश के बीच का सहयोग किस दिशा में आगे बढ़ता है। वहां की नई सरकार के आने के बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध किस दिशा में जाते हैं।

## दिल्ली में डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद, नाबालिग की चाकू मारकर हत्या

**बाहरी दिल्ली।** दिल्ली के रानी बाग इलाके में शुक्रवार की देर रात एक शादी समारोह के दौरान गाना बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। चाकूबाजी की इस घटना में साढ़े 17 वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कुछ नाबालिगों समेत सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात शादी समारोह में दो पक्षों के युवकों के बीच अपनी-अपनी पसंद का गाना डीजे पर चलाने को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया।

**सीने में लगे चाकू से घायल हुआ फिर अस्पताल में तोड़ा दम**

हमले में नाबालिग के सीने में चाकू लगा, जबकि उसके साथी सनी को कमर के नीचे चोट आई। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एसीपी, एसएचओ और क्राइम टीम मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की गई।

**रोहिणी के रहने वाले हैं मृतक**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक और घायल युवक रोहिणी के नाहरपुर इलाके के रहने वाले हैं। मृतक मोटर मैकेनिक का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देर रात तक चली छापेमारी में कुछ नाबालिगों समेत सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फरार अन्य आरोपितों का पुलिस पता लगा रही है।

## जिला वृक्षारोपण,पर्यावरण, गंगा समिति की बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न

**● जैविक खेती व गंगा संरक्षण पर अधिकारियों को मिले निर्देश**

**● समीक्षा बैठक में पर्यावरण संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता पर जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** 28 मार्च 2026:-जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति,गंगा समिति, प्रदूषण ,पर्यावरण के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जब पर्यावरण सुरक्षित होगा, तभी हम लोग भी सुरक्षित होंगे, जो पेड़ लगाये गये है उन पेड़ों का बचाव का प्रयास हम करेंगे संकल्प लें। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण करने हेतु दिए गए प्रारूप में डाटा फीड कर उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। पौधों के रखरखाव एवं अन्य बिंदुओं पर बल दिया गया।

जिला पर्यावरण समिति के अंतर्गत जनपद में उत्पन्न हो रहे गीला कचरा के उपचार हेतु उपलब्ध वेट कंपोस्टिंग पिट की कार्यात्मक स्थिति की समीक्षा की गई। जनपद में उत्पन्न हो रहे प्लास्टिक अपशिष्टों को रिसायकल एवं प्रबन्धन (सड़क निर्माण, ऊर्जा निर्माण इत्यादि में) हेतु की जा रही कार्यवाही की गयी। समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में ठोस अपशिष्ट ट्रांसफर स्टेशन, डम्पिंग साईट क्षमता एवं कार्यात्मक स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट पर बल दिया गया। जनपद में उत्पन्न हो रहे कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिमालिशन वेस्ट के उचित निस्तारण एवं प्रबन्धन हेतु की जा रही कार्यवाही की गयी। जनपद में उत्पन्न हो रहे ठोस अपशिष्ट के उपचार एवं वैज्ञानिक प्रबन्धन (वेस्ट टू कम्पोस्ट एवं वेस्ट टू एनर्जी) हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी। जनपद में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के फण्टलाईन स्टाफ के कार्यात्मक क्षमता की अभिवृद्धि हेतु किये जा रहे कार्यक्रमों पर जोर दिया गया। जनपद में प्रवाहित हो रहे नालों की टैपिंग हेतु की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

जिला गंगा समिति के अन्तर्गत गंगा किनारे स्थित शव दाह गृह का संचालन विद्युत से किया जाय जिससे नदियों को प्रदूषित होने से बचाया जा सकें। गंगा ग्रामों में किसानो को जैविक खेती हेतु प्रेरित किया जाय तथा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति आम जनमानस में जन जागरूकता हेतु अभियान चलाया जाय। जनपद में संचालित समस्त डाईग प्लान्ट से निसृत हो रहें तरल अपशिष्ट की गुणवत्ता की जांच की जाय साथ ही गुणवत्ता मानक अनुरूप न होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायें। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पे बढ़ते खतरे के जनपदवासियों को जागरूक करते हुए सीडीओ ने जनपदवासियों से कपड़े वाले थैले या बायोडिग्रेबल थैले में समान लेने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी विवेक यादव, एसीएमओ डॉ ओपी शुक्ला, डीआईओ डॉ पंकज कुमार एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण, संभ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

## पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर में अर्थमूवर से कुचलकर युवक की मौत, ड्राइवर गिरफ्तार



**पूर्वी दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर इलाके में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक युवक की अर्थमूवर से कुचलकर मौत हो गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, 34 साल का हुसैन सुबह 7:00 बजे अपने काम पर जाने के लिए घर से निकला था तभी शकूरपुर इलाके में एक अर्थमूवर ने उसे कुचल दिया। उसके बाद भागने की कोशिश करने लगा। इस दौरान आगे जाकर एक गाड़ी को भी टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ड्राइवर को पब्लिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। उत्तरी पश्चिमी जिला के सुभाष प्लेस थाना क्षेत्र में आज सुबह 7 बजे की है। पुलिस ने अर्थमूवर जब्त कर आरोपित चालक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक हुसैन के परिवार में पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। मजदूरी करके पूरी परिवार का गुजारा करते थे। आज सुबह वह अपने घर से काम पर जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार अर्थमूवर ने उन्हें टक्कर मार दी। परिवार में अकेला कमाने वाला था। इस हादसे के बाद से पत्नी ममता का रो रोकर बुरा हाल है। आरोपित के खिलाफ सख्त सजा की मांग कर रही है।

## क्षेत्र पंचायत शोहरतगढ़ की बैठक में विकास कार्यों के लिए 25.75 करोड़ का बजट पास




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** ब्लाक शोहरतगढ़ परिसर में शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक ब्लाक प्रमुख प्रीती यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें में सर्वसम्मति से अगले वित्तीय वर्ष 2026- 27 में विकास कार्यों के लिए 25.75 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्य क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधानों ने विकास कार्य के लिए क्षेत्र के विकास कार्य के लिए प्रस्ताव भी दिए। बीडीओ चंद्रभूषण तिवारी ने पूर्व की कार्यवाही व विकास कार्यो के बारे में चर्चा सदन के समक्ष किया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं की जानकारी सदन में रखी।

ब्लॉक प्रमुख शोहरतगढ़ प्रीति यादव ने कहा कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने क्षेत्र से संबंधित कार्यो संबंधित प्रस्ताव को समय से उपलब्ध करा दें ताकि कार्य योजनाओं में सम्मिलित कर विचार किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये अनवरत प्रयास किये जा रहे हैं। आवश्यकता अनुसार क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्य को गति प्रदान किया गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं जन समुदाय के सहयोग से अन्य जरूरी शेष कार्यो को भी पूरा कराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जनता की ओर से चुने गए सभी जनप्रतिनिधि व शासन के सभी अधिकारी और कर्मचारी जब मिलकर काम करँगे, तभी गांव व क्षेत्र का बेहतर विकास होना संभव है। ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों के द्वारा विकास कार्य में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख ने यह भी कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में जिन विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति नहीं रही है , उनके खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र देकर आवश्यक कार्यवाही के लिये अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम को प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम , प्रमुख प्रतिनिधि अमित यादव, विक्रम यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभाग से जुड़ी योजनाओं व उनकी प्रगति के बारे में सदन में चर्चा किया। इस दौरान सूर्यप्रकाश पांडेय, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, शिवशंकर चौधरी, राजीव सिंह, मोहनलाल, मुस्ताक अहमद, सुनील सिंह, मंजू, संजय पटेल, रामदास, सुभाष यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## ड्रग सिंडिकेट पर बड़ी कार्रवाई: साउथ-ईस्ट जिले की एएनएस टीम ने 10 लाख की एमडी के साथ दो तस्करों को दबोचा

**● गुरुद्वारा रोड तैमूर नगर में घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी, सप्लाई चेन की जांच जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** 28 मार्च। नशा मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड (एऐनएस) ने संगठित ड्रग सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक सुनियोजित ऑपरेशन के तहत 99.25 ग्राम मेफेड्रोन ( एमडी) बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। इस कार्रवाई को ड्रग तस्करी के नेटवर्क पर करारा प्रहार माना जा रहा है।पुलिस के अनुसार, एएनएस टीम को 27 मार्च 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि तैमूर नगर इलाके में ड्रग्स की बड़ी खेप पहुंचाई जाने वाली है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर विष्णु दत्त के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें कई अनुभवी पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुरुद्वारा रोड स्थित एसपीए गेट नंबर-1 के पास घेराबंदी कर दी और संदिग्ध वाहनों पर नजर रखना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में एक मारुति एक्सएल-6 कार और एक टीवीएस एनटॉर्क स्कूटी को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर दोनों वाहनों में सवार आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन सतर्क टीम ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 99.25 ग्राम एमडी बरामद हुई। पूरी कार्रवाई को पारदर्शिता बनाए रखने के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दस्तावेजित किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कार्तिक मिश्रा (30) निवासी तैमूर नगर और विशाल (20) निवासी गोविंदपुरी के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि कार्तिक मिश्रा इस पूरे ड्रग नेटवर्क का मुख्य संचालक है और वह कालकाजी क्षेत्र में 'ईगल आई कैफे' नाम से एक कैफे चलाता है। वहीं विशाल उसका करीबी सहयोगी है, जो ड्रग्स की सप्लाई और ट्रांसपोर्टेशन का काम संभालता था।




पुलिस ने बताया कि इस मामले में थाना न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी पहले किसी आपराधिक मामले में शामिल नहीं रहे हैं, लेकिन ड्रग्स के इस नेटवर्क से जुड़कर उन्होंने अवैध गतिविधियों में कदम रखा।एएनएस टीम अब इस पूरे नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने के लिए लगातार छापेमारी और पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि ड्रग्स की सप्लाई कहां से हो रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी गहन जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि इस गिरफ्तारी से राजधानी में सक्रिय ड्रग सिंडिकेट की कमर तोड़ने में मदद मिलेगी।पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और समाज को इस खतरे से मुक्त करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

## जिले केमहादेवा में गूंजेगा 'राम नाम महामंत्र', 28 मार्च से पांच दिवसीय भव्य आयोजन

**● सनातन धर्म की अलग जगाने के लिए राम नाम कथा का शुभारंभ जिसके मुख्य वक्ता अवधेश जी महाराज के मुखारविंद से राम नाम का होगा आगाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास क्षेत्र बनकटी के महादेवा चौराहे पर पहली बार 'राम नाम महामंत्र' के विशाल धार्मिक आयोजन का भव्य शुभारंभ 28 मार्च से होने जा रहा है। पांच दिवसीय संगीतमय कथा एवं सवा करोड़ श्रीराम नाम जप का यह आयोजन राष्ट्रीय संत अवधेश जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम 28 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अयोध्या धाम से आए संत-महात्माओं द्वारा संगीतमय राम कथा का वाचन किया जाएगा तथा अखंड कीर्तन और राम नाम जप का क्रम लगातार चलता रहेगा।

कार्यक्रम का समापन 2 अप्रैल 2026 को भंडारे के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 'राम नाम महामंत्र' (रघुनंदन राघव राम हरे सियाराम हरे) के जप में सहभागी बनें और कम से कम दो से चार घंटे का समय देकर पुण्य लाभ अर्जित करें।



इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों को आयोजक, संयोजक एवं व्यवस्था समिति में शामिल किया गया है। आयोजन स्थल राम मड़ैया, सूर्या क्लीनिक महादेवा में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कार्यक्रम को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## आरसीबी बनाम एसआरएच: आईपीएल 2026 के पहले मैच में काली पट्टी पहनकर उतरी आरसीबी और हैदराबाद टीम

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का आज, 28 मार्च से आगाज हो गया है। पहले मैच में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से हो रहा है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। ऐसे में ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी है। मुकाबले में आरसीबी और हैदराबाद के प्लेयर काली पट्टी पहनकर मैदान पर उतरे हैं। ऐसे में सभी के मन में सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ।

**11 लोगों की गई थी जान**

आरसीबी ने 17 साल का सूखा खत्म करते हुए आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया था। पिछले सीजन के फाइनल में आरसीबी ने पंजाब किंग्?स को मात दी थी। इसके बाद बेंगलुरु में विक्ट्री परेड हुई थी, इस दौरान हुई भगदड़ में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।

इन 11 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए आरसीबी और हैदराबाद के सभी प्?लेयर आज अपनी बांह पर ब्लैक आर्मबैंड पहनकर मैदान में उतरे हैं। इतना ही नहीं मैच से पहले उन 11 फैंस को श्रद्धांजलि दी गई। उनके लिए 1 मिनट का मौन भी रखा गया। बीसीसीआई ने ओपनिंग सेरेमनी भी नहीं करने का फैसला लिया।

**सनराइजर्स हैदराबाद की प्लेइंग इलेवन**

अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर/कप्तान), हेनरिक क्लासेन, अनिकेत वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, सलिल अरोड़ा, हर्ष दुबे, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेइंग इलेवन**

विराट कोहली, फिलिप सॉल्ट, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह, जैकब डफी, सुयश शर्मा।



इम्पैक्ट प्लेयर

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** देवदत्त पडिक्कल, जैकब बेथेल, रसिख सलाम डार, कनिष्क चौहान, वेंकटेश अय्यर।

**सनराइजर्स हैदराबाद:** शिवांग कुमार, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड पायने, स्मरण रविचंद्रन, साकिब हुसैन।